राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 भारतीय टीम को लगा झटका...

चिराग ने पीएम को लिखा पत्र... 12

वर्ष : 11 | अंक : 251 | पटना, मंगलवार, 23 जनवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 15°C
न्यूनतम तापमान 09°C

**बाजार**

सोना 64,070

चांदी 78,600

सेंसेक्स 71,423

निफ्टी 21,571

# सूर्यवंशी रघुकुल नंदन भव्य मंदिर में पधारे, मंगल ध्वनि से हुआ सत्कार

प्रात : किरण

अयोध्या/एजेंसी। अयोध्या में आखिर रामलला विराजमान हो गए। करीब 500 वर्षों तक सनातन धमार्लंबियों के धैर्य, संयम और तप की परीक्षा लेने के बाद सूर्यवंशी रघुकुल नंदन भगवान श्रीराम पौष मास की द्वादिशी को अभिजीत मुहुर्त में अपने नये मंदिर में पधारे जिनका सत्कार मंगल ध्वनि और भीगी पलकों से देश दुनिया में फैले करोड़ों श्रद्धालुओं ने किया। श्रीरामजन्मभूमि पर नवनिर्मित मंदिर की छटा देखते ही बनती थी जब दोनो हाथों में चांदी का छत्र लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश किया और वैदिक आचार्य सुनील शास्त्री की अगुवाई में 121 प्रकांड विद्वानो ने उनसे संजीवनी योग में मंत्रोच्चार के बीच श्याम वर्ण रामलला की किशोरावस्था प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को पूर्ण कराया। अभिजीत मुहुर्त दोपहर 12 बजकर 29 मिनट से शुरू होकर 84 सेकेंड तक का था जिसके पूरा होने के साथ ही मंदिर प्रांगढ़ जय श्रीराम के उदघोष से गूंज उठा और विभिन्न वाद्ययंत्रों से बधाई गीत के मधुर सुरों ने वातावरण को भक्तिमय मिठास घोल दी। इसके साथ ही आसमान से मंदिर प्रांगढ में पुष्प वर्षा की जाने लगी। श्रीरामलला के बाल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही स्वर्ण सिंहासन पर विराजमान 1949 से पूजित रामलला की प्रतिमाओ का पूजन श्री मोदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया। गर्भ गृह में श्री मोदी के साथ राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ



प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद थे वहीं इस दिव्य क्षण का साक्षी बनने मंदिर प्रांगढ़ में कई अजीम हस्तियां उपस्थति थीं। अयोध्या नगरी पिछले तीन दिनो से कोहरे और भयंकर शीतलहर की चपेट में थी मगर आज प्राण प्रतिष्ठा समारोह से ठीक पहले सूर्यदेव ने बादलों की ओट से झांक कर प्रभु श्रीराम के दर्शन किये जबकि बाद में चटक धूप ने सूर्यवंशी राजा राम का स्वागत नये भवन में किया। इससे पहले श्रीरामजन्मभूमि तीर्थक्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने मंदिर निर्माण में लगे शिल्पकारों के प्रति आभार व्यक्त किया और मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सहयोग एवं उपहार देने वाली संस्थाओं और महानुभावों के प्रति कृतज्ञता का इजहार किया।

## मोदी, भागवत और योगी बने यजमान

अयोध्या। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हो गई है। रामलला राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान हो गए हैं। प्राण-प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को दोपहर में मंदिर के गर्भगृह में पहुंचे और अनुष्ठान शुरू किए। नवनिर्मित राम मंदिर के मुख्य द्वार से अंदर तक मोदी पैदल चलकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे और गर्भगृह में प्रवेश किया। गर्भगृह में मोदी ने पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच अनुष्ठान शुरू किया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें दंडवत प्रणाम किया। पीएम मोदी ने साष्टांग प्रणाम के बाद परिक्रमा भी की। इसके बाद मंदिर का भ्रमण किया। राममंदिर के शिलान्यास की नींव रखने वाले कामेश्वर चौपाल से प्रधानमंत्री ने मंदिर के भीतर मुलाकात की। उनकी पीठ थपथपाई। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में पीएम नरेंद्र मोदी, संघ प्रमुख भागवत और सीएम योगी यजमान बने। इससे पहले जब पीएम नरेंद्र मोदी ने मंदर में प्रवेश किया तो वह चांदी का छत्र लेकर राम मंदिर के गर्भगृह में पहुंचे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर में साधुओं से आशीर्वाद लिया। जिसके बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्रधानमंत्री मोदी को अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट की।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री ने की सूर्योदय योजना की घोषणा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से दिल्ली लौटते ही ह्यप्रधानमंत्री सूर्योदय योजना शुरू करने की घोषणा की। योजना के तहत सरकार ने 1 करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर लगाने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने रूफटॉप सोलर के साथ कुछ तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, सूर्यवंशी भगवान श्री राम के आलोक से विश्व के सभी भक्तगण सदैव ऊर्जा प्राप्त करते हैं। आज अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मेरा ये संकल्प और प्रशस्त हुआ कि भारतवासियों के घर की छत पर उनका अपना सोलर रूफ टॉप सिस्टम हो। उन्होंने कहा कि अयोध्या से लौटने के बाद मैंने पहला निर्णय लिया है कि हमारी सरकार 1 करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर लगाने के लक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना प्रारंभ करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली बिल तो कम होगा ही, साथ ही भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा।

### 29 जनवरी को राहुल की यात्रा करेगी बिहार में प्रवेश

पटना। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बिहार मीडिया कमिटी के चेयरमैन प्रेमचन्द्र मिश्रा ने न्याय यात्रा के बारे में खुलासा करते हुए कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 29 जनवरी को बिहार में प्रवेश करेगी। किशनगंज के रास्ते प्रवेश करने वाली यात्रा 30 जनवरी, को पूर्णियाँ पहुंचेगी जहां राहुल गांधी एक विशाल रैली को सम्बोधित करेंगे। इसके बाद 31 जनवरी को कटिहार में रैली होगी और 1 फरवरी को अररिया होते हुए यात्रा झारखंड में प्रवेश कर जायेगी। उनके माताविक, दो चरणों में होने वाली यह यात्रा बिहार के 7 जिलों से गुजरेगी और कुल 425 किमी की दूरी तय करेगी। पहले चरण में किशनगंज, पूर्णियाँ, कटिहार और अररिया से गुजरेगी। दूसरे चरण में औरंगाबाद, कैमूर और सासाराम से होते हुए उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर जायेगी। मिश्रा ने बताया कि पूर्णियाँ में होने वाली सभा में नीतीश कुमार शामिल होंगे।

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद बोलें पीएम - सियावर रामचंद्र की जय! आज हमारे राम आ गए हैं

# रामलला अब टेंट में नहीं, दिव्य मंदिर में रहेंगे : मोदी

● पीएम ने कहा - मैं प्रभु श्रीराम से आज क्षमा याचना करता हूं

प्रात : किरण

अयोध्या/एजेंसी। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हो गई है। 500 वर्षों से अधिक का इंतजार खत्म हो गया है। रामलला राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान हो गए हैं। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सियावर रामचंद्र की जय के साथ संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि आज हमारे राम आ गए हैं। सदियों की प्रतिक्षा के बाद हमारे राम आ गए हैं। सदियों का अभूतपूर्व धैर्य, अनगिनत बलिदान, त्याग और तपस्या के बाद हमारे प्रभु राम आ गए हैं। इस शुभ घड़ी की आप सभी को, समस्त देशवासियों को बधाई। मैं गर्भ गृह में ईश्वरीय चेतना का साक्षी बनकर आपके सामने उपस्थित हुआ हूं। कितना कुछ कहने को है, लेकिन कंठ अवरूद्ध है, शरीर स्पंदित है, चित्त अभी भी उस पल में लीन है। हमारे रामलला अब टेंट में नहीं रहेंगे। हमारे रामलला अब दिव्य मंदिर में रहेंगे। मेरा पक्का विश्वास है, अपार श्रद्धा है, जो घटित हुआ है, इसकी अनुभूति देश और विश्व के



कोने-कोने में राम भक्तों को हो रही होगी। यह क्षण आलौकिक है। यह पल पवित्रतम है। यह माहौल, वातावरण, यह घड़ी, प्रभु श्रीराम का हम सब पर आशीर्वाद है।

**न्याय के पर्याय श्रीराम का मंदिर भी न्यायबद्ध तरीके से बना:** पीएम मोदी ने कहा कि दैवीय आशीर्वाद और दिव्य आत्माओं की वजह से यह कार्य पूरा हुआ है। मैं इन सभी दिव्य चेतनाओं को भी नमन करता हूं। मैं आज प्रभु श्रीराम से क्षमा याचना भी करता हूं। हमारे पुरुषार्थ, हमारे त्याग, तपस्या में कुछ तो कमी रह गई होगी कि हम इतनी सदियों तक ये कार्य कर नहीं पाए। आज वो कमी पूरी हुई है। मुझे विश्वास है कि प्रभु राम आज हमें अवश्य क्षमा करेंगे।

लंबे वियोग से आई आपत्ति का अंत हो गया। त्रेता युग में तो वह वियोग केवल 14 वर्षों का था, तब भी इतना असह्य था। इस युग में तो अयोध्या और देशवासियों ने सैकड़ों वर्षों का वियोग सहा है। हमारी कई-कई पीढ़ियों ने वियोग सहा है। भारत के तो संविधान की पहली प्रति में भगवान राम विराजमान है। संविधान के अस्तित्व में आने के बाद भी दशकों तक प्रभु राम के अस्तित्व को लेकर कानूनी लड़ाई चली। मैं भारत की न्यायपालिका का आभार व्यक्त करूंगा, जिसने न्याय की लाज रख ली। न्याय के पर्याय प्रभु राम का मंदिर भी न्यायबद्ध तरीके से ही बना। **लंबे वियोग से आई आपत्ति का अंत हो गया:** पीएम मोदी ने कहा कि दैवीय आशीर्वाद और दिव्य आत्माओं की वजह से यह कार्य पूरा हुआ है। मैं इन सभी दिव्य चेतनाओं को भी नमन करता हूं। मैं आज प्रभु श्रीराम से क्षमा याचना भी करता हूं। हमारे पुरुषार्थ, हमारे त्याग, तपस्या में कुछ तो कमी रह गई होगी कि हम इतनी सदियों तक ये कार्य कर नहीं पाए। आज वो कमी पूरी हुई है। मुझे विश्वास है कि प्रभु राम आज हमें अवश्य क्षमा करेंगे। लंबे वियोग से आई आपत्ति का अंत हो गया। त्रेता युग में तो वह वियोग केवल 14 वर्षों का था, तब भी इतना असह्य था। इस युग में तो अयोध्या और देशवासियों ने सैकड़ों वर्षों का वियोग सहा है। हमारी कई-कई पीढ़ियों ने वियोग सहा है। भारत के तो संविधान की पहली प्रति में भगवान राम विराजमान है। संविधान के अस्तित्व में आने के बाद भी दशकों तक प्रभु राम के अस्तित्व को लेकर कानूनी लड़ाई चली। मैं भारत की न्यायपालिका का आभार व्यक्त करूंगा, जिसने न्याय की लाज रख ली। न्याय के पर्याय प्रभु राम का मंदिर भी न्यायबद्ध तरीके से ही बना।

**ऐसे ही नव इतिहास का सृजन करता है: पीएम-** पीएम मोदी ने कहा कि गुलामी की मानसिकता को तोड़कर उठ खड़ा हुआ राष्ट्र ऐसे ही नव इतिहास का सृजन करता है। आज से हजार साल बाद भी आज की इस तारीख और पल की चर्चा करेंगे। यह कितनी बड़ी रामकृपा है कि हम सब इस पल को जी रहे हैं, इसे साक्षात घटित हो रहे हैं। आज दिन-दिशाएं, दिग-दिगंत, सब दिव्यता से परिपूर्ण हैं। ये समय सामान्य नहीं है, यह काल के चक्र पर सर्वकालिक स्याही से अंकित हो रही अमिट स्मृति रेखाएं हैं। साथियों हम सब जानते हैं कि जहां राम का काम होता है, वहां पवन पुत्र हनुमान अवश्य विराजमान होते हैं। इसलिए मैं रामभक्त हनुमान और हनुमान गढ़ी, माता जानकी, अयोध्या पुरी और सरयू को भी प्रणाम करता हूं।

## 22 जनवरी 2024 एक नए कालचक्र का उद्गम: पीएम



अयोध्या। अयोध्या में सोमवार को राम मंदिर में श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद सियावर रामचंद्र की जय और जय श्री राम के उद्घोष के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 22 जनवरी 2024 का यह सूरज एक अद्भुत आभा लेकर आया है और यह एक नए कालचक्र का उद्गम है। उन्होंने कहा, ये क्षण आलौकिक है, ये पल पवित्रतम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राम मंदिर के भूमिपूजन के बाद से प्रतिदिन पूरे देश में उमंग और उत्साह बढ़ता ही जा रहा था और निर्माण कार्य देख देशवासियों में हर दिन एक नया विश्वास पैदा हो रहा था। उन्होंने कहा, आज हमें सदियों के उस धैर्य की धरोहर मिली है। आज हमें श्रीराम का मंदिर मिला है। पूरा देश आज दीवाली मना रहा है। आज शाम घर-घर रामज्योति प्रज्ज्वलित करने की तैयारी है। श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए गर्भगृह में प्रधानमंत्री मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के अलावा उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। इस समारोह में कई प्रमुख आध्यात्मिक और धार्मिक पंथों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इससे पहले, सुनहरी रंग का कुर्ता, क्रीम रंग की धोती और उत्तरीय पहने प्रधानमंत्री मोदी नवनिर्मित राम मंदिर के मुख्य द्वार से अंदर तक पैदल चलकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे और गर्भगृह में प्रवेश किया। प्रधानमंत्री इस दौरान अपने हाथ में लाल रंग के कपड़े में लिपटा हुआ चांदी का छत्र भी लेकर आए। गर्भगृह में मोदी ने पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच अनुष्ठान शुरू किया। उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के लिए संकल्प लिया।

## रामलला वापस फिर से आए हैं, पांच सौ वर्ष के बाद : भागवत



अयोध्या। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, आज अयोध्या में रामलला के साथ भारत का स्व लौटकर आया है। संपूर्ण विश्व को त्रासदी से राहत देने वाला भारत खड़ा होगा। जोश की बातों में होश की बात करने का काम मुझे ही दिया जाता है। आज हमने सुना कि प्रधानमंत्री जी ने यहां आने से पहले कठोर तप रखा। जितना कठोर तप रखा जाना चाहिए था, उससे ज्यादा कठिन तप रखा। मेरा उनसे पुराना परिचय है। मैं जानता हूं, वे तपस्वी हैं ही। परंतु, वे अकेले तप कर रहे हैं, हम क्या करेंगे ? आरएसएस प्रमुख ने कहा अयोध्या में रामलला आए। अयोध्या से बाहर क्यों गए थे ? रामायणकाल में ऐसा क्यों हुआ था। अयोध्या में कलह हुआ था। अयोध्या में उस पुरी का नाम है, जिसमें कोई द्वंद्व, कलह और दुविधा नहीं। फिर भी भगवान राम 14 वर्ष वनवास में गए। दुनिया के कलह को मिटाकर वापस आए। मोहन भागवत ने कहा आज रामलला वापस फिर से आए हैं, पांच सौ वर्ष के बाद। जिनके त्याग, तपस्या, प्रयासों से आज हम यह स्वर्ण दिवस देख रहे हैं, उनका स्मरण प्राण-प्रतिष्ठा के संकल्प में हमने किया। उनके प्रयासों को कोटि बार नमन है। इस युग में आज के दिन रामलला के फिर वापस आने का इतिहास जो-जो स्मरण करेगा, वह राष्ट्र के लिए होगा। राष्ट्र का सब दुख हरण होगा, ऐसा इस इतिहास का सामर्थ्य है। हमारे लिए कर्तव्य का आदेश भी है। प्रधानमंत्री जी ने तप किया, अब हमें भी तप करना है। राम राज कैसा था, यह याद रखना है। हम भी भारत वर्ष की संतानें हैं। कोटि-कोटि कंठ हमारे हैं जो जयगान करते हैं। भागवत ने कहा हमें अच्छा व्यवहार रखने का

## मंदिर वहीं बना है, जहां बनाने की सौगंध खाई थी : योगी



अयोध्या। अयोध्या में आखिर रामलला विराजमान हो गए। पूरे विधि-विधान के साथ भगवान के बाल रूप की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि निश्चित रूप से आप सब भी ऐसा महसूस कर रहे होंगे, आज इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत का हर नगर, हर ग्राम अयोध्या धाम है। हर मन में राम नाम है। हर आंख हर्ष और संतोष के आंसू से भीगी है। हर जुबान राम नाम जप रही है। रोम-रोम में राम रमे हैं...ऐसा लगता है कि हम त्रेतायुग में आ गए हैं। सीएम योगी ने कहा कि भारत का हर मार्ग रामजन्मभूमि की ओर आ रहा है। सीएम योगी ने कहा कि मंदिर वहीं बना है, जहां बनाने का संकल्प लिया था। बहुसंख्यक समाज ने लंबी लड़ाई लड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 500 वर्षों के सुदीर्घ अंतराल के बाद आए प्रभु श्री रामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक और अत्यंत पावन अवसर पर आज पूरा भारत भाव-विभोर और भाव विह्वल है। श्री अवधपुरी में श्री रामलला का विराजना भारत में रामराज्य की स्थापना की उद्घोषणा है। सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती की परिकल्पना साकार हो उठी है। सीएम योगी ने कहा कि रामकृपा से अब कभी कोई भी श्री अयोध्या धाम की पारंपरिक परिक्रमा को बाधित नहीं कर सकेगा। यहां की गलियों में गोलियां नहीं चलेंगी, सरयू जी रक्त रंजित नहीं होंगी। अयोध्या धाम में कर्फ्यू का कहर नहीं होगा। यहां उत्सव होगा। रामनाम संकीर्तन गुंजायमान होगा।

# प्राण प्रतिष्ठा से पहले राम मंदिर से जुड़ा घटनाक्रम

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। अयोध्या के राम मंदिर में सोमवार को रामलला की नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाले इस कार्यक्रम को देश-विदेश के लाखों लोगों ने अपने घरों और मंदिरों में टेलीविजन पर देखा। अयोध्या राम मंदिर मुद्दे का घटनाक्रम इस प्रकार है: वर्ष 1528 : मुगल बादशाह बाबर के सेनापति मीर बकी द्वारा बाबरी मस्जिद का निर्माण कराया गया। वर्ष 1885 : महंत रघुवर दास ने फैजाबाद जिला अदालत में याचिका दायर कर विवादित ढांचे के बाहर एक चबूतरा बनाने की अनुमति मांगी। अदालत ने याचिका खारिज कर दी। वर्ष 1949 : विवादित ढांचे के बाहर मध्य गुंबद के नीचे रामलला की मूर्ति रखी गई। एक फरवरी, 1986 : स्थानीय अदालत ने सरकार को हिंदू भक्तों के लिए स्थल खोलने का आदेश दिया। 14 अगस्त, 1989 : इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने विवादित ढांचे के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। छह दिसंबर, 1992 : 16वीं सदी की बाबरी मस्जिद, जिसके बारे में कई हिंदुओं का मानना है कि भगवान राम के जन्मस्थान स्थल पर बनाई गई थी, को कार सेवकों ने ध्वस्त कर दिया। तीन अप्रैल, 1993 : केंद्र द्वारा विवादित क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण के लिए अयोध्या में निश्चित क्षेत्र का अधिग्रहण अधिनियम पारित किया गया। अप्रैल 2002 : विवादित स्थल के मालिकाना हक का निर्धारण करने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सुनवाई शुरू की। 30 सितंबर, 2010 : उच्च न्यायालय ने 2:1 के बहुमत से विवादित क्षेत्र को सुन्नी वक्फ बोर्ड, निमोर्ही अखाड़ा और राम लला के बीच तीन हिस्सों में बांटने का फैसला सुनाया।

9 मई, 2011 : उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या भूमि विवाद पर उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगायी। जनवरी 2019 : उच्चतम न्यायालय ने मामले की सुनवाई के लिए पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ का गठन किया। छह अगस्त, 2019 : उच्चतम न्यायालय ने भूमि विवाद पर रोजाना सुनवाई शुरू की। 16 अक्टूबर, 2019 : उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई पूरी की, आदेश सुरक्षित रखा। 9 नवंबर, 2019 : एक ऐतिहासिक फैसले में, उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या में पूरी 2.77 एकड़ विवादित जमीन रामलला को दे दी, जमीन का कब्जा केंद्र सरकार के रिसीवर को सौंपा। शीर्ष अदालत ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार को मस्जिद बनाने के लिए मुसलमानों को किसी प्रमुख स्थान पर पांच एकड़ जमीन आवंटित करने का भी निर्देश दिया। पांच फरवरी, 2020 : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट के गठन की घोषणा की। पांच अगस्त, 2020 : प्रधानमंत्री मोदी ने राम मंदिर की नींव रखी। 22 जनवरी 2024 रामलला का दिव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा।

**विराजमान** रामलला के चारों ओर आभामंडल, मूर्ति के ऊपर स्वास्तिक, ॐ, चक्र, गदा, सूर्य भगवान विराजमान हैं

# स्वर्णिम मुकुट व माथे पर तिलक लगाए बेहद सौम्य मुद्रा में दिख रहे हैं रामलला

प्रात : किरण

अयोध्या/एजेंसी। अयोध्या में आखिर रामलला विराजमान हो गए। पूरे विधि-विधान के साथ भगवान के बाल रूप की प्राण प्रतिष्ठा हुई। तस्वीर में रामलला माथे पर तिलक लगाए बेहद सौम्य मुद्रा में दिख रहे हैं। आभूषण और वस्त्रों से सुसज्जित रामलला के चेहरे पर भक्तों का मन मोह लेने वाली मुस्कान दिखाई दे रही है। कानों में कुंडल तो पैरों में कड़े पहने हुए हैं। मूर्ति के नीचे आभामंडल में चारों भाइयों राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की छोटी-छोटी मूर्तियों की पूजा की गई है।

**करीब 200 किलोग्राम वजनी है मूर्ति :** मूर्ति की विशेषताएं देखें तो इसमें कई तरह की खूबियां हैं। मूर्ति का वजन करीब 200 किलोग्राम है। इसकी कुल ऊंचाई 4.24 फीट,



जबकि चौड़ाई तीन फीट है। कमल दल पर खड़ी मुद्रा में मूर्ति, हाथ में तीर और धनुष है। कृष्ण शैली में मूर्ति बनाई गई है। मूर्ति श्याम शिला से बनाई गई है, जिसकी आयु हजारों साल होती है। मूर्ति को जल से कोई नुकसान नहीं होगा। चंदन, रोली आदि लगाने से भी मूर्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**और क्या खास है ?**

रामलला के चारों ओर आभामंडल है। मूर्ति के ऊपर स्वास्तिक, ॐ, चक्र, गदा, सूर्य भगवान विराजमान हैं। श्रीराम की भुजाएं घुटनों तक लंबी हैं। मस्तक सुंदर, आंखें बड़ी और ललाट भव्य है। भगवान राम का दाहिना हाथ आशीर्वाद की मुद्रा में है। मूर्ति में भगवान विष्णु के 10 अवतार दिखाई दे रहे हैं। मूर्ति नीचे एक ओर भगवान राम के अनन्य भक्त हनुमान जी तो दूसरी ओर गरुड़ जी को उकेरा गया है। मूर्ति में पांच साल के बच्चे की बाल सुलभ कोमलता झलक रही है। मूर्ति को मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाया है। इससे पहले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अधिकारियों ने जानकारी दी थी कि जिस मूर्ति का चयन हुआ उसमें बालत्व, देवत्व और एक राजकुमार तीनों की छवि दिखाई दे रही है।

**कठिन था मूर्ति का चयन :** अयोध्या के श्रीराम मंदिर में तीन मूर्तियों को स्थापित किया गया हैं, जिसमें से एक मूर्ति को गर्भगृह में स्थापित किया गया है। इनके बनने के बाद सबसे बड़ा सवाल तो यह था कि गर्भ गृह में किस रूप में रामलला विराजमान होंगे। मूर्तिकारों ने तीनों मूर्तियों को इतना सुंदर बनाया कि चयन करना कठिन हो रहा था कि कौन सी सुंदर है और कौन सी उतनी नहीं है। अंततः बाल रूप वाली मूर्ति को राम मंदिर के गर्भ गृह में विराजने का फैसला लिया गया।

**ऐसे दिख रहे रामलला :** रामलला पीतांबर से सुशोभित हैं और हाथों में धनुष बाण धारण किए हुए हैं। रामलला ने सोने का कवच कुंडल, करधन माला धारण की हुई है। रत्न जड़ित मुकुट का वजन करीब पांच किलो बताया जा रहा है। रामलला के मुकुट में नौ रत्न सुशोभित हैं और गले में सुंदर रत्नों की माला है। भगवान रामलला की कमरबंद भी सोने से बना है। रामलला के आभूषणों में रत्न, मोती, हीरे शामिल हैं। रामलला के चरणों में वज्र, ध्वजा और अंकुश के चिन्ह शोभित हैं। कमर में करधनी और पेट पर त्रिवली हैं। रामलला की विशाल भुजाएं आभूषणों से सुशोभित हैं। रामलला की छाती पर बाघ के नख की बहुत ही निराली छटा है। छाती पर रत्नों से युक्त मणियों के हार की शोभा है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### क्रोमा ने पटना में किया रिटेल का विस्तार

पटना। भारत के पहले और भरोसेमंद ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर और टाटा समूह का सदस्य क्रोमा ने बिहार में रिटेल विस्तार का रणनीतिक कदम उठाते हुए पटना शहर के पाटलिपुत्र कॉलोनी और फ्रेजर रोड में दो नए स्टोर शुरू किए हैं। उक्त स्टोर पटनावासियों को सबसे नए इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों और सेवाओं का लाभ उठाने का बेहतरीन अवसर प्रदान कर रहा है। क्रोमा इन्फिनिटी-रिटेल लिमिटेड के एमडी और सीईओ अविजित मित्रा ने कहा, विशाल उत्पाद श्रेणी और अतुलनीय ग्राहक सेवा के साथ हम स्टोर्स और क्रोमा डॉट कॉम के जरिए उपभोक्ताओं की हर इलेक्ट्रॉनिक्स जरूरतों के लिए आसान और बेहतरीन डेस्टिनेशन बनना चाहते हैं।

### छात्रों को मेरिट प्रमाणपत्र प्रदान कर दिया शुभकामना

पटना सिटी। शाह अजीमाबाद वेलफेयर एजुकेशनल एंड चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से छात्र-छात्राओं को मेरिट प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। मौका था अल फतह कोचिंग इंस्टिट्यूट ने फेयरवेल कार्यक्रम का। इसमें संस्था के सचिव मो यूनुस द्वारा दसवीं और बारहवीं के छात्रों को ट्रस्ट द्वारा सम्मानित कर विदाई दी गई और बेहतर परिणाम के लिए शुभकामना दी गई। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज और देश की तरक्की हो सकती है। नौजवानों के ही कंधों पर आने वाले देश का भविष्य है। कोचिंग के डायरेक्टर मो अरसलान अमीन ने बच्चों को एग्जाम के टिप्स बताए और परीक्षा में क्या सावधानी बारातनी है आदि बताया गया। स्वागत प्रिंसिपल मो आरीश अमीन और तनवीर अमीन ने मोमेंटो और गुलदस्ता से स्वागत किया। छात्रों के द्वारा कार्यक्रम भी पेश किया गया। आयोजन में टॉप छात्रों में शादान रेयाज, इमरान नजीर, समीर आलम, फिरदौस परवीन, मो सादिक, तौहीद, अफरीदी आदि थे।

### आरपीएम कॉलेज ने नैक मान्यता को किया आवेदन

पटना सिटी (प्राकि)। आरपीएम कॉलेज में नैक के पोर्टल पर आईआईक्यूए को महाविद्यालय की प्राचार्या (प्रो) डॉ पूनम के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक अपलोड किया गया। इस अवसर पर नैक कोर्डिनेटर डॉ अंजू जैन ने सक्रिय सहयोग किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे। महाविद्यालय में खुशी का माहौल रहा कि सबों सार्थक प्रयास से कालेज को नैक की संबद्धता मिल जाए।

### हमने तो जी भर के देखा नहीं, सुबह चले जाना...

पटना सिटी। हमने तो जी भर के देखा नहीं है, मेरे नयनों की प्यास अभी बुझी भी नहीं है, मालिया दुकान हरवा मंगाया नहीं है... जैसे सोहर पर महिला और पुरुष झूमते रहे सभी तालियां बजाते और जय श्री राम जय हनुमान का जयकारा करते रहे। हम सब सौभाग्यशाली हैं कि भगवान श्री रामलला के नवनिर्मित भव्य मंदिर का दर्शन कर रहे हैं। इसके लिए हमारे पूर्वजों ने निरंतर 500 वर्षो से संघर्ष कर बलिदान दिया है। यह बात स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव ने श्री गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ स्थित शिव-राम कॉलोनी के कन्हैया कॉम्पलेक्स में आयोजित महोत्सव समारोह में उपस्थित राम भक्तों को कही। अध्यक्षता रामजी योगेश व संचालन पूर्व वार्ड पार्षद अवधेश कुमार सिन्हा ने किया। मौके पर सुंदरकांड का पाठ, सत्यनारायण भगवान जी की पूजा तथा महिलाओं एवं पुरुषों के मंडली द्वारा कीर्तन व सोहर देर शाम तक होती रही। कार्यक्रम में अंचित कुमार, संजय सिन्हा, वीरेंद्र मेहता, विनोद कुशवाहा, महेंद्र ठाकुर, अंजू सिंह, सौरभ कुमार, राजीव सिन्हा उपस्थित थे।

### प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान

पटना सिटी (प्राकि)। प्राचीन शिव मंदिर, बुंदेल टोली मालसलामी में शिव परिवार के प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान हुआ। इस दौरान भूमि पूजन, खंडित मूर्ति विस्थापन व विसर्जन कर्म अनुष्ठान हुआ। संयोजक पूर्व पार्षद शेखर सिंह बुंदेला ने बताया कि मंगलवार को कलश, पंचांग पूजन व मंडप प्रवेश होगा। बुधवार को वेद आह्वान पूजन, नगर परिभ्रमण व अधिवास का अनुष्ठान किया जाएगा। शुक्रवार को अभिषेक व भंडारा के साथ अनुष्ठान का समापन होगा।

# न्याय यात्रा को हिंसक तरीके से रोकने की कोशिश शर्मनाक : कांग्रेस

● राहुल को मंदिर जाने से रोकना अधर्म

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान असम में हो रही हिंसात्मक वारदात की घोर निंदा की। गौर तलब है कि राहुल फिलहाल असम में न्याय यात्रा कर रहे हैं और सोमवार को उन्हें असम के नगांव स्थित शंकरदेव मंदिर जाने से जबरन रोका गया। इससे पहले उनके काफिले पर लगातार हमले हो रहे हैं। जिसमें असम कांग्रेस अध्यक्ष के अलावे अनेक नेता व न्याययोद्धा घायल हो चुके है। जिसतरह सुनियोजित ढग से हिंसात्मक वारदाता को अंजाम दिया जा रहा है उससे कांग्रेस में बेहद आक्रोश व्याप्त है।

इसके खिलाफ सोमवार को पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसे पार्टी के वरिष्ठ नेता व न्याय यात्रा के लिए गठित प्रदेश मीडिया कमिटी के अध्यक्ष प्रेमचन्द्र मिश्रा ने सम्बोधित किया। मिश्रा ने असम की हेमन्त विश्व सरमा की भाजपा सरकार पर हमला बोला । उन्होंने कहा कि भाजपा राहुल नामक लहर से बौखला गयी है। जिस तरह राहुल जी की न्याय यात्रा को हिंसक तरीके से रोकने की कोशिश की जा रही है वह शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि जबसे भारत जोड़ो न्याय यात्रा असम में प्रवेश की है तबसे यात्रा के खिलाफ पुलिस की मौजूदगी में लगातार हिंसात्मक घटना हो रही है। हम इसकी न्यायिक जांच की मांग करते हैं। अपना विरोध दर्ज कराने के लिए कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता सांकेतिक धरना भी दिया और काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। मिश्रा ने बताया कि जब सारा देश अयोध्या में राम मंदिर का उत्सव मना रहा है, ऐसे में राहुल जी को मंदिर जाने से रोकना घोर अन्याय है। यह केवल अमानवीय और अधर्मी ही नहीं बल्कि मौलिक अधिकार के भी खिलाफ है। हम इसकी घोर निन्दा करते हैं। संवाददाता सम्मेलन में जिन लोगों ने भाग लिया उनमें शामिल हैं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा मदन मोहन झा, पूर्व मंत्री विजय शंकर दूबे, राजेश राठौड़, डा शरवत जहां फातिमा ।

# श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा, दिवाली व रामनवमी सा उत्सव

● लोगों के हाथ में पताका, मुख से निकल रहा था जयश्री राम

पटना सिटी ( आनंद केसरी)

अयोध्या मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मभूमि रही हो। वहां उन्हें वर्षों टेंट में रहने के बाद महलनुमा मंदिर मिल गया। वर्षों प्रयास के बाद वहां भव्य मंदिर बना और वहां श्री रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसे लाइव देखने के बाद शहरी क्षेत्र में यहां रामनवमी और शाम में दिवाली का नजारा देखने को मिला। सड़कों से लेकर गलियों तक में केसरिया झंडा और श्री राम का पताका लहरा रहा था। हर घर श्री राम। चाहे वह अपार्टमेंट हो या कामर्शियल कंपलेक्स, हर जगह श्री राम दरबार सजाकर पूजा-अर्चना कर लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया जा रहा था। सबसे अधिक भीड़ श्री जल्ला हनुमान मंदिर में देखा गया। यहां भक्तगण हाथों में झंडा लेकर पहुंचे। स्थिति यह रही कि लोगों को दर्शन करने के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ी। मंदिर परिसर में बैठ कर भक्तों को हनुमान चालीसा और सुंदर कांड का पाठ करते देखे गए। दर्शन और पूजन करने की होड़ ड़ सी लगी थी। स्थिति यह रही कि पटना जंक्शन स्थित हनुमान मंदिर से नैवेद्यम लड्डू मंगाया गया था, जो दोपहर होते-होते समाप्त हो गया। यहां स्थित माला फूल बेचने वालों के यहां फूल-माला भी समाप्त हो गया। छोटा-छोटा माला 30 रुपया तक में बेचा गया। मगर वह भी मध्याह्न 12 बजे के बाद समाप्त हो गया। बाजार में फूल नहीं मिल पा रहा था। जो अपने घरों में प्रतिदिन फूल-माला मंगाया करते थे, वहां अधिकांश घरों में भी माला-फूल नहीं जा सका। महावीर मंदिर की व्यवस्था देख रहे रंगास्वामी बालाजी ने कहा कि मंदिर में रामनवमी की तरह खासा भीड़ देखी गई। स्थिति यह रही कि भगवान को नैवेद्यम लड्डू भोग लगाने के लिए कम पड़ गया। हालांकि शाम तक पटना जंक्शन से नैवेद्यम मंगाया गया। वहीं शाम में मंदिर में दीया जलाने के लिए जगह नहीं बच पा रहा था। लोगों ने दीपक की मदद से ही जय श्री राम और जय हनुमान बनाया। यहां मंदिर की भव्य सजावट की गई थी और सिंगर भी किया गया था यहां हवा और फल का भोग श्री हनुमान जी को लगाया गया पुजारी में श्री कमल भूषण मिश्रा बालकृष्ण चौबे मुकेश पांडे रवि शंकर पांडे जितेंद्र उपाध्याय ने पूजा अर्चना का विधान पूरा कराया। वहीं सड़कों पर और गलियों में भी छोटे बच्चे और उत्साही युवा बाइक पर सवार होकर और पैदल ही जय श्री राम, हर घर श्री राम का नारा लगा रहे थे। शाम में महिलाओं के बीच में दीपदान करने की होड़ सी दिखाई दी। प्रमुख मंदिरों से लेकर लोग अपने घर की बालकोनी, छत, मुंडेर पर भी दीप जलाकर खुशी का इजहार कर रही थीं। दोपहर से लेकर रात तक आतिशबाजियों की अनुगुंज होती रही, मानो जैसे दिवाली का पर्व हो। दरअसल जब मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम लंका जीत कर माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ जब अयोध्या लौटे थे, तो जिस तरीके से वहां खुशी का नजारा और दीपावली मनाई गई थी, वैसे ही रौनक यहां देखने को मिला।

# जननायक जन्मशताब्दी समारोह की तैयारी अंतिम चरण में : एजाज

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में 24 जनवरी को आयोजित समाजवादी नेता जननायक का जन्मशताब्दी समारोह की तैयारी को लेकर राजद प्रदेश कार्यालय में प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू की अध्यक्षता में हुई। जिसमें राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, श्याम रजक, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन, सुरेश पासवान, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, डॉ उर्मिला ठाकुर, पूर्व विधायक डॉ अनवर आलम, प्रदेश महासचिव मुकुंद सिंह, फैयाज आलम कमाल, निराला यादव, बल्ली यादव, भाई अरूण कुमार, खुर्शीद आलम सिद्दिकी, प्रमोद कुमार राम, देवकिशुन ठाकुर, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, संजय यादव, राजेश पाल ,अरूण कुमार यादव, अनिल कुमार साधु, पी के चौधरी, कुमर राय, सरदार रंजीत सिंह सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि जननायक जन्मशताब्दी समारोह की तैयारी हेतु राष्ट्रीय जनता दल की ओर से तैयारी समिति का गठन किया गया है और इसकी तैयारी राज्य स्तर पर चल रही है। पटना तथा राज्य के अन्य जिलों में प्रचार-प्रसार के लिए बैनर, होर्डिंग तथा गेट के साथ-साथ पार्टी के झंडों से शहर को पाट दिया गया है।

इस अवसर पर जननायक कपूर्री ठाकुर जन्मशताब्दी समारोह के लिए विभिन्न तरह की तैयारी समितियों का गठन किया गया है। जिनमें समन्यवक समिति, मीडिया व्यवस्था समिति, भोजन समिति, मुख्य गेट, वीआईपी गेट , हॉल व्यवस्था, मंच व्यवस्था समिति का गठन किया गया है। साथ ही कार्यकताओं के स्वास्थ्य और अन्य मामलों को देखने के लिए स्वास्थ्य समिति का भी गठन किया गया है। एजाज ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह करेंगे। इस अवसर पर राज्यभर से पार्टी के नेता, कार्यकर्ता और कपूर्री जी के विचारो पर चलने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# जल्ला हनुमान मंदिर से निकाला शोभायात्रा

## रामायण से बढ़ कर कुछ भी नहीं : डॉ अजय प्रकाश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा पर अजेय राम दूत फाउंडेशन द्वारा जल्ला हनुमान मंदिर परिसर में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। साथ ही श्री राम सनातन सेना द्वारा जल्ला हनुमान मंदिर से गायघाट तक शोभायात्रा निकाला गया। गायघाट में श्री राम जानकी की आरती की गई। प्रदेश संयोजक भाजपा आयुष विभाग डॉ अजय प्रकाश शामिल रहे। शाम में अगमकुआं शीतला माता मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ, सोहररूपी सांस्कृतिक कार्यक्रम, दीपों से जय श्री राम एवं मंदिर परिसर को सजाया गया। कार्यक्रम में डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अभय मिश्रा, सर्व प्रकाश, विकास मौड़ीवाल, विशाल गुप्ता, अरुण कुमार मेहता, गुड्डू बरनवाल, जितेन्द्र कुमार आदि शामिल थे। सुलतानगंज के श्री महावीर समाज कल्याण समिति के प्रांगण में रुद्राभिषेक, भजन एवं फूलों से श्रृंगार किया गया। मंदिर के अध्यक्ष अनिल यादव, रुपेश आनन्द, गणेश कुमार, रितेश आनन्द एवं प्रमोद कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे। गुलबी घाट, पीपल तल मंदिर के आचार्य मुन्ना बाबा, निक्की, भीम एवं शुभम ने पूजा के बाद शोभायात्रा निकाला।

शोभायात्रा में वार्ड पार्षद सीमा वर्मा, मंदिर के अध्यक्ष शंकर वर्मा आदि शामिल थे। अगमकुआं के श्री शीतला माता मंदिर के बगल में स्थित शिव मंदिर में भी पूजा पाठ किया गया। अखंड दीपक जलाकर श्री रामचरित मानस एवं सुंदरकांड का पाठ किया गया। लोगों के बीच भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। इसमें सुनील कुमार यादव, राजू मेहता आदि शामिल थे। श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर में सीधा प्रसारण लोगों को दिखाया गया। प्रभु श्री राम की आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। शाम में दीपोत्सव हुआ। आयोजन में सुदामा प्रसाद सिन्हा, संजय सिन्हा, निर्मल श्रीवास्तव, अनिल जी, सीएमआर सक्सेना आदि मौजूद थे।गायघाट स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में न्यास समिति के सचिव विश्वनाथ चौधरी, संजय गुप्ता, शंकर चौधरी, विनय केसरी आदि मौजूद थे। यहां लाइव प्रसारण देखने के साथ ही पूजा-अर्चना की गई और लोगों के बीच प्रसाद वितरित किया गया।

# अयोध्या पहुंच धन्य हुआ जीवनः जगजोत



प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी, प्रातःकिरण संवाददाता
हमारा जीवन आज फिर एक बार धन्य हो गया, जब वह मंदिर निर्माण समिति, अयोध्या से मिले निमंत्रण के बाद जब वहां पहुंचे और सरयू नदी और मंदिर में मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम की प्रतिमा का दर्शन किया। इसके पूर्व मुझे गर्व है कि मैं वहां रहता हूं, जहां दशमेश पिता सर्वंशदानी गुरु गोविंद सिंह जी महाराज ने अवतार लिया। साथ ही उनका 350वां प्रकाश पर्व देखने और सेवा करने का मौका मिला। यह कहना था प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही का। उनके साथ ही कमेटी कार्यालय के मैनेजर हरजीत सिंह को भी अयोध्या में होने वाले प्रभु श्री राम की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रण मिला था। दोनों सड़क मार्ग से वाहन की मदद से वहां गए थे। अध्यक्ष जगजोत सिंह ने बताया कि जब वह अयोध्या से करीब सौ-डेढ़ सौ किलोमीटर पीछे थे, तभी से सुरक्षा-व्यवस्था काफी पुख्ता थी। रास्ते में तीन-चार बार उनके वाहन का और उसमें सवार लोगों के शरीर की तलाशी ली गई। इसके बाद वे अयोध्या पहुंचे। वहां जाने के बाद टेंटसिटी बना था, जहां आए हुए अतिथियों को ठहराया जा रहा था। मगर सीएम आदित्यनाथ योगी की कृपा से उन्हें अयोध्या का प्रसिद्ध होटल में ठहराया गया। उन्हें और ,मैनेजर हरजीत सिंह को अलग-अलग कमरा दिया जा रहा था मगर उन्होंने एक ही कमरे में रहने की बात कह कर दूसरे कमरे को लेने से इनकार कर दिया। श्री सोही बताते हैं कि वह रात को ही सरयू नदी के तट पर गए। हनुमान गढ़ी जाकर हनुमान लला के दर्शन किए और दूर से ही मंदिर का दर्शन किया। सुबह उठ कर जल्द तैयार हुए और इसके बाद वह मंदिर के लिए प्रस्थान किए। सुरक्षा जांच पूरी करते हुए वह वहां पहुंचे। हमने वहां अपनी नग्न आंखों से मंदिर की भव्यता को देखा। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हाथों में चांदी का छत्र लिए पैदल मंदिर की ओर जा रहे थे। सारा अनुष्ठान वहां पर लाइव देखने का मौका मिला। जब प्राण-प्रतिष्ठा और प्रधानमंत्री श्री मोदी का संबोधन समाप्त हुआ, इसके बाद आगत अतिथियों को बारी-बारी से श्री राम लला की प्रतिमा के दर्शन करने का मौका मिला। इस दौरान उन सबों को प्रसाद भी भेंट किया गया। वहां अंग वस्त्र और अन्य प्रतीक चिन्ह भी प्रदान किया गया। श्री सोही कहते हैं कि उनका जीवन आज पूरी तरह से धन्य हो गया है। कारण कि दशमेश पिता का उन्होंने 350वें प्रकाश पर्व भव्य तरीके से केंद्र और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की रहनुमाई में होते हुए बेहतर तरीके से देखा। उससे बड़ा सौभाग्य था कि वह तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब से कुछ दूरी पर रहते है, जहां दशमेश पिता ने अवतार लिया। वहीं मैनेजर हरजीत सिंह ने कहा कि वह दिल्ली से जब पटना साहिब आए और यहां कार्यालय में सेवा प्रदान किया। इस बीच गुरु महाराज की भी कृपा हुई और प्रभु श्री राम का भी बुलावा आ गया। आमंत्रण पत्र मिलने के बाद वह वहां जाने को लेकर हां और ना में पड़े हुए थे।

# मुख्य ग्रंथी रहे राजेंद्र सिंह की बरसी पर अखंड पाठ

प्रात : किरण संवाददाता



पटना सिटी ( प्राकि )। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के मुख्य ग्रंथी रहे भाई राजेंद्र सिंह के दूसरी पुण्यतिथि पर अखंड पाठ सोमवार को रखा गया। तख्त साहिब के अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में पाठ आरंभ हुआ। यह आयोजन उनके परिजन और प्रबंधक कमेटी के द्वारा किया गया है। इसका समापन 24 जनवरी को होगा। उस दिन विशेष दीवान सजेगा। अपराह्न दो बजे अरदास होगा। मध्याह्न से गुरु का लंगर चलेगा। इस दौरान परिजनों में रणजीत सिंह, दया सिंह,दीपक सिंह, कमेटी कार्यालय से जुड़े अधीक्षक दलजीत सिंह, दिलीप सिंह पटेल, महाकांत राय, सेवादार कल्याण समिति के तेजेंदर सिंह बंटी, अजायब सिंह, पूर्व अध्यक्ष बलराम सिंह, गुरजीत सिंह, गुरचरण सिंह आदि मौजूद थे।

# श्रीरामोत्सव पर नगर के अलग-अलग इलाकों से निकली शोभायात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। खगौल नगर के अंतर्गत श्रीरामोत्सव पर नगर के अलग अलग इलाके से शोभायात्रा निकाला गया। जिसमें डीजे पर श्रीराम के भजन व गीतो पर महिला पुरूष झुमते रहे। नगर के गाभतल, सदरबाजार एवं सुलतानपुर से शोभायात्रा निकला गया। शोभायात्रा में जयश्रीराम के नारो के साथ भजन व गीत पर हाथो में भगवा ध्वज लिये श्रद्धालु झुमते नाचते शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए पूनः मंदिर प्रांगण व आयोजक स्थल पर जाकर समाप्त हुआ। जिससे पूरा नगर राममय हो गया। उधर खगौल में भी लोगो ने रामोत्सव पर शोभायात्रा निकाला। श्रद्धालुओ ने कहा कि काफी इंतजार के बाद आज भगवान अपने मंदिर में विराजमान हुए। जिसका इंतजार हमारे पूर्व करते हुए चले गये। हम सभी सौभाग्यशाली है कि आज भगवान श्रीराम को अपने मंदिर में विराजमान हुए। यह काफी खुशी की बात है।

### कलश शोभायात्रा से भागवत कथा

पटना सिटी ( प्राकि )। छह दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ को लेकर कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा काजीबाग स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर से निकला, जो विभिन्न रास्ते से होता बड़ी पहाड़ी स्थित महादेव स्थान पर स्थित आयोजन स्थल पहुंच समाप्त हुआ। संयोजक उदय यादव ने बताया कि मंगलवार से युवा संत प्रमोद कुमार सुधाकर जी महाराज के मुखारबिंद से संगीतमय कथा होगी। इसका समापन 28 जनवरी को होगा।

# प्रखंड प्रमुख के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत प्रखंड कार्यालय के प्रखंड प्रमुख के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर सोमवार को बैठक हुई।मत विभाजन गोपनीय तरीके से की गई। जिसमें 12 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में अपना मत दिया।सात सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ में मत दिए।इस तरह प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार ने अपनी कुर्सी बचाने में असफल रहे। प्रखंड कार्यालय सभागार में हुई बैठक की अध्यक्षता उप प्रमुख शंकर राय ने किया। न्यायालय के विशेष आदेश पर बैठक में भाग लेने बेऊर उपकारा से पुलिस कस्टडी में उप मुख्य शंकर राय पहुंचे। बैठक शुरू होते ही मानस पंचायत के पंचायत समिति सदस्य वंदना राय ने अविश्वास प्रस्ताव के प्रस्तावक ने अपनी बातों को रखा। उसके बाद प्रखंड प्रमुख मनोज राय ने अपना पक्ष रखते हुए सदस्यों को संतुष्ट करने का प्रयास किया। लेकिन सदस्यों ने उनकी बातों को एक नहीं सुनी।बैठक को शांति पूर्ण सम्पन्न कराने के लिए पटना सदर के डीसीएलआर मैत्री कुमारी, अनुमंडल लोक शिकायत पदाधिकारी अनु कुमारी,बीडीओ विभेष आनंद ने बताया कि प्रखंड प्रमुख के खिलाफ 12और पक्ष में सात मत मिली। बताया कि अब आयोग से निर्देश आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।करीब पन्द्रह दिनों के अंदर चुनाव करा लिया जाएगा। बताया जाता है कि प्रखंड प्रमुख मनोज राय ने अविश्वास प्रस्ताव को लेकर हाईकोर्ट में सीडब्लू जेसी 1064/024 दायर किया था।जिसको न्यायालय ने खारिज कर दिया। वहीं अविश्वास प्रस्ताव के बैठक को लेकर प्रखंड कार्यालय परिसर में दोनों पक्ष के समर्थकों की भीड़ सारा दिन उमड़ी रही।

# राम मंदिर के उद्घाटन पर दिवाली जैसा माहौल

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। राम मंदिर का उद्घाटन हो चुका है और इस मौके को दीवाली की तरह मनाया जा रहा है। पीएम मोदी ने भी लोगों से दीप जलाने की अपील की थी। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा सोमवार (22 जनवरी) की दोपहर को हो गई। भगवान राम बाल रूप में अपने भक्तों को दर्शन देंगे। इसके बाद शाम को जगह-जगह दीवाली जैसा माहौल देखने को मिल रहा है। दीपक जलाए जा रहे हैं और शहर रोशनी से नहाए नजर आ रहे हैं। वहीं शहर के मंदिरों को लाइटों से सजाया गया है। लोगों ने अपने घर-प्रतिष्ठानों पर दीपक जलाया। लोगों ने जमकर पटाखे फोड़े गए। कटैया घाट राम-जानकी मंदिर में श्याम सुंदर केशरी एवं महंत रामसुंदर शरण के नेतृत्व में भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। अभिषेक झा के नेतृत्व में रायपुरा घाट पर गंगा आरती एवं हजारों दीपक जलाएं गए। सम्मसपुर, मछली हाट चौराहा के पास, छोटी लाइन हनुमान मंदिर में कृष्णा केशरी एवं सोनू बाबा के सौजन्य से और अन्य जगहों पर प्रसाद वितरण किया गया।

### आर्यन हत्या मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

फतुहा। फजलीचक गांव के सात वर्षीय आर्यन की हत्या मामले में पुलिस ने एक आरोपी को जेल भेजने के बाद छह अन्य लोगों को नामजद किया है। पुलिस ने यह नामजद आर्यन के पिता पिंटू पासवान के बयान पर किया है। आर्यन की हत्या क्यों और कैसे हुई है, यह अभी तक स्पष्ट नही हो सका है। थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार ने बताया कि इस मामले को गठित तीन सदस्यीय एसआईटी टीम गंभीरता से छानबीन कर रही है। मामला सामने आने पर ही उद्भेदन किया जाएगा।

# अयोध्या लाइव देखने को लोगों में रही कौतूहल

● श्री बड़ी व छोटी पटनदेवी, जल्ला हनुमान व शीतला मंदिर परिसर बना केंद्र
● घर व प्रतिष्ठान में बैठ लोग लगातार बदलते रहे टीवी के चैनल

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




अयोध्या धाम के भव्य मंदिर में विराजित श्री रामलला की प्रतिमा के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सीधे लाइव देखने के लिए लोगों में गजब का उत्साह देखा गया। शहरी क्षेत्र में जगह-जगह लाइव टेलीकास्ट करने की व्यवस्था बड़े स्क्रीन पर की गई थी। वहीं जो लोग वहां नहीं जा सके, वह अपने घर और प्रतिष्ठान पर टीवी और मोबाइल पर ही विभिन्न न्यूज चैनलों पर लाइव देख रहे थे। हालांकि बार-बार वे लोग चैनल बदलने का काम कर रहे थे। बिहार बीजेपी एनआरआई सेल की ओर से मुख्य आयोजन बड़ी पटनदेवी मंदिर परिसर में किया गया। मौके पर विधायक नंदकिशोर यादव, मेयरसीता साहू, प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्र, सेल के संयोजक मनीष सिन्हा, महंत विजय शंकर गिरी, संयोजक शिशिर कुमार, बद्री गुप्ता आदि मौजूद थे। विधायक नंदकिशोर यादव ने कहा कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के कारण पूरा भारत राममय हो गया। श्री बड़ी देवी जी मारूफगंज के परिसर में दीया जला और रंगीन बल्ब से जगमगाया गया। श्री राम धुन हुआ और प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान समिति के संत लाल गोलवारा, राजेश कुमार, ईश्वर अग्रवाल, सुनील बंका, प्रभात भरतिया, भगवान यादव, अतानु साहा, अजय केशरी, नारायण साह आदि मौजूद थे। सनातन धर्म सभा परिसर में भजन-कीर्तन, हवन एवं भंडारा प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। अध्यक्ष डॉ टीपी गोलवारा एवं संयोजक संजीव कुमार यादव ने बताया कि सुंदर कांड का पाठ हुआ। मौके पर उपाध्यक्ष शिव प्रसाद मोदी, गिरधारी सराफ, विजय यादव, आत्म बागला, पुरुषोत्तम पोद्दार, सुजीत कसेरा, प्रकाश कोठारी, कृष्ण अग्रवाल, नारायण शाह, विजय प्रसाद, दयानंद यादव, विजय मिश्रा, सुनील केसरी आदि मौजूद थे। श्री राधे श्याम परिवार के द्वारा चौक पर श्री राम दरबार सजाकर कीर्तन किया गया। इस दौरान प्रसाद का भंडारा भी हुआ। श्री बड़ी देवी पूजा समिति टेढ़ी घाट के द्वारा भी भजन कीर्तन व श्री राम की आराधना करने के बाद लोगों के बीच भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया बजाज प्लाजा दुकानदार संघ की ओर से परिसर में श्री राम दरबार सजाकर पूजा-अर्चना की गई।

### एनएसई पांचवें वर्ष बना दुनिया का सबसे बड़ा डेरिवेटिव एक्सचेंज

पटना। फ्यूचर्स इंडस्ट्री एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार एनएसई ग्रुप जिसमें नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया और एनएसई इंटरनेशनल एक्सचेंज शामिल हैं, ने 2023 में दुनिया के सबसे बड़े डेरिवेटिव एक्सचेंज ग्रुप के रूप में अपनी स्थिति फिर से हासिल कर ली है। एनएसई लगातार पांचवें वर्ष दुनिया का सबसे बड़ा डेरिवेटिव एक्सचेंज है। एनएसई के मुख्य व्यवसाय विकास अधिकारी श्रीराम कृष्णन ने कहा कि एनएसई ने अपने इक्विटी सेगमेंट में कारोबार करने वाले ग्राहकों की संख्या में लगातार 10वें वर्ष वृद्धि देखी है। बीते साल 30 नवंबर को 167,942.47 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड उच्च कारोबार और 2 दिसंबर को इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट में 381,623.12 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ।

# पांच सौ वर्षो के बाद पहला अवसर, जोश और उल्लास के साथ मनाई गई दीपावली

प्रात : किरण संवाददाता

पाँच सौ वर्षो में ये शायद पहला अवसर था जब द्वादशी की रात पूरे जोश और उल्लास के साथ दीपावली मनाई गई। आज जब अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्राण-प्रतिष्ठा की पूजा की गई तो पूरे विश्व में इस बात को लेकर सनातन धर्मावलम्बियों के बीच जबरदस्त उत्साह का माहौल था । पटना के डाकबंगला चौराहे को श्री श्री रामनवमी शोभायात्रा अभिनंदन समिति के तत्वावधान में श्री राम चौक में तब्दील कर दिया गया। पिछले चौबीस घंटे से चल रहे अष्टयाम की पूणार्हुति के बाद समिति के संयोजक नितिन नवीन ने अपने अभिनंदन समिति के सदस्यों के साथ हवन पूजन किया।इस बीच बड़े स्क्रीन की भी व्यवस्था की गई थी जिस पर लगातार अयोध्या में चल रहे प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का प्रसारण पटना वसियों के लिए दिखाया जा रहा था। अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होने के साथ ही शंखनाद की गूंज और श्री राम के जयघोष से पूरा वातावरण राममय हो गया। इसके बाद विधिवत प्रभु श्री राम के पूरे विधान से आरती की गयी। इसके उपरांत लड्डू प्रसाद का वितरण राम भक्तों के बीच किया गया। संपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान तथा विधि-विधान से सभी प्रक्रिया को पूर्ण किया गया। इसके साथ ही विजय सोनी एवं अद्याशक्ति के मधुर भजनों की झंकार से प्तनावासी झूम उठे । आज पाँच सौ वर्षों के संघर्ष के बाद प्रभु श्रीराम को उनके भव्य भवन में स्थापित होने पर सभी राजधानिवासियों के उमंग और उत्साह का ठिकाना नहीं था। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र अर्लेकर ने इक्यावन हजार दीपों के दीपोत्सव की शुरूआत मंच पर दीप प्रज्वलन से की , उनके साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी,महापौर सीता साहू, उपमहापौर रेशमी , अभिनंदन समिति के अध्यक्ष जगजीवन सिंह बबलू भी थे । एक बार पुनः शंखनाद के बीच दीपोत्सव की झलक पटनावासियों को अचंभित करने वाला था , इसके साथ ही पटाखों की झिलमिल छटा लोगो के उत्साह को व्यक्त करने वाला था ।ऐसी दीपावली पटना में पहली बार देखी गई जहां एक ओर एक साथ इक्यावन हजार दीपों से डाकबंगला से बुद्ध स्मृति पार्क तक की सड़क दीयों की झिलमिलाहट से आँखों को चकाचौंध कर रहे थे।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, मंगलवार, 23 जनवरी, 2024



# जय श्री राम के उद्घोष व अखंड कीर्तन से राममय हुआ शहर, मना दीपोत्सव

## महामृत्युंजय पाटनेश्वर महादेव मंदिर में वृहद पैमाने पर पूजन व अखंड कीर्तन का आयोजन

- पूजा अर्चना के लिए मंदिरों में उमड़ी भीड़, भक्तों में दिखा उत्साह
- रामलला के विराजमन होने की खुशी में छोड़ें गए पटाखे





पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में हर्ष और उल्लास का माहौल रहा। जय श्री राम के उद्घोष व अखंड कीर्तन से पूरा शहर का माहौल भक्तिमय रहा। शहर के विभिन्न मंदिरों में कल से अखंड कीर्तन शुरू हुआ था, जिसका आज समापन हुआ। पूरे विधि विधान से मंदिरों में पूजा अर्चन की गई। शाम में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के इलाके के अलावा अन्य आगंतुक भी शामिल हुए। देर शाम तक मंदिरों में प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलता रहा। शाम होते ही घरो, मंदिरों, दुकानों व प्रतिष्ठानों में दीपोत्सव का कार्यक्रम शुरू हुआ। भक्ति व श्रद्धा के अनुसार लोग दीप जलाएं। देर रात तक दोपों से मंदिर जगमगता रहा। शाम को पटाखे भी फोड़े गए। रामलला के स्वागत में राजधानी वासी ने कोई कसर नहीं छोड़ी। अहले सुबह से ही राजधानी के सभी मंदिरों में भारी भीड़ देखी गई। देर शाम तक पूजा अर्चना व दीपोत्सव का कार्यक्रम चलता रहा। लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला। पाटलिपुत्रा के महामृत्युंजय पाटनेश्वर महादेव मंदिर की सजावट देखते ही बन रहा था। मंदिर में वृहद पैमाने पर पूरे विधान से पूजन व हवन का कार्यक्रम किया गया। मंदिर में शनिवार से शुरू अखंड कीर्तन का रविवार को समापन हुआ। मंदिर के पुजारी बाबा शंकर ने बताया कि मंदिर प्रांगण में अखंड कीर्तन के साथ रामचरित्र मानस का पाठ हुआ जिसका समापन दोपहर 12.30 बजे हुआ। जय श्री राम के जयकारे के बीच पूरे विधि विधान से पुजा अर्चना की गई। इसके बाद हवन का कार्यक्रम हुआ। 2:00 बजे से भंडारा हुआ। इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। शाम 5:00 बजे से दोपोत्सव कार्यक्रम शुरू हुआ। मंदिर के साथ ही आस-पास के इलाकों में 10 हजार दीप जलाए गए। औद्योगिक क्षेत्र के सड़कों के किनारे दीप जलाएं गए। मंदिर परिसर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जा रहा था। बड़ी संख्या में लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को देखा। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को भी सुना। स्थानीय समाजसेवी संजय कुमार सिंह कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे रहे।

## गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का एलईडी से हुआ प्रसारण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना। लगभग 500 साल बाद अयोध्या में भव्य मंदिर के अंदर रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी की ओर से अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर सुबह नौ बजे से विशेष पूजा अर्चना एवं राम नाम संकीर्तन आयोजित हुआ। इस दौरान हवन व कीर्तन व भगवान श्री राम की आरती का आयोजन हुआ। इसके बाद बारह बजे से एलसीडी के माध्यम से अयोध्या में हो रहे भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का विशेष प्रसारण हुआ। जिसका श्रद्धालुओं ने ढोल बाजे, शंख, मृदंग व झाल बजाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस दौरान प्रसिद्ध गीत झूमत झूमत मेरी मेरी अइली के गायक रोहित स्वराज, प्रमोद सानू और सौम्या प्रिया के राम भजन ने वहां बैठे भक्तों को भक्ति से सराबोर कर दिया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि आज के दिन भारतवासियों का 500 साल का वह सपना पूरा हुआ है जो भारतवासी भगवान श्री राम को भव्य मंदिर में स्थापित करने का संजोए हुए थे। उन्होंने कहा कि आज इस अद्भुत प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर देश भर के मंदिरों में उत्सव मनाया जा रहा है जो हम सनातन धर्म के लिए अलौकिक है। इस मौके पर गर्दनीबाग ठाकुरबारी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद डॉ रणवीर नंदन ने कहा कि आज के दिन पर 100 करोड़ हिंदुओं को गर्व है और पूरे विश्व के मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम दिखाया जा रहा है। इस मौके पर आर . एस. एस. के बिहार झारखंड के क्षेत्रीय कार्यवाह मोहन सिंह जी ,भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय खंडेलिया , भाजपा के मीडिया प्रभारी दानिश भाजपा नेता अमित राज , रंजीत कुमार, रुचि श्रीवास्तव, मनीष सिंह, सुषमा सिंहा, शैलेश सिंहा , मनोज निषाद, अवधेश प्रसाद सिंहा ,गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी के पुजारी सत्य प्रकाश पांडेय ,वेद प्रकाश पांडेय, मुकेश रंजन झा ,राकेश रंजन झा, रूना बाबा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

## श्रीराम विग्रह के प्राण-प्रतिष्ठा से पूरा देश हुआ राममय : सम्राट

### सनातन संकल्प से पूरा हुआ काम, प्रभु श्रीराम को मिला भव्य धाम

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने सोमवार को राजधानी पटना के अनेक मंदिरों में पूजा-अर्चना व कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद कहा कि आज सनातनियों को कलंक से मुक्ति मिली है और इससे सर्वत्र हर्ष है। शताब्दियों की प्रतीक्षा और संघर्ष के बाद अयोध्या में निर्मित भव्य व नव्य मंदिर में श्रीराम विग्रह के प्राण की प्रतिष्ठा से पूरा देश राममय हो गया है। उन्होंने कहा कि राम सबके है, राम बांटते नहीं जोड़ते हैं। प्रभु श्री राम के धाम अयोध्या में भव्य मंदिर के निर्माण और उसमें प्रभु के विग्रह के प्राण-प्रतिष्ठा से पूरे देश के साथ ही बिहार में भी हर्षोल्लास है। प्रदेशवासियों ने प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व 14 जनवरी से ही प्रदेश के सभी मंदिरों में स्वच्छता का अभियान चला कर प्रभु श्रीराम के प्रति अपनी अटूट आस्था को व्यक्त किया है। आज के पावन अवसर पर घर-घर दीप जलाकर प्रदेशवासियों ने अपनी खुशी को दशार्या है। श्री चौधरी ने डाक बंगला चौराहा पर आयोजित कार्यक्रम में माननीय राज्यपाल के साथ शामिल होकर कहा कि आज गर्वान्वित होने का दिन है। आज से प्रभु श्रीराम टेंट में नहीं अपने भव्य मंदिर में विराज रहे हैं। इसके पूर्व उन्होंने एस के पूरी स्थित शिव मंदिर पार्क में सुन्दरकांड का पाठ एवं भंडारा का उद्घाटन किया। श्री राम जानकी मंदिर,रामदेव कुंज अपार्टमेंट परिसर,स्टेट बैंक के समीप,पश्चिम आनंदपुरी में आयोजित कार्यक्रम, अधिवक्ता एस डी संजय के बंदर बगीचा स्थित आवास पर आयोजित कार्यक्रम और पूर्व विधान पार्षद रणवीर नंदन द्वारा गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में एवं विधायक संजीव चौरसिया के आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर आज के दिन को अविस्मरणीय और सौभाग्य का बताया। उन्होंने कहा कि सनातनियों के सदियों के संघर्ष और बलिदान का सुफल है कि आज अयोध्या में नव निर्मित भव्य मंदिर में श्रीराम लला विराजमान हुए हैं।

## राजधानी में एक साथ एक समय 201 मंदिरों में दीपोत्सव



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। श्री श्री महाशिवरात्रि महोत्सव शोभायात्रा अभिनंदन समिति के तत्वावधान में सोमवार को राजधानी के 201 मंदिरों में भजन-कीर्तन और एक साथ एक समय दीपोत्सव का आयोजन किया गया। दीपोत्सव का मुख्य कार्यक्रम खाजपुरा स्थित शिव मंदिर में हुआ जहां समिति के संरक्षक सह विधायक डॉ. संजीव चौरसिया की अगुआई में सैकड़ों रामभक्तों ने शाम 6 बजे दीप जलाकर प्रभु राम का अभिनंदन किया। बेली रोड फ़्लाईओवर के नीचे जय श्री राम का नारा लिखकर उसे दीयों से सजाया गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने शिव मंदिर में दीपोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। टेंट से रामलला को भव्य मंदिर में लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। वर्चुअल जूम ऐप के जरिये केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, मंदिर निर्माण की नींव की पहली ईंट रखने वाले कामेश्वर चौपाल व देश-विदेश से लोग भी दीपोत्सव के साक्षी बने। 51 मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारणइससे पहले प्राण प्रतिष्ठा समारोह का हिस्सा बनने के लिए लोगों में जबर्दस्त उत्साह दिखा। ठंड की परवाह किए बगैर लोग सुबह से देर शाम तक मंदिर परिसर में जुटे रहे। खाजपुरा शिव मंदिर के अलावा 50 मंदिरों में अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा समारोह का एलईडी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण किया गया। प्राण प्रतिष्ठा देख रहीं कई महिलाएं भावुक हो गईं।101 मंदिरों में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ उधर, नेपालीनगर के मनसा पूरण हनुमान मंदिर से राजवंशीनगर हनुमान मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। समिति के सदस्यों की ओर से 101 मंदिरों में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। पाटलीपुत्र चौराहा स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर समेत 90 मंदिरों पर दोपहर 1 बजे से भजन-कीर्तन और 25 मंदिरों पर अष्टयाम का आयोजन किया गया। अदालतगंज मंदिर समेत 30 मंदिरों पर भंडारा का आयोजन और 50 मंदिरों पर भोग प्रसाद का वितरण किया गया। दीपोत्सव के समय सभी 201 मंदिर जूम ऐप से जुड़े रहे।

## 51 हजार दीपों से जगमगाया डाकबंगला इलाका



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद समूचे भारतवर्ष में हर्ष और उल्लास का माहौल है। पटना में भी धूमधाम के साथ दीपोत्सव का त्योहार मनाया गया। इसे लेकर लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला। पटना के डाकबंगला में भी दीपोत्सव का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। इस समारोह का उद्घाटन बिहार के गवर्नर राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने दीप प्रज्जविलत कर किया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक नितीन नवीन, इखढ के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी सहित कई गणमान्य शामिल हुए। इस दौरान पूरे डाकबंगला इलाके को 51 हजार मिट्टी के दिये से सजाया गया था। जो देखते ही बन रही थी। पूरा इलाका दियों से जगमगा रहा था। इस दौरान आतिशबाजी भी की गयी। डाकबंगला इलाके में मौजूद राम भक्तों की भक्ति देखते ही बन रही थी। पूरा इलाका जय श्रीराम से गूंज उठा। डाकबंगला में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गयी जो भक्ति गानों पर झूमते दिखे।

## नागा बाबा ठाकुरवाड़ी में 24 घंटे का अखंड संकीर्तन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। श्री रामधुन संकीर्तन विश्राम के बाद सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में एलईडी टीवी के बड़े स्क्रीन पर अयोध्या में श्री राम लला के चिर प्रतीक्षित मंदिर का उदघाटन का सीधा प्रसारण देखा। उपस्थित लोगों द्वारा राम जी का जयकारा और तालियों पूरे मंदिर परिसर को गुंजायमान कर दिया। तदोपरान्त श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट द्वारा 1 क्विंटल दूध से निर्मित खीर प्रसाद का वितरण संध्या 4 बजें तक हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया, उसके बाद ढेर सारी रामभक्त महिलाओं ने मिलजुल कर मंदिर परिसर एवं प्रांगण में दीपो को सजाने की जिम्मेवारी संभाली। कमिटी के उपस्थित सारे सदस्यों ने मोमबत्ती जलाकर सारे दियो को प्रज्वलित करने का काम सायं साढ़े 5 बजें तक पूरा कर दिया रामदरबार का सजीव स्वरूप 4 बजें से ही मंदिर में विराजमान हो गया था, सारे दीपो का प्रज्वलन उनकी उपस्थिति में ही संपन्न हुआ। एम पी जैन ने बताया कि कार्यक्रम में श्री दशहरा कमिटी के, संयोजक मुकेश नंदन, राकेश कुमार, मनीष सिन्हा, आशु गुप्ता, कोषाध्यक्ष धनंजय कुमार,धर्मराज केसरी, दुर्गा राय, प्रेम कु गुप्ता, संजय बर्नबाल, रमेश मल्होत्रा, आर्य नंदन, हर्ष नंदन, पवन कुमार, ने अति उत्साह का प्रदर्शन किया, उपरोक्त सभी लोगों ने आपसी सहयोग द्वारा आतिशबाजी का प्रबंध किया था।


बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 95 वर्ष 2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 01.02..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 02.02..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 02.02..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Provision of Bathroom for Ladies in Sinchai Bhawan, Patna for the year 2023-24. | 9.91 | 19,900=00 | 1,250=00 | 01 माह |
| 2 | S/R to Painting of Inner Portion Garden B/Wall and Other Place of Bihar Vidhan Mandal Campus, Patna for the year 2023-24. | 1.00 | 2,000=00 | 500=00 | 01 माह |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 015711 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।


## पंचरूपी हुनमान मंदिर में भक्तों की उमड़ी भीड़, जले 2100 दीप



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के मौके पर राजवंशीनगर स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने बजरंगबली का दर्शन किया और पूजा अर्चना के बाद प्रसाद चढ़ाया। इस मौके पर मंदिर के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद व सचिव राजेन्द्र खां ने बताया कि अयोध्या में राममंदिर बनने की खुशी का इज हार करते हुए मंदिर में सुबह विशेष पूजा अर्चना की गयी। हनुमान जी को नया वस्त्र पहनाया गया और उन्हे विशेष भोग लगाया गया। हनुमान जी के पूजा अर्चना के बाद उनकी आरती उतारी गयी। दिन में भक्तों के बीच लड्डू, खीर व पूरी सब्जी का प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके मंदिर परिसर को विशेष लाईट मंगाकर मंदिर को सजाया गया था और शाम में मंदिर के चारो तरफ लगभग 5100 दीप जलाकर मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया। मंदिर परिसर में रविवार से चल रहे अष्टजाम का समापन हुआ और दिन भर जय श्री राम का जयघोष होता रहा। इस मौके पर मंदिर न्यास के सदस्य भगवान राम, इन्द्रभूषण कश्यप, कार्यालय प्रभारी ओमप्रकाश शर्मा, मुख्य पुजारी सुरेन्द्र दुबे, उपमुख्य पुजारी संतोष तिवारी, पुजारी श्रीकांत झा, अजय झा, राजेश झा, धीरज दुबे, विरजु मिश्रा, राजीव रंजन सिंह उर्फ राय बहादुर, राजा बाबू, सोनू सिंह, चुन्नु सिंह, विनोद यादव , ललन सिंह, ददन सिंह, प्रेम कुमार सहित बड़ी संख्या में भक्त जन मंदिर की व्ययवस्था में सहयोग कर रहे थे।

## रालोजपा कार्यालय में रामचरित मानस का पाठ, हवन एवं भंडारा का आयोजन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। अयोध्या में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस अयोध्या पहुँचें और भगवान श्रीराम का पुजा अर्चना कर दर्शन किया। केन्द्रीय मंत्री पारस ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूरा देश जश्न में डूबा है। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हर कोई हर जगह राममय दिख रहा है। आज का दिन देश के लिए ऐतिहासिक क्षण है, रामलला के आगमन पर देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री पारस के निदेशार्नुसार एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद प्रिंस राज के दिशानिर्देश पर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी प्रदेश कार्यालय पटना में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के छात्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश यादव के अगुवाई में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रामचरित मानस का पाठ, यज्ञ तथा हवन एवं भंडारा का आयोजन किया गया है। प्रदेश कार्यालय पटना में एलईडी स्क्रीन लगाकर लोगों को अयोध्या की प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा एवं रामलला की विराजमान तस्वीर एवं वीडियों लोगों को दिखाया गया। ललन चन्द्रवंशी ने बताया कि महिला प्रदेश अध्यक्ष डॉ स्मिता शर्मा ने प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गरीबों महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि इससे पहले कल भी प्रदेश कार्यालय पटना दीपोत्सव कार्यक्रम में 5100 दीप जलाया गया था। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विरेश्वर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अम्बिका प्रसाद बिनू, महिला प्रदेश अध्यक्ष डॉ स्मिता शर्मा, छात्र प्रदेश अध्यक्ष पवन वर्मा, राजेन्द्र विश्वकर्मा, छात्र के राष्ट्रीय प्रवक्ता विशाल यादव, विजय यादव, शुभम यादव, मोहन सिंह सहित कई कार्यकताओं ने प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रदेश कार्यालय में उपस्थित रहे।

## शक्तिधाम में हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड तथा भजन संध्या का आयोजन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बैंक रोड स्थित शक्तिधाम में अयोध्या में श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष पर सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड पाठ एवं भजन संकीर्तन का आयोजन श्री श्याम मंडल एवं शक्तिधाम महिला मंडल पटना द्वारा किया गया। यह जानकारी शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने दिया। इस हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड एवं भजन सन्ध्या में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं एवं पुरुष ने भाग लिया। इस भजन कीर्तन में महिला मंडल की शकुंतला अग्रवाल, चंदा पोद्दार, सुधा शर्मा, अनुसूईया खेतान, रेखा मोदी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शक्तिधाम स्थित हनुमान मंदिर में सियाराम जी का विशेष श्रृंगार आरती का श्रृंगार किया गया। पूरे मंदिर परिसर में सुंदर लाइटिंग व 501 दिए जलाए गए। कार्यक्रम में अमर कुमार अग्रवाल, पी के अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, सूर्य नारायण, ओम पोद्दार, ललन लाठ, गौरव शर्मा, शंकर शर्मा, विवेक शर्मा, शुभम शर्मा, संतोष खीरवाल आदि की प्रमुख भूमिका रही।


बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–96 वर्ष 2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक–30.01..2024 को 12.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति कि तिथि एवं समय : दिनांक–31.01..2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक–31.01.2024 को 3.30 बजे अपराह्न से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, भ0नि0वि0, पटना। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित भवन अवर प्रमंडल का कार्यालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य का विवरणी :

| क्रम सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (ओ0ग्रास) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Housekeeping & Maintenance of New MLA flat at Beerchand Patel Path, Patna for the year 2023-24. | 777858.00 | 16000.00 | 1250.00 | Up to March 2024 |

8. निविदा की विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देंखे।

PR. No. 015676 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।


## सोर्स सेग्रीगेशन एवं टैक्स कलेक्शन के लिए पटना नगर निगम ने शुरू किया मिशन 7 टू 11

### 29 फरवरी तक नगर निगम क्षेत्र के संपत्ति कर के लिए भवन स्वामियों द्वारा कराया जाएगा कर का भुगतान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सूखे एवं गीले कचरे के अलग से निष्पादन एवं संपत्ति कर के भुगतान के हेतु पटना नगर निगम द्वारा एक माह का विशेष अभियान मिशन 7 टू 11 शुरू किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत पटना नगर निगम की टीम सभी वार्डो में घूमेगी। गौरतलब है कि पटना नगर निगम के राजस्व की वसूली लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत करने एवं ठोस अपशिष्ट के निष्पादन एवं प्रबंधन के उद्देश्य से मिशन 7 टू 11 की शुरूआत सोमवार से की जा रही है जो कि 29 फरवरी तक चलेगा।

**जिंगल के माध्यम से किया जाएगा जागरूक :** आम जनों तक प्रतिदिन पहुंचने वाली डोर टू डोर कूड़ा वाहन एवं नगर निगम की अन्य गाड़ियों पर भी जिंगल के माध्यम से पटना नगर निगम द्वारा जन जागरूकता संदेश दिया जाएगा। इस मिशन के तहत पटना नगर निगम के सभी अंचलों में गठित सभी जोन में 02-02 टीम की तैनाती की गई है। इनको पूर्व में प्रशिक्षण भी दिया गया है।

**टीम के कार्य की रूप रेखा :** प्रत्येक टीम के सदस्य अपने-अपने आवंटित वार्ड में पूर्वाह्न 07 बजे से पूर्वाह्न 11 बजे तक सम्पत्ति कर बकाया रखने वाले भवन-स्वामियों से मिलकर सम्पत्ति कर की वसूली सुनिश्चित करेंगे। साथ हीं भवन/ प्रतिष्ठान के स्वामियों को ठोस अपशिष्ट को वेस्ट सेग्रीगेशन हेतु जागरूक करेंगें तथा गीला-सूखा कचड़ा अलग-अलग संधरित कर निगम के डोर-टू-डोर वाहनों में डालने का अनुरोध करेंगें। प्रत्येक टीम उक्त अवधि में पटना नगर निगम के सम्पत्ति कर के दायरे से बाहर के भवनों एवं प्रतिष्ठानों को चिन्हित करेंगे तथा उक्त भवन अथवा प्रतिष्ठान का निर्धरित स्व-कर गणना प्रपत्रा भराकर ऑनलाईन अथवा ऑफ लाईनइन सम्पत्ति कर के दायरे में लाना सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक टीम सभी सदस्यों को सम्पत्ति कर की वसूली एवं नया कर-निर्धरण के ऑनलाईन के माध्यम से कराने हेतु रेवेन्यू टीम एवं आईटी टीम के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। आरएटीम (मुख्यालय) प्रथम चरण में पाँच हजार से अधिक सम्पत्ति कर का बकाया रखने वाले भवन अथवा प्रतिष्ठान की सूची टीम को उपलब्ध कराई गई है। मिशन के दौरान प्रत्येक टीम के लिए 29 फरवरी तक सम्पत्ति कर वसूली का लक्ष्य प्रति टीम 01 करोड़ रुपए निर्धरित किया गया है। उक्त लक्ष्य के प्राप्ति हेतु प्रति टीम का दैनिक लक्ष्य 10 बकायेदार से वसूली तथा प्रतिदिन 10 नये सम्पत्ति कर का निर्धरण करना निश्चित किया जाता है। यह दैनिक लक्ष्य न्यूनतम होगा, टीम यदि सक्षम हो तो प्रति दिन 10 से अधिक बकायेदार से वसूली तथा नया कर-निर्धरण भी कर सकती है।

## करोड़ों राम भक्तों का सपना पूरा हुआ : चिराग

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने अयोध्या में भव्य श्री रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पत्र के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित की है। श्री चिराग ने पत्र में लिखा है कि प्रधानमंत्री जी, ।। राम राम ।। आज का दिन हम सभी भारतवासियों के लिए स्वर्णिम दिन है। जिसकी परिकल्पना लगभग 500 वर्षों से हमारे पूर्वज करते आ रहे थे, आज वो सार्थक हो पाया है। राम मंदिर का निर्माण हिंदुओं की आस्था से जुड़ा एक महत्त्वपूर्ण विषय है। बचपन से हमलोग राममंदिर निर्माण से जुड़े विवाद सुनते आ रहे है, आज अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण होना आपके साहसिक प्रयासों का परिणाम है। आपके इस सफल प्रयास से और देश की न्यायिक प्रक्रिया के ऐतिहासिक निर्णय से ही राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण संभव हो पाया है। आज इस पवित्र धाम पर रामलला का भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह हैं। मैं स्वयं को अत्यंत गौरवशाली समझता हूं कि इस ऐतिहासिक सांस्कृतिक उत्सव का मुझे साक्षी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। लेकिन आज मेरे लिए भावुक पल भी है। आपकी वजह से करोड़ों राम भक्तों का सपना पूरा हुआ है। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दिया।


बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं०–95 वर्ष 2023–24

भवन निर्माण विभाग के निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक–30.01.2024 के अपराह्न 12.00 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, द0बि0अं0, भ0नि0 विभाग, पटना/ कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग पटना, सहायक अभियंता, बेली रोड अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग पटना, सहायक अभियंता, साउथ बेली रोड अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना एवं गोलघर अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.30 बजे अपराहन मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रूपये में):–

प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य जो ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (ओ–ग्रास) के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी (कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, पटना) के पदनाम से प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का जमा होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास का (Computerize Receipt) रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा जो निम्न प्रकार है:– रू 0 से 50,000 रू. तक 250 रू./ 50,001 रू. से 2,50,000 रू. तक 500 रू./ 2,50,001 रू. से 5,00,000 रू. तक 750 रू./5,00,001 रू. से 10,00,000 रू. तक 1250 रू. /10,00,001 रू. से 15,00,000 रू. तक 2500 रू. । एवं अग्रधन की राशि 2% (कोटेड राशि का मूल दो प्रतिशत) कोटेशन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

| क्रम सं० | कार्य का नाम/विशिष्टियों |
|---|---|
| A | E/R to PH work in Old District Guest House at B.C Patel Path, Patna for the year 2023-24 (First Floor) |
| B | E/R to PH work in Old District Guest House at B.C Patel Path, Patna for the year 2023-24 (Ground Floor) |

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 015669 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### सपना बनी वित्त विभाग में सहायक अंकेक्षण पदाधिकारी

विभूतिपुर प्रखंड के पतैलिया निवासी राजीव प्रसाद सिंह व पूनम देवी की पुत्रवधू सपना कुमारी बिहार लोक सेवा आयोग सहायक अंकेक्षण पदाधिकारी की परीक्षा में सफलता हासिल कर वित्त विभाग के सहायक अंकेक्षण पदाधिकारी बनकर क्षेत्र का नाम रौशन की है। सपना के पति प्रभाकर कुमार बेगूसराय में वरीय उपसमाहर्ता के पद पर पद स्थापित है। सपना की सफलता पर फरजाना और गांव में ख़ुशी की लहर है। रिश्तेदार हुआ परिचित सपना के घर वालों एवं सपना को बधाई दे रहे हैं। बता दें कि सपना फिलहाल ऑडिटर पंचायती राज के पद पर पद स्थापित है नौकरी में रहते हुए भी इन्होंने तैयारी कर पहले प्रयास में सफलता हासिल की है। सपना ख़ुद की कड़ी मेहनत के बदौलत 26 वां स्थान लाकर दूसरे के लिए प्रेरणा बन गई है।

### गरीबों के बीच किया कंबल का वितरण

समस्तीपुर विकास मंच के संयोजक राकेश कुमार ठाकुर ने विशनपुर पंचायत स्थित अपने आवास पर सोमवार को गरीब, असहाय व जरुरतमंदों के बीच करीब तीन दर्जन कम्बल वितरित किया। अपने सम्बोधन के क्रम में उन्होंने कहा कि दूसरों के दुखों को समझना इंसान का धर्म होता है, इंसान में अगर सेवा की भावना जागृत हो जाए तो हमारा देश और समाज उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हो जाएगा। कहा कि समाज सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। गरीबों की सेवा करने से जो सुकून मिलता है वह दुनिया की कोई भी दौलत में सुकून नहीं मिल सकता है। मौके पर समाजसेवी कंचन ठाकुर, वीणा देवी, शेखर ठाकुर, ई. राजेश कुमार, जयलाल राय, रंजीत कुमार रम्भू, सीतेश ठाकुर, टुकटुक, कृशु, रिद्धि दात्री, नव्या नवेली आदि मौजूद थे।

### 5 फीट बजरंगबली मूर्ति कि प्राण प्रतिष्ठा

विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आलमपुर कोदरिया पंचायत के वार्ड 13 आलमपुर डीह स्थित चौबटिया के समीप नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर में बनारस से 5 फीट का बजरंगबली का मूर्ति लाकर सोमवार को स्थापित की गई एवं पंडित रामाश्रय सिंह, पंडित डॉ देवेंद्र के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा दिलाई गई। इस मौके पर समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से दो दिवसीय अष्ट्याम महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें 105 श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर कलश लिया। वहीं कलश भराई कार्यक्रम के लिए बड़ी धूमधाम के साथ यज्ञ स्थल से कलश शोभायात्रा निकाली गई। जो आलमपुर टावर चौक, माधोपुर सीवान भगवती स्थान होते हुए प्राथमिक विद्यालय आलमपुर डीह पहुंची। जहां कलश भराई कार्यक्रम हुआ। उसके बाद पुनः कलश लेकर व्रती यज्ञ स्थल पहुंचे। वहीं निवर्तमान प्रखंड प्रमुख रूपांजलि कुमारी एवं भाजपा नेता अरविंद कुमार कुशवाहा के द्वारा संयुक्त रूप से प्रवेश द्वार का फीता काटकर कलश व्रती को मंडप में प्रवेश कराया गया। जहां पंडितों के द्वारा मंत्रों चरण के साथ दो दिवसीय अष्ट्याम महायज्ञ शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में पूर्व मुखिया चंद्रदेव प्रसाद सिंह, डॉ देवेंद्र कुमार शिक्षक, डॉ रामहित महतो, हरेराम सिंह, जगदीश महतो, धर्मेंद्र प्रसाद, रामप्रवेश सिंह, मुकेश कुमार सिंह, मंजय लाल, शिव शंकर महतो, मंजीत कुमार समेत अन्य लोग सहयोग कर रहे थे।

### विद्यालय के भवन का शिक्षा समिति के अध्यक्ष ने किया उदघाटन

विभूतिपुर प्रखंड के चकहबीब पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय यादव टोल चकहोजा वार्ड -4 में समग्र शिक्षा अभियान के तहत बने नव निर्मित विद्यालय भवन का उदघाटन विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष अनिता देवी, एचएम विभा कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मालूम हो इस विद्यालय में तीन वर्ग कक्ष, एक एचएम कक्ष और शौचालय का निर्माण समग्र शिक्षा अभियान से 27 लाख 53 हजार की प्राकलित से हुआ है। उदघाटन समारोह में सूरज कुमार, अनिशा कुमारी, मधु सिंह, पंकज कुमार, अरुण कुमार झा, राजू मिश्रा, कपिलदेव प्रसाद सिंह, रविन्द्र रजक, अजय कुमार झा, रघुवंश प्रसाद सिंह, प्रियंका कुमारी, मो. अरशद नूरानी, रंजू कुमारी आदि थे। विदित हो इससे पूर्व यह विद्यालय भवन के अभाव में उत्क्रमित मध्य विद्यालय शाहपुर परोही में शिफ्ट होकर चल रहा था। आज से इस विद्यालय का संचालन अपने भवन में होने लगा है।

# अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर मठ मंदिरों से निकली शोभा यात्रा, कलयुग में त्रेता युग की भावना : राजीव

**प्रात : किरण संवाददाता**



दरभंगा रामपुर रहमगंज स्थित मतरंजन तालाब से पवनसुत व्यायाम शाला एवं रामपुर रहमगंज के सभी राम भक्तों की ओर से झांकी और शोभायात्रा निकाली गई। विश्व हिंदू परिषद के सह जिला मंत्री, राजीव प्रकाश मधुकर ने बताया आज पूरे भारतवर्ष में रामराज की प्रकाश की प्रकल्पना सफल हुई। विश्व हिंदू परिषद का यह अटल संगकल्प था जिस दिन प्रभु का भवन बन जाएगा उस दिन भारत में रामराज आएगा और आज वह समय आ चुकी है। पूरे दरभंगा नगर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। उन्होंने कहा प्रभु श्री राम के आगमन पर और राम भक्तों में एक अलग सा ही उत्साह दिख रहा है। सभी राम भक्तों के घर पर भगवा ध्वज एवं मुख्य मार्गों पर भगवा ध्वज लहरा रहा है। मधुकर ने बताया हम लोगों ने जिस तरह से अपने धर्म और अयोध्या में राम जन्मभूमि के जुड़े हुए कुछ-कुछ कार्य को किया गया था आज उसी कार्य से हम लोगों को सफलता मिली है। हम लोगों ने तो कार सेवा नहीं की लेकिन एक अलौकिक समय में हम लोग जरूर शामिल होकर अपने आप को एक सत्य राम भक्त साबित करने का प्रयास किया। हम लोगों ने तो राम जी के विवाह में बारात में शामिल नहीं हुआ लेकिन जब अयोध्या से प्रभु श्री राम का बरात मिथिला के धाम अहिल्या स्थान में आया तो उसका नेतृत्व अहिल्या स्थान से दरभंगा जनकपुर के लिए किया वहीं इस करी में नेपाल देश से जब अलौकिक पत्थर शालिग्राम पत्थर जो नेपाल से भारत प्रवेश हुआ उसे समय जाती बॉर्डर से आदरणीय विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष जिवेश वर मिश्रा विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं राम जन्मभूमि के नियम डालने में जिनके द्वारा नियुक्त दलय कामेश्वर चौपाल के और हमारे संयुक्त नेतृत्व में जाति बॉर्डर से भारत में शीला पट को लाया गया यह अलौकिक चांद था यह क्षण राम सीता के दर्शन की अनुभूति की मंदिर निर्माण के दौरान नेपाल से निकाल रामशिला यात्रा के दौरान कलयुग में त्रेता युग का नजारा दिखा जिस तरह से राम सीता विवाह करके लौट रहे थे जगह-जगह पर स्वागत हो रहा था वही दृश्य दिख रहा था इस यात्रा को लेकर साथ-साथ चलने वाले राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अयोध्या ट्रस्ट के सदस्य कामेश्वर चौपाल इस यात्रा के साथ स्वयं चल रहे थे 31 जनवरी 2023 उनके जीवन का ऐसा दिन है जिसे कभी भुला नहीं जा सकता उसे दिन जनकपुर से भारत की भूमि में प्रवेश किए थे भारतीय सीमा पर तो लोग सड़क पर बढ़ गए और राम-राम की जय घोष होने लगा आज पूरे देश भर में राम जी के जय घोष से देश गंज उठ रहा है अयोध्या से लेकर पूरा देश विदेश प्रदेश राम-राम के नाम से गूंज रही है वही इस करी में आज रामपुर रामगंज के हरनाथ मंदिरों पर भगवान की आरती अष्टयाम हनुमान चालीसा का पाठ कीर्तन भजन एवं सुंदरकांड का पाठ किया जा रहा है शहर पूरा सर्च कर तैयार है सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं कार्यक्रम में उपस्थित महेंद्र सोनी राजेंद्र सोनी सुरेंद्र पंडित पूर्व एमएलसी अर्जुन सोनी नगर विधायक संजय सरबजीत उमेश स्वामी प्रकाश साहनीहमारे रामपुर में राजा टिंकू संदीप भगत गिरधारी फुल मंडल लालू विजय शंकर संतोष भगत राम रंजन प्रकाश मधुकर जी गंगा बैठा जी महेश यादव जी कार्तिक भगत जी शंभू ठाकुर जी विकास चौधरी जी रामबाबू प्रसाद पवन साहनी अमरनाथ प्रसाद मां जैसा गणेश पंजियार उलाला मुन्ना महासेठ किशन राव इन सभी के द्वारा पूरा रामगंज नाका नंबर 6 तक साक्षरिया की व्यवस्था की गई कीर्तन मंडली की व्यवस्था की गई।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के महोत्सव में राम मय हुआ क्षेत्र



**प्रात : किरण संवाददाता**

दरभंगा राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को क्षेत्र का वातावरण राम मय हो गया। प्रखंड क्षेत्र के सभी गांव-मुहल्लों एवं घरों में लोग राम भक्ति में लीन रहे। इस अवसर पर नेहरा गांव स्थित राम जानकी मंदिर परिसर से हजारों की संख्या में महिला, पुरूष, बच्चे, बूढ़े भगवा ध्वज तथा राम, सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की झाँकी के साथ झूमते हुए जुलूस निकाला। लोगों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। साथ ही भाजपा नेता जयराम चौधरी, उप मुखिया मनोज चौधरी, लोजपा रामविलास के प्रखंड अध्यक्ष रमेश चौधरी, श्याम सहनी, अवधेश पासवान आदि ने भीड़ को नियंत्रित करते रहे। सुबह जुलूस निकालने से पूर्व लोगों ने विधिवत पूजा अर्चना की और ढ़ाई क्विंटल लड्डू का भोग श्रीराम भगवान को लगाया। सकरी स्थित महावीर जी मंदिर से निकाला गया जुलूस भी आकर्षण का केंद्र बना रहा। जुलूस के लिए झंडा नहीं मिलने पर झंडे के रूप में लोगों ने दुकानों से लाल एवं पीले रंग के गमछा का उपयोग किया। इसके साथ ही प्रखंड मुख्यालय स्थित महावीर जी मंदिर, पुरानी बाजार स्थित राम जानकी मंदिर, राघोपुर स्थित पुजारी बाबा मंदिर, कटमा, बहुअरबा, बथई, गंगौली, उजान, जगदीशपुर, माउंबेहट, टटुआर, बघांत सहित अन्य सभी गांवों में लोगों ने जुलूस निकाला एवं भजन कीर्तन करते हुए इस महोत्सव में भागीदारी दी। सोमवार की सुबह से ही सभी मंदिरों में चल रहे अष्टजाम कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। इस अवसर पर सभी गांवों में सामूहिक भंडारा का भी आयोजन किया गया है, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों के शामिल होने की सूचना है। नेहरा गांव में आयोजित भंडारा में एक हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की जानकारी व्यस्थापक दिनेश उर्फ लालटून सहनी, राम चन्द्र सहनी, महेश सहनी, पंकज सहनी, अर्जुन सहनी आदि ने दी। इसी प्रकार सकरी स्थित महावीर जी मंदिर में भी हजारों लोगों के बीच प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर गांवों की महिलाओं ने दिनभर उपवास रखकर शाम को मंदिरों में दीप जलाकर इस महापर्व के रूप में प्रदर्शित किया है।

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद भव्य शोभा यात्रा निकाली

**प्रात : किरण संवाददाता**




कुशेश्वरस्थान दरभंगा : अयोध्या में प्रभु श्री राम के विग्रह प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर सोमवार को कुशेश्वरस्थान बाजार स्थित माँ वैष्णवी पूजा मंदिर के पूजा समिति सदस्यों के द्वारा अध्यक्ष चंद्रभूषण चौधरी के नेतृत्व में भव्य पद शोभायात्रा निकाली। शोभा यात्रा वैष्णवी पूजा मंदिर से निकाल कर कुशेश्वरस्थान महादेव मंदिर होते पूरा बाजार का भ्रमण करते हुए पुनः वैष्णवी मंदिर पर पहुंचकर समापन किया गया। लोगों से कहा कि 500 वर्षों के बाद यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है। भव्य राम मंदिर में रामलाल की प्रण प्रतिष्ठा हुआ। इस दौरान जय श्री राम जय जय श्री राम की गगनभेदी नारों क्षेत्र का वातावरण गूंजीमन हो रहा था। साथ ही लोगों से अपील की जा रही थी कि शाम पढ़ते ही अपने-अपने घरों में दीप प्रज्वलित कर उत्सव मनाए। इससे पूर्व आयोजित अष्टयाम का समापन पंडित आचार्य राज नारायण झा के द्वारा मुख्य सामान पंकज चौधरी को विधिपूर्वक पूजा कराते अष्टयाम का पूणार्हुति किया गया। मौके पर अध्यक्ष चंद्रभूषण चौधरी, सचिव मनोज नायक, कोषाध्यक्ष राम लखन सोनी, नगर पंचायत कुशेश्वरस्थान पूर्वी के मुख्य पार्षद शत्रुधन पासवान उर्फ जरुन पासवान, पंडित आचार्य राज नरायण झा, चंदन पोद्दार, शम्भू नायक, अरविन्द पोद्दार, गोरी शंकर चौधरी नवल चौधरी, सहित सैकड़ो राम भक्त शामिल थे।

## मलंगिया राम जानकी अर्धनिर्मित मंदिर से भगवान राम सीता की मूर्ति चोरी

**प्रात : किरण संवाददाता**

मधुबनी रहिका थाना क्षेत्र अंतर्गत मलंगिया गांव के बाबा कुट्टी स्थित अर्ध निर्मित रामजनकी मंदिर से भगवान श्री राम और माता सीता, लक्ष्मण हनुमान की मूर्ति की चोरी की घटना सामने आ रही है। वही स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि रात के लगभग 10बजे ही भगवान की मूर्ति आश्मजिक तत्वों के द्वारा चोरी कर लिया गया साथ ही मंदिर से घंटी, कमंडल के साथ फूल माला से सजे मंदिर गेट से भी फूल को नोच कर भी चोरों ने चोरी कर लिया है।

इस संदर्भ में मलंगिया पंचायत के पूर्व सरपंच व मंदिर के सेवादार रामनारायण महतो ने बताया कि मंदिर का जमीन रघुनाथ महतो का है जिसपर सारे समाज मिलकर मंदिर बनाए। उन्होंने थाना में एक लिखित आवेदन दी जिसमे उन्होंने कहा कि मंदिर बनने के बाद इस पर गांव के कुछ लोग अपनी निहित स्वार्थ के कारण पंचायत चुनाव के समय से ही इस मंदिर पर विवाद करने लगे। जिसका कारण थाना स्तर से 107 के साथ धारा 144 द0प्र0स0 की कार्यवाही भी पूर्व में हो चुकी है दिनांक 21जनवरी 2024को रात्रि लगभग



11बजे जब हम सोए हुए थे

तो उसी समय अचानक कुछ लोग मेरे सामने हथियार से लैस था और मैं अवाक रह गया बोल रहा था की कुछ बोलोगे तो काट दुगा और उसी बीच कुछ लोग भगवान की मूर्ति चोरी करने में लगे थे जिसका आहट मैंने सुना लेकिन डर से विरोध नही किया। तथा उन्होंने अपने आवेदन में गांव के ही रामभरोष महतो एव अन्य दस लोगो के विरुद्ध आरोप लगाते हुए रहिका थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई।इस संदर्भ में रहिका थानाध्यक्ष राजकिशोर कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच पुलिस बल जांच पड़ताल में और लगातार मंदिर के पास कैंप कर रही है।आवेदन प्राप्त हुआ है आगे की करवाई की जा रही है।

## तीन बार की विजेता चपरिया टीम को दामला की टीम ने शिकस्त देते हुए फाइनल कप पर किया कब्जा

**प्रात : किरण संवाददाता**




मधुबनी रहिका प्रखंड के मिथिला के प्रसिद्ध देवघर कपिलेश्वर स्थान स्थित कपिलेश्वर क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित ङढछ 12 सीजन मैच का उद्घाटन काकरौल दक्षिणी पंचायत के मुखिया सनाल्लाह, ककरौल उतरी पंचायत के मुखिया पति नागेंद्र चौरसिया के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर बैटिंग कर मैच का उद्घाटन किया।उद्घाटन का पहला दिन नयागांव और मिजार्पुर के बीच खेला गया।यह मैच नया गांव की टीम ने जीत दर्ज किया था। यह टूनामेंटके अंतिम फाइनल मुकाबला में दमला और चपरिया पहुंचे जबकि चपरिया के कप्तान ने टांस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। दमला के टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में विशाल 340 रनों का पहाड़ जैसा लक्ष्य खड़ा कर दिया उसके जवाब में चपरिया के टीम ने अंतिम ओवर तक महज275 रन ही बना सके इस तरह दमला के टीम ने इस मैदान से तीन बार फाइनल के चैंपियन रहे चपरिया की टीम को शिक्कत देते हुए विजेता शील पर कब्जा जमा लिया। इस टूनामेंट के मैन ऑफ मैच रहा गौरव कुमार जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 192रन बनाए।मैन ऑफ द सीरीज रहे चंदन कुमार वही बेहतरीन विकेटकीपर की अवार्ड तनवीर को दिया गया। बताते चले की स्पॉन्सर फर्नीचर मार्ट रियासत उर्फ कल्लू, सुनील, फरहान, सुशील बालाजी, बहुरन, निर्णायक कुंवर जी, राकेश, कॉमेंटेटर कलीम रियासत अली उर्फ कल्लू, नौशाद, अंकित ने अपने-अपने कार्य में बेहतरीन प्रदर्शन किया।वही कपिलेश्वर क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित केपीएल 12 सीजन मैच में विजेताओं दमला की टीम को विजेता कप के साथ 35 हजार रुपया तथा उप विजेता की टीम को 21हजार रुपए का चेक देकर दोनों टीमों को सम्मानित किया गया।मैच के मुख्य अतिथि राजद के युवा नेता आसिफ अहमद, नगर निगम उप मेयर अमानुल्लाह खान, नगर निगम के मेयर पुत्र प्रशांत कुमार, क्रीब्स हॉस्पिटल के डायरेक्टर मरगुम नेयाजी, ड्रा0 मनोज कुमार, अंबर जिलानी, जिला परिषद 24सदस्य प्रतिनिधि मधु राय, टेकनाथ झा, ककरौल दक्षिणी पंचायत के मुखिया सनाल्लाह खां, के साथ अन्य अतिथि गण के साथ कमेटी सदस्य सुनील, शुशील, मिस्टर सचिन, मिस्टर बहुरान के साथ अन्य कपिलेश्वर ग्राम वासीयो के दूरदराज इलाकों से आए हजारों की संख्या में दर्शक मैजूद होकर फाइनल मैच का आनंद उठाया।

## कर्पूरी परिचर्चा में बोले केसी त्यागी जननायक कर्पूरी ठाकुर के आदर्शों को आत्मसात करें युवा पीढ़ी

**प्रात : किरण संवाददाता**

समस्तीपुर ! सोमवार को कपूर्री परिचर्चा कार्यक्रम के आयोजन में बोले केसी त्यागी कपूर्री ठाकुर एक समाजवादी नेता थे। आज भी वे लोगों के दिलों में जिंदा हैं। आज के युवा पीढ़ी के साथ-साथ राजनैतिक दलों के लोगों को भी उनके आदर्शों को अपने अंदर आत्मसात करना होगा। वही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उक्त बातें सोमवार को कपूर्रीग्राम स्थित कपूर्री कांलेज के परिसर में स्व. कपूर्री ठाकुर के जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित कपूर्री चर्चा समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद केसी त्यागी ने कही। उन्होंने कहा कि स्व. ठाकुर जीवन भर दलित, शोशित एवं गरीबों के नेता थे। हमेशा लाचारों की आवाजों को बुलंद करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जब तक स्व. कर्परी ठाकुर, राममनोहर लोहिया, जेपी जैसे महान समाजवादी जिंदा थे तो उनको अपमान झेलनी पड़ी। लेकिन आज खुशी की बात है कि उनके मरणोपरांत पर उनके विचार समझ आ रहा है। उन्होंने कहा कि 10 प्रतिशत आरक्षण केन्द्र सरकार दे



रही उसका नीव रखने वाले भी कपूर्री ठाकुर ही थे। कपूर्री ठाकुर देश के पहले नेता थे जो महिलाओं के लिए भी आरक्षण की व्यवस्था की थी। कहां कि कपूर्री ठाकुर के जीवन पर जो लोग शोध रहे हैं वो निर्भिक हो जाते हैं। उन्हें किसी से डर नही लगती है। कपूर्री ठाकुर एक ऐसे गुलदस्ता हैं जो उन्हें कहीं भी सजाया जा सकता है। उनका मार्क्सवाद से भी कोई परहेज नहीं था। उन्होंने कहा कि बेलछी कांड के बाद सशस्त्र देने की मांग पहली बार कि तो वो कपूर्री ठाकुर थे। श्री त्यागी ने कहा कि स्व. ठाकुर में कभी वैचारिक भटकाउ भी नहीं आया। कपूर्री ठाकुर ने जो समाज सुधारने की लड़ाई लड़ी थी वो आज भी अधूरी है। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्य में बिहारियों की भाषा का मजाक उड़ाया जाता था। लेकिन उन्होंने सम्मान दिलाने का काम किया है। पहले वहीं नेता मंडल कमीशन को गाली देते थे। आज उन्हीं के नेता सब जगह कहता है जिसकी जितनी संख्या भाड़ीउसकी उतनी संख्या। वहीं भाजपा पर कटाक्ष करते हुए दिखे। उन्होंने कहा कि गांधी, लोहिया, जेपी एवं अंबेडकर तो महान थे ही। उसमे एक स्व. कर्पूर ठाकुर की भी स्थान है। उन्होने कहा कि कपूर्री ठाकुर सच्चे व देश भक्त समाजवादी नेता थे। उन्होंन भारत रत्न दिलाने एवं कपूर्रीग्राम में कपूर्री ठाकुर के नाम से एक अच्छी यूनिवर्सिटी के निर्माण कराने की मांग है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभापित देवेशचंद्र ठाकुर ने स्व. कपूर्री ठाकुर को महान समाजवादी बताया। वे समाज व देश के प्रति स्वच्छ विचार रखने वाले नेता थे। स्व. ठाकुर जैसे लोग कभी-कभी धरती पर जन्म लेते है। वहीं बनारस यूनिवर्सिटी से आयी छात्रा प्रज्ञा सिंह ने कहा कि कपूर्री ठाकुर के विचारों एवं राजनैतिक जीवन पर शोध कर रहें है। समाजवादी विचारधारा के प्रति प्रेरित किया गया। तब जननायक कपूर्री ठाकुर की विचार पहले आती हैं। कर्परी ठाकुर वो व्यक्ति हैं जिनका जीवन हमेशा बेदाग रहा है। उन्होंने कहा कि आज धर्म के नाम पर लोग राजनीत कर रहे हैं।

## मधुबनी शहर सहित जिले के महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानों का ले रहे है जायजा



**प्रात : किरण संवाददाता**

मधुबनी जिले में विधि व्यवस्था संधारण, शांति एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण को बनाये रखने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है।जिला नियंत्रण कक्ष पूरी तरह से मुस्तैद, जिला साइबर सेल एवं सूचना एवं जनसंपर्क की टीम 24 घण्टे सोशल मीडिया पर रख रही है नजर। अफवाह फैलाने वाले, असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर। सभी संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थानो पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद है। किसी भी परिस्थिति से निपटने हेतु तेज-तर्रार अधिकारियों से युक्त क्विक रिस्पांस टीम पूरी तरह से तैयार है। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार स्वयं पल-पल की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है, तथा विधिव्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे है। सुबह से ही वरीय अधिकारी मधुबनी शहर सहित जिले के महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानो का ले रहे है जायजा। विधिव्यवस्था को लेकर विभिन स्थलों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियो से मिलकर भी ले रहे है फीडबैक।अपर समाहर्ता नरेश झा एवं एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी के नेतृत्व में जिला नियंत्रण कक्ष से पल-पल की गतिविधियों पर रखी जा रही है नजर। जिला नियंत्रण कक्ष 24 दिसबर तक 24 घण्टे कार्यरत रहेगा। जिला नियंत्रण कक्ष में पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल मौजूद। किसी भी प्रकार की सूचना या जानकारी के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06276-224425 पर कर सकते है

## जुलूस में दो पक्षों के बीच विवाद, पत्थरबाजी में वाहन क्षतिग्रस्त



**प्रात : किरण संवाददाता**

सिंहवाड़ा संवाददाता दरभंगा सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के भवानीपुर पंचायत के भपूरा गांव में अयोध्या में आज हुए प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकले जुलूस में रास्ते की विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच पत्थरबाजी हुई। जिससे डीजे सेट पिकअप भान का कांच टूट गया वही एक बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार ने घटनास्थल पर पहुंच स्तिथि को नियंत्रित किया। घटना के बाद सीटी एसपी सागर कुमार, एसडीओ चंद्रिमा अन्नी सदर एसडीपीओ अमित कुमार सर्किल इंस्पेक्टर योगेंद्र रविदास व क्विक रिस्पॉन्स टीम ने मौके पर पहुंच घटना की छानबीन की फिलहाल स्तिथि नियंत्रण में है। वही घटना के बाद सदर एसडीपीओ अमित कुमार ने अपने दल बल के साथ गांव में फ्लैग मार्च निकाल लोगो से शांति बरतने की अपील की प्राप्त सूत्रों के अनुसार जुलूस कलवाड़ा गांव की ओर से आकर पेठियागाछी की ओर जा रहा था इसी बीच जुलूस के भपुरा गांव में प्रवेश करते ही दूसरे समुदाय के लोगो ने जुलूस को आगे जाने से ये कहकर मना कर दिया की ये निर्धारित रूट नही है। जिसके बाद जुलूस वापस लौट गई। वापस लौटने के कुछ देर बाद ही जुलूस पुनः भपुरा गांव में आ गई जिसके बाद जुलूस में शामिल लोग ग्रामीणों से बात कर ही रहे थे की इसी बीच कुछ आसामाजिक तत्वों ने जुलूस पर पथराव कर दिया। थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया की उन्हें जुलूस निकाले की जानकारी नहीं दी गई थी और ना ही कोई परमिशन लिया गया था घटना में शामिल आसामाजिक तत्वों की पहचान की जा रही है। फिलहाल स्तिथि नियंत्रित है।

## 140 करोड़ जनता खुद को गौरवान्वित महसूस कि



**प्रात : किरण संवाददाता**

दरभंगा जिस पल और जिस क्षण का हमें सदियों से इंतजार था आज उस शुभ दिन का साक्षी हमें भी बनने का अवसर प्राप्त हुआ और इसके लिए देश की 140 करोड़ जनता खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही है। हमारे प्रभु श्री राम आज पावन नगरी अयोध्या में आसीन हुए इससे ज्यादा खुशी का अवसर भला और क्या हो सकता है। ये बातें कहीं किसान मोर्चा भाजपा के दरभंगा जिलाध्यक्ष और रामभक्त संजय सिंह ह्यपप्पू सिंहह्ल ने। अलीनगर विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव और गली-गली में जय श्री राम की जय-जयकार गूंज रही थी। अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत रामभक्त संजय सिंह ह्यपप्पू सिंहह्ल अपने समर्थकों के संग क्षेत्रवासियों को बधाई देने के लिए निकले। तुलापट्टी, कोर्थू, बेनीपुर, हरियट, दुलरिया, पोहद्दी बेला, बघेला, एवं मनहर समेत कई जगहों पर श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इन सभी जगहों पर संजय सिंह ह्यपप्पू सिंहह्ल ने पहुंचकर तमाम रामभक्तों के साथ खुशियां बांटी। इस अवसर पर रामभक्त संजय सिंह ह्यपप्पू सिंहह्ल ने कहा कि आज का ये अवसर भावुक कर देने वाला है और कोई ऐसा भक्त नहीं जिसकी अंतरात्मा से खुशियों के आंसू नहीं निकल रहे हैं। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा वो करके दिखा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने दृढ़ इच्छाशक्ति के दम पर उस संकल्प को पूरा करके दिखा दिया जिसकी खातिर अनेक कारसेवकों ने अपनी जान तक दे दी। आज संपूर्ण राष्ट्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद ज्ञापित कर रहा है। रामभक्त संजय सिंह ह्यपप्पू सिंहह्ल ने ये भी कहा कि हम मिथिलावासियों के लिए भगवान राम पाहुन के समान हैं और आज प्रभु अपने भवन में विराजमान हो गए हैं इससे ज्यादा प्रसन्नता की बात हमारे लिए और क्या हो सकती है।

## क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में हसनपुर की टीम ने आतापुर की टीम को रौंदा, बनी विजेता



**हसनपुर, प्रात : किरण संवाददाता**

हसनपुर प्रखंड के हसनपुर पंजायत के शिवाला मंदिर के मैदान में आयोजित टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला हसनपुर बनाम आतापुर के बीच खेला गया। टॉस हसनपुर की टीम जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 165 रनों का लक्ष्य आतापुर को दिया। जवाब में उतरी आतापुर की टीम 89 रन पर ऑल आउट हो गई, हसनपुर 75 रनों से विजयी हुई। विजेता टीम को विनर कप जिला पार्षद सुजीत कुमार सिंह, जबकि उपविजेता टीम को उपसरपंच मनोज सिंह मुरारी ने कप से पुरस्कृत किया। मैन ऑफ दि सीरीज का खिताब अमन सिंह जबकि मैन ऑफ दि मैच का खिताब विजय बाउंसर को दिया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का प्रोत्साहन करते हुए खेल को बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र, गांव का नाम रोशन करने की अपील की। मौके पर जिला परिषद सुजीत कुमार सिंह, उप सरपंच मनोज कुमार सिंह मुरारी, संदीप पाटिल, ध्रुव ज्योति सिंह, विशाल सिंह, रोहित सिंह, अभिजीत कुमार, गगन कुमार, ओम कुमार, शिवम कुमार, सन्नी कुमार, टिंकू कुमार, आशीष, दिव्याशू चौहान, उत्सव, वेद, निशांत, सोनू आदि मौजुद थे।

## अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रखंड के मंदिरों में हुआ धार्मिक आयोजन राम भक्तों ने निकाली रैली

**विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता**

अयोध्या में रामलल्ला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विभूतिपुर प्रखंड के सभी मंदिरों में धार्मिक आयोजन के साथ-साथ राम भक्तों ने रैली निकाली। पूरा प्रखंड क्षेत्र भजन कीर्तन, अष्टयाम, रामायण, सुंदरकांड पाठ आदि धार्मिक अनुष्ठानों से भक्तिमय बना रहा। राम भक्त रैली निकालकर पटाखे फोड़ते हुए जश्न मना रहे थे। चकहबीब ठाकुरबाड़ी में रामायण पाठ ब्रह्म स्थान में अष्टयाम आयोजन के साथ-साथ राम भक्तों ने रैली निकाली। वही कल्याणपुर में हनुमान मंदिर सुंदरकांड पाठ बैंती पार राम जानकी मंदिर में अष्टयाम यज्ञ तथा काली मंदिर प्रांगण में दिन में शिव चर्चा शाम में भजन कीर्तन एवं रात्रि में राम सीता विवाह का आयोजन किया गया। जिसमें मां काली के संस्थापक कुशेश्वर पंडित, पूर्व मुखिया रणवीर कुमार विनोद, पुजारी मनोज झा, अरुण ठाकुर, संजीत चौधरी, संजीव शर्मा पप्पू महतो आदि गण्यमान्य लोग सहयोग कर रहे थे। वही कल्याणपुर दक्षिण समर्था में सुंदरकांड पाठ एवं रैली का आयोजन किया गया। मुस्तफापुर, साखमोहन, पतैलिया, सिंघिया उत्तर, सिंघिया दक्षिण, महथी उत्तर, महथी दक्षिण, देशरी करख, सहित पूरे प्रखंड के सभी मंदिरों में धार्मिक आयोजन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### डीलर संघ के पूर्व अध्यक्ष के निधन पर शोक

बोचहा।प्रखंड के उनसर पंचायत के जन वितरण प्रणाली विक्रेता सह एसोसिएशन के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष वशिष्ठ राय के निधन पर सोमवार को आपूर्ति कार्यालय परिसर में फेयर प्राइस डीलर संघ ने शोक सभा कर श्रद्धांजलि दी। लंबे समय से बीमार चल रहे डीलर वशिष्ठ राय की मौत 15 जनवरी को हो गई थी। संघ के सदस्यों ने उनके कार्यकलाप पर चर्चा करते हुए दो मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा की शांति की कामना की गई। संघ के सदस्यों ने कहा कि वे दिन रात लोगों की सेवा करने में लगे रहते हैं। उनके कार्यकलापों को लोग हमेशा याद रखेंगे। शोक सभा में संघ के राम पुकार साह, राजेंद्र प्रसाद यादव, राम आशीष साह, राम स्वरूप चौरसिया, लखिंद्र राम, चंदन कुमार, नवल कुमार, सुशील वर्मा, राम लग्न साह, पंकज कुमार, अरुण कुमार, चंदन कुमार, सुरेश पासवान, दिलीप कुमार, आलोक कुमार, मनोज कुमार, रवि रंजन गुप्ता व अन्य शामिल थे।

### पंचायतों में शिविर लगाकर सिंचाई के लिए मिलेगा बिजली कनेक्शन

किसानों को आर्थिक सशक्त बनाने के लिए सरकार ने नई पहल की है। अब किसानों को डीजल की बजाय बिजली आधारित फसल सिंचाई करने के लिए बिजली कनेक्शन मिलेगा। इसको लेकर सोमवार को बोचहा स्थित सनाठी पावर ग्रिड पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने कर्मचारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार किया है। जेई जितेंद्र कुमार ने बताया की पंचायतों में शिविर लगाने के लिए 23 जनवरी से 6 फरवरी तक तिथि निर्धारित की है। किसानों को सिंचाई के लिए निःशुल्क बिजली कनेक्शन देने का काम शुरू किया जाएगा। किसानों को आवेदन के साथ पासपोर्ट साइज एक फोटो, आधार कार्ड, जमीन संबधित कागजात जरूरी है। प्राप्त आवेदन की प्राथमिकता के आधार पर किसानों को खेत तक विद्युत आपूर्ति कराई जाएगी।

# मधेपुरा से रौता तक 26 करोड़ से बनेगी सड़क, निर्माण कार्य शुरू

## 21.83 किमी सड़क का होगा निर्माण, 18 फीट होगी सड़क की चौड़ाई



प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा । मधेपुरा गुमटी पुल से रौता तक 26 करोड़ की लगात से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का शिलान्यास सांसद दिनेश चंद्र यादव ने किया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजन के तहत मधेपुरा एनएच -106 से बेलारी रानीपट्टी होते हुए रौता तक सड़क का निर्माण होना है। जिसकी लंबाई लगभग 21.83 किमी है। वहीं 18 फीट सड़क की चौड़ाई होगी। सांसद ने कहा कि इस सड़क का निर्माण पीएमजीएस योजना के तहत 26 करोड़ से किया जा रहा है। जिससे यहां के लोगों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बन जाने से इस इलाके के लोगों की जिला मुख्यालय से सीधे संपर्क जुड़ जाएंगे। जिससे इलाके में विकास के द्वार खुलेंगे। वहीं शिलान्यास के बाद सांसद दिनेश चंद्र यादव साधुआ स्थित एलपीएस कालेज परिसर में सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण के लिए काफी प्रयास किया गया। जिसके बाद यह शुभ दिन आया है। उन्होंने कहा कि इस सड़क का निर्माण कार्य आरंभ हो गया। यह मेरे लिए सुखद है। उन्होंने कहा कि हमने आज तक जहां भी कार्य किया हुआ विकास किया। विकास मेरे संस्कार में है।

लक्ष्मीपुर से परमानंदपुर तक 23 करोड़ से बनेगी सड़क

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत एक और सड़क स्वीकृत हुआ है। यह सड़क लक्ष्मीपुर से गमैल भाया परमानंदपुर तक बनेगी। इस पथ की लंबाई 18 किलोमीटर व 23 करोड़ रुपये से इसके चौड़ीकरण व मजबूतीकरण पर खर्च होंगे। वही आगे उन्होंने कहा कि भिरखी ढाला पर बन रहे 73 करोड़ से आरओबी का निर्माण कार्य जल्द शुरू होने जा रहा है। ताकि जिले के लोगों को जाम से मुक्ति मिल सके।

सिंहेश्वर के केलाबाड़ी से मानिकपुर तक बनेगा बायपास

सांसद ने कहा कि सिंहेश्वर के केलाबाड़ी से मानिकपुर तक एक नए बाय पास का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए भारत सरकार को पहले ही प्रस्ताव दिया था। भारत सरकार ने मेरी बात को मानते हुए बाय पास के निर्माण के लिए सर्वे शुरू कर दिया है। इसके निर्माण से यहां जाम की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि एएच 107 के भी लगभग कार्य लगभग पूरा हो गया। जो यहां के लोगों की वर्षो की मांग थी। मौके पर पूर्व विधायक अरूण यादव, जिप अध्यक्ष मंजू देवी, अखिलेश यादव, सांसद प्रतिनिधि प्रो. बिजेंद्र नारायण यादव, डॉ.सत्यजीत यादव, डॉ. नीलाकांत, प्रो. सुजीत मेहता, नरेश पासवान, जदयू मुख्य प्रवक्ता डॉ. नीरज कुमार, डॉ. वीबी प्रभाकर, अशोक चौधरी, जदयू सदर प्रखंड अध्यक्ष विनायक यादव, सदर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि गुड्डू कुमार, युवा जदयू नेता संतोष संगम, युगल पटेल सहित कई मौजूद थे।

# बाइक चोरी कर जा रहे 2 चोर को पकड़कर पुलिस को सौंपा



प्रात: किरण, संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) कुमारखंड थाना क्षेत्र के छर्रापट्टी स्थित नहर पुल के समीप बाइक चोरी कर जा रहे दो चोर को पीड़ित ने ग्रामीणों के सहयोग से पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित के आवेदन पर थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए चोर को पुलिस ने सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बताया गया कि कुमारखंड थाना क्षेत्र के गिदराही गांव में आयोजित भोज कार्यक्रम में गांव के ही चंदन कुमार अपने हीरो ग्लेमर बाइक से गए थे।भोज खाने के दौरान बाइक चोर बाइक चोरी कर जा रहे की जानकारी मिलते ही पीड़ित चंदन कुमार ने बाइक चोरी कर ले जा रहे चोर का ग्रामीणों के साथ पीछा किया। थाना क्षेत्र के छर्रापट्टी स्थित नहर पुल के समीप बाइक चोरी कर ले जा रहे दोनों चोर को पकड़ लिया।पकडे गए चोर को पीड़ित ने कुमारखंड थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़ गए बाइक चोर कुमारखंड थाना क्षेत्र के रानीपट्टी निवासी संदीप कुमार और अनिल कुमार बताया गया है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर उदय कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़ित द्वारा पकड़े गए उक्त दोनों बाइक चोर के विरुद्ध थाने में केस दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# टूनार्मेंट का पहला मैच में मधेपुरा की टीम ने सुपौल टीम को 6 विकेट से हराया



प्रात: किरण, संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) कुमारखंड प्रखंड के बिशनपुर सुंदर पंचायत स्थित परसाही खेल मैदान में आदर्श युवा क्रिकेट क्लब के द्वारा जिला स्तरीय टी 20 क्रिकेट टूनार्मेंट का विधिवत उद्घाटन ग्राम पंचायत के मुखिया गोपाल कुमार समाजसेवी प्रिंस कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुखिया गोपाल कुमार ने सभी खिलाड़ियों से बारी बारी से परिचय पत्र लेकर उनके हौसले को आपजाई किया। श्री कुमार ने खिलाड़ियों और खेल प्रेमी को संबोधित करते हुए कहा सुदूर इलाके में जिलाा स्तरी क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन करना यहां के खिलाड़ियों और ग्रामीणों के लिए गर्व की बात उन्होंने कहा खेल से आपसी भाईचारे बढ़ती है। खेल से शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है। दोनों टीम बेहतर खेल दिखाकर राज्य स्तरीय राष्ट्रीय स्तरीय पर अपना बेहतर परफॉर्मेंस देकर समाज परिवार और देश का नाम रोशन करें। समाजसेवी प्रिंस कुमार ने दोनों टीम के कप्तान को के सामने टॉस कराया। मधेपुरा की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। सुपौल टीम के खिलाड़ियों ने 18 ओवर में सभी विकेट होकर 166 रन का लक्ष्य मधेपुरा टीम को दिया। मधेपुरा टीम के बल्लेबाजों ने सुपौल टीम के लक्ष्य का पीछा करते हुए 16 ओवर में 4 विकेट होकर जीते हासिल कर लिया। मधेपुरा टीम के बल्लेबाज मोहम्मद चाहत ने मैदान के चारों तरफ चौके छक्के की भरमार लगाते हुए 48 रन अपनी टीम के लिए बनाए और बॉलिंग कर तीन विकेट भी उन्होंने हासिल किया। मोहम्मद चाहत को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैच के निर्णायक भूमिका रूप में आदित्य कुमार और गौरव कुमार ने निभाया। कोमट्री के रूप में बाबुल कुमार और मिशन कुमार ने अपनी अहम भूमिका निभाई। मैच के दौरान मौके पर ग्राम पंचायत के मुखिया गोपाल कुमार, समाजसेवी प्रिंस कुमार सिंह, अशोक यादव, चंदेश्वरी यादव, रामानंद यादव, अनिल कुमार यादव, सरयुग सरदार, जितेंद्र सरदार, मुकेश कुमार समिति सदस्य सुरेंद्र सरदार, मनोहर यादव, अभिनंदन यादव, प्रदीप कुमार, विनोद कुमार, प्रशांत कुमार, रोशन कुमार, संजय यादव, अनमोल यादव समेत हजारों की संख्या में खेल प्रेमी देखने के लिए मौजूद थे।

# फरोग- उर्दू - सेमिनार सह मुशायरे का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। फरोग-ए-उर्दू सेमिनार-सह मुशायरा एवं कार्यशाला का आयोजन जिला उर्दू भाषा कोषांग समाहरणालय मुजफ्फरपुर के तत्वाधान में आम्रपाली ऑडिटोरियम हॉल जुब्बा सहनी पार्क में फरोग मुजफ्फरपुर में हुआ।, कार्यक्रम का उद्घाटन प्रणव कुमार, जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर द्वारा किया गया । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि उर्दू किसी खास समुदाय की भाषा नहीं है, यह भारत की अनेक भाषाओं में से एक सुन्दर भाषा है। उर्दू भाषा को सरकारी मदद पूरे तौर पर हासिल होती रही है, यही वजह है कि यह अपनी कामयाबी की मंजिल पर अग्रसर है। उन्होने कहा कि उर्दू एक मीठी भाषा है। बात करने का हसीं तौर-तरीका सीखा, हम ने उर्दू के बहाने से सलीका सीखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वैसुर रहमान अंसारी, कोषागार पदाधिकारी-सह-प्रभारी पदाधिकारी, जिला उर्दू भाषा कोषांग समाहरणालय मुजफ्फरपुर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री अंसारी ने कहा कि उर्दू भाषा को किसी एक सीमा में नहीं बांधा जा सकता। इसमें रोजगार के साथ नौकरी भी मिल रही है। अतः इस भाषा को बच्चों में शुरू से ही तालिम दी जाए। इमतियाज अहमद करीमी, सदस्य बिहार लोक सेवा आयोग एवं मो० इमरान, निदेशक, उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना , ओम प्रकाश राय, प्राचार्य लंगट सिंह महाविद्यालय एवं पूर्व सदस्य बिहार लोक सेवा आयोग पटना, प्रो० इद मो० अंसारी, पूर्व उप कुलपति मौलाना मजहरुल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय पटना के साथ वैद्यनाथ प्रसाद, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी मुजफ्फरपुर, दिनेश कुमार जिला जनसंपर्क पदाधिकारी मुजफ्फरपुर, मो० शब्बीर अहमद सदस्य बिहार राज्य मदरसा बोर्ड पटना, राईन शाहिद एकबाल मुन्ना, प्रो० सैयद अबुजर कमालुद्दीन, प्रो० शिवरंजन चतुर्वेदी, विभागाध्यक्ष अंग्रजी लंगट सिंह कालेज मुज०, मो० रफी, श्री शमशेर आलम अंसारी, मो० बहाउद्दीन, रफिया बानों, गौतम कुमार, आफताब आलम अंसारी, मो० मेराज आलम, अब्दुल अल्लाम, अमानतुल्लाह, शब्बीर अहमद आलम अंसारी, आरजु खानम, शबनम परवीन, निकहत परवीन, जिन्नत परवीन ने उर्दू के विकास पर प्रकाश डाला इस कार्यपक्रम सह मुशायरा में मशहुर व मारुफ शायर असद रिजवी, शईद कादरी, अविनाश भारती, ताहिरुद्दीन ताहिर, शिबगतुल्लाह हमिदी, कामरान गनी सबा, अमीर हैदर अली, डा० जलाल असगर फरीदी एवं डा० आरती कुमारी ने मुशायरा में चार चांद लगाया।

# निधन पर जताया गया शोक



प्रात: किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) अनुमंडल क्षेत्र के बिहारीगंज मोहनपुर निवासी धर्मपरायण महिला जय देवी का 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह प्रो. स्व महेंद्र नारायण सिंह की धर्म पत्नी थी। उन्होंने अपने पीछे पुत्र राकेश कुमार पप्पू ,राजीव कुमार, पुत्री शर्मिला, सहित भरपुर परिवार छोड़ गई। उनके निधर पर शोक व्यक्त करने वालों में सांसद दिनेश चंद्र यादव, पूर्व मंत्री नरेंद्र नारायण यादव, विधान परिषद सदस्य डॉ. अजय कुमार सिंह, पूर्व मंत्री डॉ. रेणु कुशवाहा, पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना, कटिहार मेडिकल कॉलेज कटिहार में एसोसिएट प्रो. (डॉ.) पूजा भारती, प्राचार्य रविंद्र कुमार रमन, इंटक जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, डॉ. डिके सिन्हा, डॉ. इंन्द्र भुषन कुमार, डॉ. मनोज, डॉ. एके संत, डॉ. एके मिश्रा, डॉ. मिथिलेश कुमार, डॉ. विवेक भारती, राजद के प्रदेश सचिव देबेश सिंह, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश सिंह, हाजी अब्दुस सत्तार, प्रभात कुमार सिंह, गृजेश्वर प्रसाद सिंह उर्फ रतन बाबू, अखिलेश कुमार सिंह उर्फ नुनू बाबू, अजित कुमार सिंह, त्रिपुरारि कुमार सिंह, रमण सिंह, ठाकुर माधव सिंह तोमर, चितरंजन कुमार सिंह, अनुरंजन झा, जदयू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुमन कुमार सिंह, बिजय कुमार जैन, बिष्णु देव सिंह, अमृत कुमार, अमिताभ कुमार सिंह कन्हैया सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

# आंतरिक संसाधन की गयी समीक्षा, जिलाधिकारी ने दिया शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का निदेश



प्रात: किरण, संवाददाता

सहरसा। जिलापदाधिकारी वैभव चौधरी ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में आंतरिक संसाधन की समीक्षात्मक वैठक की। वाणिज्यकर बिभाग के संयुक्त आयुक्त ने बताया कि कुल लक्ष्य 136 करोड़ के विरुद्ध 83 करोड़ की प्राप्ति हो पायी है।जिलापदाधिकारी ने पूछा कि आप लक्ष्य कैसे प्राप्त करेंगे?संयुक्त आयुक्त ने कहा कि डिफाल्टर को नोटिस भेज रहे हैं।जिलापदाधिकारी ने कहा कि सभी बड़े प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करें।सभी सरकारी बिभागों को भी नोटिस दें।असेसमेंट की संख्या बढ़ाने के भी निदेश दिए गए। निबंधन पदाधिकारी ने कहा कि लक्ष्य के विरुद्ध प्राप्ति 95 फीसदी कर लेंगे।साइट विजिट कर रहे हैं।सदर के 92 मौजों में स्थल निरीक्षण कर निबंधन किया जा रहा है।परिवहन में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि बार्षिक कुल लक्ष्य 47.41 करोड़ के विरुद्ध 24.21 करोड़ रुपये की प्राप्ति हो चुकी है।वर्त्तमान माह में 71 फीसदी तथा वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध 51 फीसदी की प्राप्ति हुई है। जिलापदाधिकारी ने औचक निरीक्षण करने,वाहन के कागजात चेक करने,हेलमेट चेकिंग करने तथा ओवरलोडिंग चेकिंग नियमित करने का निदेश दिया।खान व भूतत्व द्वारा वार्षिक 12.59 करोड़ वसूली के विरुद्ध मात्र 10.80 लाख वसूली प्राप्त करने की जानकारी दी गई।जिलापदाधिकारी ने नियमित छापेमारी करने,नोटिस भेजने तथा अवैध खनन रोकने के निदेश दिए। राष्ट्रीय बचत कार्यपालक पदाधिकारी को भी खराब उपलब्धि पर भी कई निदेश दिये गए।मत्स्य विभाग द्वारा बताया गया कि कुल 46.35 लाख लक्ष्य के विरुद्ध 29.35 लाख की वसूली हो पाई है।

नगर निगम द्वारा बताया गया अब तक कुल 6 लाख 31 हजार रुपये की वसूली होल्डिंग कर से की गयी है।जिलापदाधिकारी ने निदेश दिया कि सरकारी कार्यालयों से होल्डिंग टैक्स वसूल करें।बड़े-बड़े वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों,अस्पतालों को नोटिस दें। सिंचाई विभाग द्वारा भी खराब वसूली पर कार्यपालक अभियंता से स्पस्टीकरण पूछा गया। जिला अंकेक्षण कार्यालय द्वारा वार्षिक लक्ष्य 9.50लाख के विरुद्ध मात्र 4.64 लाख की उपलब्धि पर जिलापदाधिकारी ने जिला सहकारिता पदाधिकारी तथा जिला अंकेक्षण पदाधिकारी को निदेश दिया कि वे वसूली का स्पष्ट ब्रेक-अप दें। विद्युत विभाग के वार्षिक 51 प्रतिशत के उपलब्धि पर भी नाराजगी जाहिर किया गया।उन्हें भी सभी सरकारी कार्यालय तथ बड़े प्रतिष्ठानों से वसूली तेज करने का निदेश दिया गया।सभी सरकारी भवनों पर लगे सोलर पैनल की सफाई तथा कार्यशील बनाने के निदेश दिए गए।

# वैशाली संसदीय क्षेत्र से वीणा ने पेश की दावेदारी

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । वैशाली से लोजपा की संसद वीणा देवी ने दावेदारी पेश करते हुए अपनी पार्टी और नेता चिराग पासवान में पूर्ण आस्था व्यियक्त किया है । उन्होंने कहा है कि पार्टी जो भी आगे निर्णय लेगी उसका वे सम्मान करेंगी।। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वह वैशाली की सांसद हैं । यहां से कोई जगह खाली नहीं है। आगे भी वैशाली संसदीय क्षेत्र से उनकी दावेदारी होगी । एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अंदरुनी विवाद को लेकर जब लोजपा दो खेमे में बंटी उस समय सही निर्णय लेने में भूल हो गई लेकिन जैसे ही उन्हें लगा कि लोजपा की आत्मा चिराग पासवान हैं वह उनके साथ हुई । उनके तमाम कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता हो रही है और जहां कहीं जरूरत होती है वे राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में तत्पर रहती हैं।उन्होंने स्वीकार किया कि राजग में एक घटक के तौर पर वैशाली संसदीय क्षेत्र लोजपा के खाते में है। इसलिए लिहाजन चिराग पासवान है इस सीट से प्रत्याशी निर्धारण के लिए अधिकृत होंगे। मोतीपुर में लोजपा सुप्रीमो चिराग पासवान के कार्यक्रम को लेकर किए गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि दूसरे के मंच पर उनका जाना मुनासिब नहीं होगा लेकिन जहां कहीं मौका मिलेगा वह राष्ट्रीय अध्यक्ष के सम्मान में खड़ी रहेगी। वैशाली संसदीय क्षेत्र से राजग में कई नेताओं की दावेदारी पर उन्होंने कहा कि स्थानीय होने के कारण क्षेत्र की जनता का स्नेह और समर्थन उन्हें हासिल है । आजादी के बाद से इस सीट पर वे सर्वाधिक मतों से जीतने वाली सासद रही है। उन्होंने कहा कि सुरेश शर्मा उनके बड़े भाई और अभिभावक तुल्य है ।उनकी सोच या फैसले पर किसी तरह की टिप्पणी नहीं कर सकती। पार्टी में शामिल हो रही विनीता विजय भी बड़ी बहन के समान है ।उनका स्वागत है।उनकी सोच और इच्छा पर भी टिप्पणी से बचते हुए वीणा देवी ने कहा कि वह अपने फैसले के बारे में बता सकती है बाकी का काम क्षेत्र की जनता और पार्टी के फैसले पर निर्भर है।

# राम की भक्ति में डूबी , हर गली-चौराहे पर गूंज रहा प्रभु का नाम; भगवा झंडे से पट गया पूरा शहर



प्रात: किरण संवाददाता

सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा। पांच सौ से अधिक वर्षो को इंतजार समाप्त हो गया। भगवान राम का प्राण प्रतिष्ठा होने के साथ ही पूरे देश में उत्साह का माहौल है। सुबह सवेरे ही सहरसा एवं सिमरी बख्तियारपुर जय श्रीराम के नारों से गूंज रही है। सिमरी बख्तियारपुर का माहौल पूरी तरह से भक्तिमय हो चुका है नगरी श्रीराम का धाम बन गई है। नगर परिषद के मुख्य बाजार, सड़क, गली, आवास, दुकान, प्रतिष्ठान समेत तमाम जगह भगवा ध्वज से पट गए हैं। ऐसा लग रहा है मानो यह कोई धाम है और यहां आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। वही मुख बाजार मैं युवा टोली द्वारा 100 किलो खीर के प्रसाद का वितरण किया गया जिसे स्थानीय युवा चंचल मोदी अमन कुमार मनोज मोदी केशव मोदी आदित्य मोदी बबलू गुप्ता सहित अनुभव ने वितरण किया हर ओर दिख रहा उत्साह श्रीराम मंदिर के पास पीले वस्त्र धारण कर और सिर पर पगड़ी बांध लोग जुटे हुए हैं। बच्चे राम भक्त हनुमान का मुखौटा लगाकर इधर उधर दौड़ रहे थे। बच्चियां और युवतियां सड़कों पर रंगोली बना रही थीं। वही महखर पंचायत के हुसैनचक गांव में कलश यात्रा निकल गई जो काफी भव्य रूप से दिख रही थी कलश यात्रा में हजारों कुमारी कन्याओं ने अपने सर पर कलश लेकर पूरे शहर का भ्रमण कर पुणे योग स्थल पर आकर समाप्त हुआ कलश यात्रा में शामिल भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश से मीडिया प्रभारी संजीव भगत ने कहा कि आज का दिन काफी ऐतिहासिक है क्योंकि हमें 500 वर्षों के बाद भगवान श्री राम के रामलाल का मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई है इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलीप शाह विजय शर्मा ललन सिंह संतोष शर्मा दीपक शाह एवं गांव के सभी श्रद्धालु ऑन एवं भक्तों सभी शामिल हुए।

# ऐजेंसी के माध्यम से प्रोफेसर की बहाली का विरोध शुरू



प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा । भूपेंद्र नारायण मण्डल विश्वविद्यालय के ओल्ड कैम्पस स्थित भूपेन्द्र प्रतिमा के समक्ष बीएनएमयू के सभी शोधार्थियों की एक आपात बैठक आयोजित हुई। बिहार सरकार की शिक्षा विभाग ने पत्र जारी कर कॉलेज और विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर की बहाली प्रक्रिया प्राइवेट ऐजेंसी को सौंप दी है। जिस पत्र के आलोक में पटना के किसी विकास ट्रेडर्स नाम की निजी कंपनी ने कुछ कॉलेजों में अध्यापन कार्य के लिए शिक्षकों की आपूर्ति प्रक्रिया शुरू कर दी है। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के शोधार्थियों, पी- एच. डी.और नेट-जेआरएफ उत्तीर्ण स्टूडेंट्स ने संयुक्त रूप से बैठक आयोजित कर बिहार सरकार की शिक्षा विभाग के इस निर्णय का कड़ा विरोध एवं खेद प्रकट किया। बैठक के उपरांत सभी स्टूडेंट्स विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर से मिलकर आवेदन सौंपा। दिए गए आवेदन के माध्यम से कहा कि विश्वविद्यालय के विभिन्न अंगीभूत महाविद्यालयों में निजी ऐजेंसियों के द्वारा सहायक प्राध्यापकों की बहाली की जा रही है। रमेश झा महिला कॉलेज, सहरसा में इस तरह चार लोगों की बहाली की जा चुकी है। कहने की जरूरत नहीं है कि इस तरह की बहाली में न तो कोई पारदर्शिता है और न ही किसी आरक्षण रोस्टर का पालन हुआ है। नियम-परिनियम को ताक पर रखकर विश्वविद्यालय से बिना कोई अनुमति के ये बहाली की गई है। वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा ने इस तरह की बहाली पर संज्ञान लेते हुए विश्वविद्यालय की अनुमति के बिना बहाली नहीं करने का सख्त निर्देश है। हाल ही में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना में हुए सीनेट की बैठक में भी इस तरह की बहाली का विरोध कर चुका है। अंत में सभी ने एक स्वर में कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर से रमेश झा महिला कॉलेज सहरसा के द्वारा बहाल सहायक प्राध्यापक की बहाली को अतिशीघ्र रद्द करने की मांग की। साथ ही यह भी मांग किया कि भविष्य में विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुमति के बिना किसी भी तरह की बहाली नहीं हो, इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द एक अधिसूचना जारी करें। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य पर विधिसम्मत कार्रवाई करने की कृपा की जाय। स्टूडेंट्स का कहना था कि बिहार सरकार का यह नया फरमान बिहार के शिक्षा-व्यवस्था को चौपट कर देगा। सरकार का यह फैसला कड़ी मेहनत करके नेट-जेआरएफ और पी-एच० डी. करने वाले स्टूडेंट्स का मनोबल तोड़ने वाला नियम है। इससे निजी कंपनियों के द्वारा प्रतिभाशाली और गरीब छात्रों का आर्थिक और मानसिक शोषण होना तय है। इसमें किसी भी तरह के आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं होगा। मनमर्जी अनुसार ये एजेंसी जब जिसे चाहे हटा देगी और जब जिसे चाहे ले आएगी। सरकार शिक्षा को निजीकरण करके शैक्षणिक संस्थानों को अनाथ बना देना चाहती है। यह प्रक्रिया अगर जारी रही तो बिहार की शिक्षा-व्यवस्था तो चौपट होगी ही साथ ही यहाँ की प्रतिभा का भी पलायन हो जाएगा। जिससे आगे आनेवाली पीढ़ियाँ बर्बाद हो जाएगी। सरकार इस फैसले को अविलंब वापस लें अन्यथा व्यापक स्तर पर इस निर्णय का विरोध किया जाएगा।

## कर्पूरी जयंती बुधवार को

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा । भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा में 24 जनवरी (बुधवार) को जननायक कपूर्री ठाकुर की 101 वीं जयंती समारोह का आयोजन सुनिश्चित है। इस बावत कुलपति प्रो. राजनाथ यादव के आदेशानुसार कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने पत्र जारी कर इह अवसर पर सभी पदाधिकारियों, संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, प्रधानाचार्यो, शिक्षको कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति का अनुरोध किया है। उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि इस अवसर पर सर्वप्रथम जननायक कपूर्री प्रतिमा स्थल (प्रस्तावित), अतिथिशाला परिसर पर पुष्पांजलि की जाएगी। तदुपरांत केन्द्रीय पुस्तकालय सभागार, प्रशासनिक परिसर (ओल्ड परिसर) में परिचर्चा होगी और पूर्व कुलसचिव प्रो. शचीन्द्र की तीन पुस्तकों ह्यभारत की जाति-प्रथा : एक संवैधानिक व्याख्याह्व, ह्यमनुस्मृति की तार्किक अध्ययन विधिह्व एवं ह्यभारतीय चतुष्पदीर द्वन्द्ववादी सामाजिक ज्ञानात्मक तर्क-प्रणालीह्व का लोकार्पण किया जाएगा।

## भारत जोरो न्याय यात्रा की सफलता हेतु की गई बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा । जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में भारत जोरो न्याय यात्रा की सफलता हेतु एक बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिंह यादव ने किया इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सहसंयोजक डॉ. तारानंद सादा ने कहा कि गरीब मजदूर महिलाओं सहित आम जनों पर अत्याचार हो रहा है न्याय अब सुलह नहीं रहा न्याय का गला घोट जा रहा है जिसके लिए हमारे नेता राहुल गांधी ने मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत की गई है क्योंकि भाजपा एवं मोदी सरकार की सदैव नीति रही है जातीय एवं धार्मिक विद्वेश फैलाकर लोगों को बांटना। मधेपुरा जिला से भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अधिक से अधिक आमजन की हिस्सेदारी हो इसीलिए यहां बैठक आहुत की गई है। एस मौके पर विभिन्न प्रखंड से आए प्रखंड अध्यक्ष ने अपने अपने विचार रखें। मौके पर डॉ.(प्रो.) अरुण कुमार, प्रमोद कुमार पप्पू, अनिल पोद्दार, कामेश्वर सिंह, सूरज नारायण राम बालेश्वर चौधरी, मो. नसिम, सौरभ कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत : नवीन



प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा । युवा जदयू के जिला कार्यकारिणी की बैठक युवा जिलाध्यक्ष नवीन कुमार मेहता की अध्यक्षता में राज होटल के परिसर में हुई। बैठक में जननायक कपूर्री ठाकुर के जन्म शताब्दी जयंती समारोह के सफल आयोजन पर चर्चा की गई। बैठक में युवा जदयू के कोसी प्रमंडल प्रभारी रूपेश कुमार गुलटेन, जिला संगठन प्रभारी राजेश रमण सहित सभी प्रखंडों से आए युवा जदयू के प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित थे। मौके पर युवा जदयू के कोसी प्रमंडल प्रभारी रूपेश कुमार गुलटेन ने कहा कि कपूर्री ठाकुर एक व्यक्ति नहीं एक विचार थे। जो समाज के लिए आज भी प्रासंगिक है। उनके विचार को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। युवा जदयू जिलाध्यक्ष नवीन कुमार मेहता ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी कपूर्री ठाकुर सत्य मार्ग नहीं छोड़े। जननायक कपूरी ठाकुर राज्य एवं राज्य वासियों के हित की बात आजीवन करते रहे। उन्होंने कहा कि कपूर्री ठाकुर एक महान पुरुष थे। उनकी शताब्दी जयंती समारोह 24 जनवरी को वेटरनरी कालेज ग्राउंड पटना में प्रस्तावित है। जिसमें जिले से हजारों की संख्या में युवा भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आह्वान पर की जा रही है जो ऐतिहासिक होगी। युवा जदयू के कार्यकर्ता पूरे जिले से इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिले के विभिन्न प्रखंडों से करीब एक हजार युवा जदयू के कार्यकर्ता पटना जाएंगे। मौके पर विकास कुमार यादव, अभिषेक सिंह, राजीव कुमार शर्मा, राजू कुमार मंडल, मु.शमशाद, मु.सदाब, वीरेंद्र पासवान, जंजीर कुमार मुखिया, राजकिशोर साह, विनय कुमार पटेल, सुनील सिंह, रंजन कुमार रमण, अजय मंडल, गोतम कुमार सिंह, नीतीश कुमार, अरविंद निषाद, आशीष कुमार सहित कई मौजूद थे।

सम्पादकीय

## गाइए रघुपति, रघुनंदन....

राकेश अचल

आज जन-गण-मन को गाने का नहीं रघुपति रघुनंदन के गीत गाने का दिन है। अयोध्या में कहीं छुप गए रामलला की वापसी का दिन है। रामलला के लिए नया मंदिर बनाया गया है। ये मंदिर राम जी को समर्पित कर उनके नवीन विग्रह में प्राण -प्रतिष्ठित करने का दिन है। हमारी समझ छोटी है इसलिए आज के दिन हमने उसे ताले में बंद कर दिया है, अन्यथा भगवा ब्रिगेड हमें विघ्नकारी मानकर परेशान हो जाएगी। इसलिए हम भी बहुमत के साथ रघुपति, राघव, राजा राम गा रहे हैं। भारत के हालिया इतिहास में आज की 22 फरवरी 2024 की तारीख राम जी की वापसी की तारीख के रूप में दर्ज की जाएगी। राम जी को वापस लाने वाले के रूप में किसका नाम दर्ज किया जाना चाहिए, ये आप खुद तय कर लें, क्योंकि राम जी के लिए सुना है कि लोग पांच सौ साल से लड़ रहे हैं। पांच सौ साल में हमारी कम से कम दस पीढ़ियां तो मर-खप गयीं होंगी। इन सभी को प्रभु रामजी ने रामाकार कर लिया होगा ऐसी हमारी धारणा है। राम जी भी एक धारणा हैं क्योंकिउनकी केनन कैमरे से खींची कोई छवि किसी के पास नहीं है। राम जी सबके हृदय में विराजते हैं। रामलला के रूप में उनकी छवि ठुमक चलत रामचंद्र, बाजत पैजनिया वाली है।

भारतीय यानि सनातन यानि हिन्दू धर्म के सभी नायक मन मोहक हैं। वे साकार स्वरूप में हमारे बीच हमेशा उपस्थित रहते हैं। कोई बांसुरी बजाता है तो कोई धनुष-बाण से लैस रहता है। सबके सब धर्म की स्थापना के लिए अवतरित माने जाते है। जब-जब होई धर्म के हानि, बाढ़ही असुर और अभिमानी तब-तब उनका अवतार होता है। इस समय भी ऐसे अवतारों की जरूरत है क्योंकि दुनिया में असुर और अभिमानी व्यक्तियों की बाढ़ आ गयी है। हमारे यहां तो एक ढूंढो तो हजार मिल जायेंगे। कहीं मंदिर में, कहीं समुद्र तट पर, कहीं यात्राओं में, कहीं संसद में। जैसे हरि सर्वत्र समाना था वैसे ही अब अभिमानी व्यापक सर्वत्र समाना हो गया है। बात राम जी की हो रही थी, राम जी को मै बचपन से जानता हूँ। हमारे यहां राम जी हो घनश्याम जी इन सबसे बच्चों का परिचय बचपन में ही करा दिया जाता है, ताकि वे भूलें-भटकें नहीं। मैंने कक्षा 5 में ही राम जी के चरित्र यानि रामचरित मानस पर एक अखिल भारतीय प्रतिस्पर्धा में द्वितीय स्थान हासिल कर लिया था। तब से रामजी मेरे आगे और मै राम जी के पीछे हूँ, लेकिन कोई ऐसा मानता नहीं है। सब मुझे रष्ट्रद्रोही और रामद्रोही मानते हैं, , क्योंकि मै रामजी के भक्त होने का ढिंढोरा नहीं पीटता। ताली-थाली नहीं बजाता। उनके नाम की पत्रकारिता नहीं करता। ऐसा करने से मुहे राम जी ने ही रोका। वे कहते हैं कि हर कार्य की मयार्दा है। राजनीति की भी। राम जी अपने आपको राजनीति में घसीटे जाने के खिलाफ हैं, किन्तु दुर्भाग्य ये की वे अब सरयू में समाधि लेकर दोबारा अवतार नहीं लेना कहते। वे लोगों के हृदय में ही रहकर सब तमाशा देखते रहते हैं। बहरहाल आज की तारीख की बात हो रही थी। आज की तारीख शुभ है या अशुभ ये तारीख निकालने और निकलवाने वाले जाने। हमें तो राम के स्मरण का हर क्षण शुभ ही लगता है। हम जब थके-मांदे या अवसाद में दीर्घ स्वांस लेते हैं तो मुंह से राम-राम या राधे-राधे ही निकलता है। भले ही हमारी राजनीतिक विचारधारा में ये दोनों कम ही बहते हैं। राम जी के नए भवन के लिए कितने करोड़, कहाँ से आये इसके बारे में देश की कोई ईडी, सीबीआई किसी न्यास या न्यासी से नहीं बूझ सकती। बूझना भी नहीं चाहिये। ये धर्म की अवमानना होगी। हम देश के सुप्रीम धर्मात्माओं की यहां तक की सुप्रीम कोर्ट की अवमानना कर सकते है। करते हुए देख सकते हैं, किन्तु धर्म की न अवमानना ना करते हैं और न करते हुए देख सकते हैं।

हमने 22 फरवरी की पूर्व संध्या पर अपने मुहल्ले के मंदिर में आयोजित सामूहिक भोज में सपत्नीक हिस्सा लिया। रामप्रसाद पाया और हम अपने आपको तरा हुआ अनुभव कर रहे हैं। हमारे यहां कोई भी शुभ कार्य हो हम सामूहिक रूप से जब तक खा-पी नहीं लेते हमारा मन तृप्त नहीं होता। हमारी कोशिश होती है कि हम दुनिया को सामाजिक रूप से दुर्बल न दिखाई दें। किसी को ये पता नहीं चलना चाहिए कि राम-कृष्ण की इस भूमि पर आज भी 80 करोड़ लोगों के पास काम नहीं है। काम नहीं है तो खाना कहाँ से खाएं बेचारे। रामनामी सरकार को ये व्यवस्था करना पड़ती है। मान लीजिये देश में रामनामी सरकार नहीं होती, कोई और सरकार होती तो उसे भी ये इंतजाम तो करना ही पड़ता। क्योंकि तमाम सरकारें एक जैसी ही होतीं है। कोई धर्म के नाम पर चलती है तो कोई धर्मनिरपेक्षता के नाम पर। धर्म शब्द दोनों में बाबस्ता रहता है।

आज चूंकि देश की बहु संख्यक आबादी खुश है इसलिए हम भी खुश हैं। शेष जो आबादी खुश नहीं है, या भयभीत है या आशंकित है, हम उसके साथ कैसे खड़े हो सकते है। खड़े होना भी चाहेंगे तो कम खड़े हो जायेंगे। आज का दिन तो रामजी के नाम है। हमें क्या पूरे देश को लग रहा है कि देश में रामराज आ गया है। रामजी जब राजा थे तब उन्हें एक सुविधा थी कि राज चलने के लिए उनके सामने कोई संविधान नहीं थी। कोई अदालत नहीं थी। कोई अधिकरण, ईडी, सीबीआई नहीं था। हर काम अपने पुरषार्थ से करना पड़ता था। धुनष भंजन किया तो अपनी दम पर।

## जूली के नेता बनने से मजबूत हुये गहलोत

रमेश सर्राफ धमोरा-

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खगे ने टीकाराम जूली को राजस्थान विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल का नेता मनोनीत किया है। टीकाराम जूली अलवर ग्रामीण से तीसरी बार विधायक बने हैं तथा गहलोत सरकार में मंत्री रह चुके हैं। जूली को कांग्रेस विधायक दल का नेता बनाकर कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान में दलित कार्ड खेला है। जूली राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने वाले पहले दलित नेता है। इससे पूर्व दलित नेता जगन्नाथ पहाड़िया राजस्थान में कांग्रेस सरकार के दौरान 13 महिने मुख्यमंत्री रहे थे। जूली कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह के नजदीकी नेताओं में सुमार होते है तथा अलवर के जिला प्रमुख व जिला कांग्रेस अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वह अपने तीखे बयानों के लिए भी जाने जाते हैं। राजस्थान कांग्रेस की राजनीति में जूली के नेता प्रतिपक्ष बनने के कई सियासी मायने भी निकाले जा रहे हैं। चर्चा है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट मुरारीलाल मीणा या अपने समर्थक अन्य किसी विधायक को नेता प्रतिपक्ष बनवाना चाहते थे। मगर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भंवर जितेंद्र सिंह के समर्थक टीकाराम जूली को नेता प्रतिपक्ष बनवा कर पायलट समर्थकों को अलग-थलग कर दिया है। प्रदेश की राजनीति में टीकाराम जूली जहां भंवर जितेंद्र सिंह के समर्थक है वहीं पांच साल तक गहलोत सरकार में मंत्री रहने के चलते उनके अशोक गहलोत से भी बहुत अच्छे संबंध बन गए हैं। इसी के चलते गहलोत ने उनके नाम का समर्थन किया था। सबसे बड़ी बात यह है की टीकाराम जूली का विधायक दल के नेता पद के लिये संभावित दावेदारों में कहीं नाम भी नहीं चल रहा था। कांग्रेस आलाकमान ने अचानक ही जूली के नाम की घोषणा कर सभी को चैंका दिया है। कांग्रेस ने जहां मल्लिकार्जुन खरगे को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर पार्टी से दूर जा चुके दलित मतदाताओं को फिर से पार्टी से जोड़ने की दिशा में काम करना प्रारंभ किया था। उसी कड़ी में राजस्थान में भी कांग्रेस ने दलित नेता को विधायक दल के नेता का पद देकर दलित समाज के लोगों को पार्टी से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अच्छी तरह से पता है कि जूली का कद कभी भी इतना बड़ा नहीं बन पाएगा कि वह भविष्य में मुख्यमंत्री पद के लिये दावेदार बन सके। प्रदेश में जब कभी कांग्रेस की सरकार बनेगी तो वह खुद प्रमुख नेता बने रहेंगे। ऐसे में टीकाराम जूली को प्रदेश की राजनीति में आगे बढ़ने से गहलोत को किसी तरह का खतरा नजर नहीं आ रहा है। जैसा उन्हें पायलट से हुआ था। प्रदेश में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कुल 34 सीटों में से भाजपा ने 22 सीटों पर जीत दर्ज की है। जबकि कांग्रेस ने महज 11 सीटें जीती है। एक सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी की जीत हुई है। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित कुल 25 सीटों में से भाजपा ने 12 और कांग्रेस ने 10 सीटें जीती है। शेष तीन सीट अन्य के खाते में गई है। वहीं 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 12 सीट ही मिली थी। वहीं कांग्रेस को 19 सीटें मिली थी। इसी तरह अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों में कांग्रेस को 12 सीटें और भाजपा को नौ ही सीटें मिली थी। इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक माने जाने वाले दलित व आदिवासी समाज ने भी कांग्रेस के मुकाबले भाजपा प्रत्याशियों पर अधिक विश्वास जताया है।

# 23 जनवरी जयंती पर विशेष: स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी आंदोलन के अग्रणी नेता नेताजी सुभाषचंद्र बोस

**आजाद हिन्द फौज के जांबाज सैनिक आगे बढ़ते जा रहे थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, आर्य समाज, अभिनव भारत जैसी संस्थाएं सुभाषचंद्र बोस के रास्ते पर चलने के लिए पूर्णतया तैयार थी। ऐसी विकट परिस्थितियों में भारत को छोड़ने के लिए अंग्रेज बाध्य हो गए थे। यह एक ऐतिहासिक सच्चाई है कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस के नेतृत्व में आजाद हिन्द फौज ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद पर अंतिम निर्णायक प्रहार किया था। 21 अक्तूबर 1943 को नेताजी द्वारा सिंगापुर में गठित आजाद हिन्द सरकार को जापान और जर्मनी सहित नौ देशों ने मान्यता दे दी थी। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पर इस सरकार ने 30 दिसम्बर को भारत का राष्ट्रध्वज तिरंगा फहरा कर आजाद भारत की घोषणा कर दी थी। अंडमान और निकोबार के नाम बदल कर शहीद और स्वराज कर दिए गए थे। यह भी सत्य है**





**अशोक प्रवृद्ध**
**लेखक**

वर्तमान सरकार भारत के इतिहास को पुनः सही रूप में प्रस्तुत करने, लिखने की गंभीर प्रयास कर रही है। सरकार, अनेक लेखक, इतिहासकार इतिहास के विलोपीकरण की प्रक्रिया को सिद्धांत, तर्क और तथ्यों के आधार पर स्थापित करने का भगीरथ प्रयास कर रहे हैं। जिससे देशवासियों के समक्ष अब तक रहस्यमय रहे इतिहास के पृष्ठों का अनावरण हो रहा है। मोहनदास करमचंद गांधी व जवाहरलाल नेहरू के छल भी धीरे-धीरे देश के समक्ष आते जा रहे हैं। गांधी और नेहरू ने कांग्रेस के प्रभावशाली व्यक्तित्वों को दबाने और उपेक्षित करने का भरसक प्रयास किया था। भारत के वर्तमान स्वरूप के प्रमुख संगठक स्वाधीन भारत के प्रथम उपप्रधानमन्त्री व गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल एवं प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के प्रति उपेक्षा का व्यवहार भी किया गया था। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी आंदोलन के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता के रूप में स्थापित नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रति भी इनका यही रवैया था। सुभाष चंद्र बोस से संबंधित फाइलों पर गृहमंत्री के अनुमोदन के पश्चात 14 अक्टूबर 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रमाणीकरण के हस्ताक्षर किए जाने के बाद नेशनल आर्काइव में सुरक्षित एक पत्र से इस बात की पुष्टि होती है कि जवाहरलाल नेहरू नेताजी सुभाष चंद्र बोस को युद्ध अपराधी मानते थे और उन पर कार्रवाई के लिए ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री क्लीमेंट एटली को 27 दिसम्बर 1945 को जवाहरलाल नेहरू ने एक पत्र प्रेषित कर लिखा था कि मुझे भरोसेमंद सूत्रों से पता चला है कि सुभाष चंद्र बोस जो आपके युद्ध अपराधी हैं, उन्हें स्टालिन ने रूस में घुसने की मंजूरी दे दी है। यह रूस का धोखा है, क्योंकि रूस ब्रिटिश अमेरिकन गठबंधन का मित्र देश है। उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था। इस पर आपको जो सही लगे वह कार्यवाही करें। यद्यपि पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा 27 दिसम्बर 1945 को लिखे गए इस पत्र पर केवल जवाहरलाल नेहरू का नाम लिखा है, और हस्ताक्षर नहीं है। लेकिन यह महत्वपूर्ण इसलिए हो जाता है कि इस पत्र का नेहरू के द्वारा कभी खंडन भी नहीं किया गया कि यह पत्र मेरे द्वारा नहीं लिखा गया। नेहरू ने इस पत्र में सुभाषचंद्र बोस को अंग्रेजों का युद्ध अपराधी बताया है। युद्ध अपराधी को सजा दिए जाने का अपना प्रावधान है। नेहरू के पत्र से यह स्पष्ट है कि नेहरू की इच्छा सुभाषचंद्र बोस को सजा दिलवाने की थी। उन्हें सुभाषचंद्र बोस को सजा दिलवाना अच्छा लग रहा था। इसीलिए स्वतंत्रता प्राप्ति के समय लॉर्ड माउंटबेटन से सुभाषचंद्र बोस को युद्ध अपराधी होने के कारण अंग्रेजों को सौंपने की शर्त भी नेहरू व गांधी ने स्वीकार की थी। 23 जनवरी 1897 को तत्कालीन बंगाल व वर्तमान उड़ीसा प्रांत के कटक में जन्मे सुभाषचंद्र बोस ने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ने के लिए जापान के सहयोग से आजाद हिन्द सरकार और आजाद हिन्द फौज का गठन किया था तथा सर्वप्रथम जय हिन्द का नारा बुलंद किया था। सुभाष 1937 में कांग्रेस के अध्यक्ष से चुने गए थे। उन्होंने नेहरू और गांधी के चहेते व समर्थित कांग्रेस के प्रत्याशी और कांग्रेस के इतिहास लेखक डॉ पट्टाभिसीतारमैया को हराया था। उन दिनों सुभाष चंद्र बोस की लोकप्रियता दिनानुदिन बढ़ रही थी। जिससे गांधी -नेहरू परेशान थे। कांग्रेस के यह दोनों नेता नहीं चाहते थे कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस लोकप्रियता में उनसे आगे निकलें। दोनों नेताओं की इच्छा थी कि डॉ. पट्टाभिसीतारमैया की जीत हो और नेताजी सुभाषचंद्र बोस को वे पीछे धकेलने में सफल हो सकें। लेकिन गांधी और नेहरू अपनी योजना में सफल नहीं हो पाए, और नेताजी चुनाव में जीत गए। इस जीत के बाद नेताजी सुभाषचंद्र बोस की लोकप्रियता के कारण सभी कांग्रेसियों ने भारी बहुमत से उनको अपना नेता चुन लिया। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की इस जीत से यह साफ हो गया कि कांग्रेस में गांधी- नेहरू के दिन लद चुके हैं और लोग किसी बड़े बदलाव का मन बना चुके हैं। पट्टाभिसीतारमैया के पराजय को गांधी ने अपनी पराजय बताया था। गांधी को यह साफ दिखाई देने लगा था कि अब उन्हें कांग्रेस में कोई पूछने वाला नहीं है। यही कारण था कि उन्होंने अपनी एकाधिकारवादी मनोवृति का परिचय देते हुए अपने कुछ विशेष अधिकारों का प्रयोग करने का मन बना लिया। उन्होंने नेताजी सुभाषचंद्र बोस से वातार्लाप तक बंद कर दी। जिससे क्षुब्ध होकर सुभाषचंद्र बोस ने कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया और फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना कर देश की स्वाधीनता के लिए काम करने लगे। नेताजी के इस कदम से उस समय अधिकांश कांग्रेसियों के दिल टूट गए थे। इसके बाद नेताजी ने सावरकर से संपर्क साधा और उनसे सलाह करने के बाद देश छोड़ने का निर्णय लिया। देश छोड़ने से पहले लाहौर के अनारकली आर्यसमाज में महाशय कृष्णजी ने उन्हें आर्य समाज की ओर से दस हजार रुपये आर्थिक सहयोग के रूप में दिए। इसके बाद नेताजी ने 21 जनवरी 1941 को देश छोड़ दिया। काबुल के रास्ते वेश बदलकर गुप्त रूप से वे रुस पहुंच गए। वहां से भारत को स्वतंत्र करने के लिए सारे प्रयास उनके द्वारा किए गए। वर्ष 1943 में सुभाषचंद्र बोस जर्मनी छोड़ जापान जा पहुंचे। और वहां मोहन सिंह और रास बिहारी के साथ मिलकर 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिन्द सरकार की स्थापना और आजाद हिन्द फौज का गठन किया। और इस फौज के साथ 4 जुलाई 1944 को वह बर्मा वर्तमान म्यांमार पहुंचे। 1944 में सुभाष ने अपनी आजाद हिन्द फौज को तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा दिया। उनके इस नारे मे देश भर में एक नई क्रांति को जन्म दिया। अंग्रेज भक्त गांधी और नेहरू की दृष्टि में यही सुभाषचंद्र बोस का अपराध था। क्योंकि सुभाषचंद्र बोस ने आजाद हिन्द फौज का गठन करके अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध प्रारंभ कर दिया था। जबकि गांधी और नेहरू ने शांति और अहिंसा का पुजारी होने के कारण कभी भी कोई संघर्ष प्रत्यक्ष तौर पर नहीं किया। लेकिन स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश में यह प्रचारित कर दिया कि आजाद हिन्द फौज की तलवारों से नहीं, बल्कि गांधी के चरखे कातने से देश में आजादी आई थी। यह कहकर सुभाष चंद्र बोस जैसे लाखों वीर सपूतों के बलिदान को इतिहास के पृष्ठों से गायब कर दिया, क्योंकि उनके बलिदान को इतिहास में दर्ज किए जाने से गांधी और नेहरू इतिहास पुरुष नहीं बनते। ल्लेखनीय है कि 3 मार्च 1943 को अंग्रेजों के कब्जे से जापान के द्वारा अंडमान निकोबार द्वीप समूह को मुक्त कराकर नेताजी को सौंप दिए जाने पर सुभाषचंद्र बोस की लोकप्रियता और भी बढ़ गई।

# अयोध्या: प्राण प्रतिष्ठा धार्मिक प्रहसन या राजनीतिक नाटक....?

**देश पर राज कर रही भारतीय जनता पार्टी के दिग्गजों की इसी सोच का यह प्राण प्रतिष्ठा परिणाम है। वैसे भी यदि राजनीतिक दृष्टि से पिछले चुनाव व उनके परिणामों पर गौर किया जाए तो 2014 का चुनाव मोदी की लहर पूर्ववर्ती सरकार की राजनीतिक असफलताओं पर निर्णय देने वाला चुनाव था, जिसमें मोदी की जीत हुई थी, इसी का थोड़ा-बहुत असर 2019 के चुनावों के परिणामों पर भी रहा, किंतु अब 2024 की जो राजनीतिक अग्निपरीक्षा (चुनाव) का मौका आने वाला है उसे लेकर स्वयं भारतीय जनता पार्टी की सोच है कि मोदी जी की चमक में उत्तरोत्तर कमी आती गई है और अब इस चमक में वह जादू या आकर्षण नही रहा, जो 2024 के चुनावी महासागर में भाजपा की नैया को पार लगा दे, इसी कारण सत्तारूढ़ दल द्वारा चुनाव के पूर्व राम मंदिर जैसे ह्यटोटकेह्न किए जा रहे है, जिससे कम से कम हिन्दू वोट भाजपा की झोली में ही रहे, कहीं बाहर न जाऐ और इसी सोच के कारण मुख्य प्रतिपक्षी दल कांग्रेस में भी घबराहट और बैचेनी का माहौल है**





**ओमप्रकाश मेहता**
**लेखक**

त्रैता युग में देश की राजधानी अयोध्या इन दिनों अपने भगवान राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सुर्खियों में है, इस मंदिर के प्रसंग के कारण पूरा भारत ह्यरामह्न के रंग में रंगा नजर आ रहा है, हर देशवासी के जुबान पर इसीलिए केवल और केवल ह्यरामह्न का नाम है, अब इस माहौल में हर बुद्धिजीवी के दिल-दिमाग से एक ही सवाल उठ रहा है कि इस प्रसंग को धार्मिक या आध्यात्मिक कहा जाए या राजनीतिक? क्योंकि आध्यात्म के साथ राजनीति भी इस घटनाक्रम से जुड़ी साफ नजर आ रही है और राजनीति का इससे तालमेल भी किसी से छुपा नहीं है, इसके साथ ही यह भी पूछा जा रहा है कि अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा महज पचपन दिन बाद (सत्रह अप्रैल) को आने वाले रामनवमी (राम जन्मदिवस) अभी ही क्यों की जा रही है, क्या इस पवित्र धार्मिक कार्य को रामनवमी को सम्पन्न नहीं किया जा सकता था? किंतु वास्तव में इस प्रश्न का मूल उत्तर यह है कि रामनवमी तक देश में लोकसभा चुनावों की आचार संहिता लागू हो जाती और सत्तारूढ़ दल को उसका राजनीतिक लाभ नहीं मिल पाता, इसलिए इस आध्यात्मिक कार्य के लिए बाईस जनवरी के दिन का चयन किया गया, वैसे इसी प्रश्न के संदर्भ में सवालकर्ता यह भी तर्क प्रस्तुत कर रहे है कि अयोध्या में जिस राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है, वह अभी पूरा बन भी नहीं पाया है, इस अधूरे निमार्णाधीन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है, जबकि रामनवमी तक इस मंदिर का निर्माण कार्य भी पूरा हो जाता, फिर प्राण प्रतिष्ठा की इतनी जल्दी क्या थी? तो इसका प्रच्छन्न सवाल यही है कि तब तक चुनावी आचार संहिता लागू हो जाती और सत्तारूढ़ दल को इसका राजनीतिक लाभ नहीं मिल पाता, क्योंकि इस मांगलिक को में प्रधानमंत्री की सक्रीयता उतनी नहीं रह पाती जितनी आज है।

देश पर राज कर रही भारतीय जनता पार्टी के दिग्गजों की इसी सोच का यह प्राण प्रतिष्ठा परिणाम है। वैसे भी यदि राजनीतिक दृष्टि से पिछले चुनाव व उनके परिणामों पर गौर किया जाए तो 2014 का चुनाव मोदी की लहर पूर्ववर्ती सरकार की राजनीतिक असफलताओं पर निर्णय देने वाला चुनाव था, जिसमें मोदी की जीत हुई थी, इसी का थोड़ा-बहुत असर 2019 के चुनावों के परिणामों पर भी रहा, किंतु अब 2024 की जो राजनीतिक अग्निपरीक्षा (चुनाव) का मौका आने वाला है उसे लेकर स्वयं भारतीय जनता पार्टी की सोच है कि मोदी जी की चमक में उत्तरोत्तर कमी आती गई है और अब इस चमक में वह जादू या आकर्षण नही रहा, जो 2024 के चुनावी महासागर में भाजपा की नैया को पार लगा दे, इसी कारण सत्तारूढ़ दल द्वारा चुनाव के पूर्व राम मंदिर जैसे ह्यटोटकेह्न किए जा रहे है, जिससे कम से कम हिन्दू वोट भाजपा की झोली में ही रहे, कहीं बाहर न जाऐ और इसी सोच के कारण मुख्य प्रतिपक्षी दल कांग्रेस में भी घबराहट और बैचेनी का माहौल है और इसीलिए उसकी तीक्ष्ण नजर अब गैर हिन्दू मतदाताओं पर है और उन्हें अपने पक्ष में करने के उपायों पर गंभीर चिंतन शुरू हो गया है, इस ह्यराममयह्न माहौल के कारण पूरे देश की बात तो दूर अकेले मध्यप्रदेश में ही कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव में 86 लाख वोटों का अंतर पाटना मुश्किल हो जाएगा, जब एक अकेले प्रदेश में यह स्थिति है तो पूरे देश में क्या होगी? यही आज कांग्रेस की सबसे बड़ी चिंता है। पिछले पांच चुनावों से भाजपा का जनाधार दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। इसलिए अब कांग्रेस की सोच का आकर्षण धर्मगुरू शंकराचार्य बनते जा रहे है, जिन्होंने इस राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा प्रसंग से अपने आपसे दूर रखकर इस आयोजन को ह्यराजनीतिकह्न आयोजन का दर्जा दिया, इसके साथ ही मुस्लिमों, ईसाईयों तथा अन्य धर्मगुरूओं से भी इस संदर्भ में कांग्रेस सम्पर्क करने का प्रयास कर रही है, जिससे वे अपना समर्थन दे दें। इस प्रकार जिस तरह देश यह पूछ रहा है कि प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन रामनवमी की उपेक्षा कर 22 जनवरी को ही क्यों? इसी तरह और भी कई सवाल इस प्रसंग में प्रकाश में लाने के प्रयास किए जा रहे है। तो इसका प्रच्छन्न सवाल यही है कि तब तक चुनावी आचार संहिता लागू हो जाती और सत्तारूढ़ दल को इसका राजनीतिक लाभ नहीं मिल पाता, क्योंकि इस मांगलिक को में प्रधानमंत्री की सक्रीयता उतनी नहीं रह पाती जितनी आज है। अब जिस तरह देश की हर घटना-दुर्घटना राजनीतिक पट्टी में लिपटी नजर आती है, इसी प्रकार यह राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की घटना को भी राजनीतिक जामा पहना दिया गया है, अब इससे किसे कितना राजनीतिक लाभ मिल पाएगा या निराशा हाथ लगेगी? यह भविष्य के गर्भ में हैं.... जय श्रीराम!

# पूरी हुई चिर अभिलाषा, मंदिर में विराजे सबके श्री राम

सनत जैन

अयोध्या में आज 22 जनवरी 2024 को भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हो गया है। भगवान राम का जन्म अयोध्या में हुआ। भक्तों के मन में अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बनाने की जो चिर अभिलाषा थी। वह मंदिर मैं प्रभु रामललला की प्राण प्रतिष्ठा पूरी हो गईं है। आज भगवान राम नवनिर्मित भव्य, दिव्य नव्य मंदिर में दोपहर प्राण प्रतिष्ठा के साथ विराजित हो गए हैं। भगवान राम हर मनुष्य एवं सभी जीवों की आत्मा में जीवंत रूप से बसते है। जीवन ही भगवान राम की उपस्थिति का एहसास कराता है। आज उस राम को मंदिर में देखकर सभी लोगों के मन में हर्ष और प्रफुल्लितहो रहा है। भगवान राम के प्रति आस्था और विश्वास का उत्साह आज संपूर्ण भारतवर्ष में देखने को मिला है। भगवान राम के अनेकानेक रूप हैं। हर कोई भगवान राम की अपने हिसाब से उनकी मयार्दा पुरुषोत्तम राम के रूप में, उनके प्रति आस्था और प्रेम प्रदर्शित करता है। हनुमान के राम बिल्कुल अलग है। उन्होंने अपनी स्वयं के अस्तित्व को भगवान राम के चरणों में समर्पित करते हुए, राम भक्तों के दुख दर्द को दूर करने का जो मार्ग चुना है। राम के प्रति भक्ति ही हनुमान जी को राम मैं समाहित करती है। आज भी बजरंगबली का नाम लेने से भगवान राम भक्तों के कष्ट दूर करने के लिए अवतरित हो जाते हैं। सीता के राम अलग है। लक्ष्मण के राम अलग है। भारत के राम अलग हैं। वाल्मीकि के राम अलग हैं। तुलसीदास जी के राम अलग हैं। हर कोई अपने राम को अपने तरीके से देखता है। अपने अनुसार राम का अनुसरण करता है। हर भक्त के अपने-अपने राम है। जितने भी मनुष्य हैं, सबने राम की अलग-अलग कल्पनाएं अपने मन में बना रखी हैं। माना जाता है, कि मनुष्य जीवन में राम ही पुरुषार्थ के कारक हैं। जब तक आत्मा में राम बसते हैं। तब तक ही जीवन रहता है। जब राम शरीर से बाहर निकलते हैं, तो शारीरिक जीवन समाप्त हो जाता है। लेकिन आत्मा में राम बने रहते हैं। भारत में राम की महिमा हर संप्रदाय और हर समाज के बीच में कई सदियों से चली आ रही है। सामाजिक व्यवहार में भी भगवान राम, अभिवादन में, जन्म में, मृत्यु में और हर अच्छे बुरे समय में राम के प्रति आस्था और उनके प्रति समर्पण राम के अस्तित्व को बताता है। लोगों के जीवन को संवारता है। भगवान विष्णु के अवतार के रूप में भगवान राम ने, पृथ्वी में मनुष्य रूप में जन्म लिया। उन्होंने मयार्दा पुरुषोत्तम के रूप में अपना मनुष्य जीवन जिया। सभी प्राणी मात्र के लिए उन्होंने एक संदेश दिया। वही संदेश आज हम सबके जीवन का आधार है। राम मन में होते हैं। हमेशा होते हैं। इसका एहसास हम कई बार समय-समय पर स्वयं करते हैं। लोभ क्रोध मोह माया के कारण हम अपनी मयार्दाओं से जब अलग होते हैं। उस समय हमारा मार्गदर्शन करने के लिए भगवान राम की मयार्दाएं और उनके आचरण से हम अपने आप को संभालने का काम करते हैं। धार्मिक ग्रंथो में कहा गया है, कर्म का फल प्रत्येक मनुष्य को भोगना पड़ता है। जन्म जन्मांतर का कारण भी कर्म फल हैं। मनुष्य जीवन में सभी लोगों को कर्म फल के आधार पर उनका भाग्य होता है। वह कर्म फल और भाग्यफल के अनुसार ही पुरुषार्थ करते हैं। अपने जीवन को श्रेष्ठतम बनाने का कार्य करते हैं। इसके लिए मनुष्य जन्म को दुर्लभ बताया गया है। मनुष्य जीवन में सर्वोत्तम मयार्दाओं के साथ जीवन जीते हुए भगवान राम ने सारे जगत को एक मार्ग दिखाया है। वही हमारी आस्था और विश्वास का कारण है। धर्म आचरण से आता है। जब हम भगवान राम के बताए हुए मार्ग को अपने आचरण में ले आते हैं। तभी हम धर्म का पालन कर रहे होते हैं। धर्म का पालन करने पर अपनी आत्मा को श्रेष्ठतम बनाने का काम करते हैं। प्राण प्रतिष्ठा के इस समारोह में आज देश भर के सभी लोगों में जिस तरह का उत्साह, आस्था और विश्वासभगवान राम के प्रति देखने को मिल रहा है। वह सभी के लिए बहुत अच्छा है। आज हमें भगवान राम के बारे में जानने के लिए वह सब कुछ मिल रहा है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, मंगलवार, 23 जनवरी, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### युवा राजद के महासचिव बने मुकेश कुमार राय

तरैया के प्रखंड चंचलिया गांव निवासी मुकेश कुमार राय को युवा राजद के प्रखंड महासचिव बनाया गया है।जिससे प्रखंड के युवा राजद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। युवा राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष जैनुदीन अंसारी, जिला प्रधान महासचिव अजय राय ने पत्र जारी कर युवा राजद के महासचिव चंचलिया गांव निवासी मुकेश कुमार राय को मनोनीत करते हुए उन्हें बधाई दी है।प्रखंड महासचिव मुकेश कुमार राय ने कहा कि पार्टी के दिशा निर्देश को पालन करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी में जोड़ा जाएगा।युवा राजद कार्यकर्ताओं ने कहा कि मुकेश कुमार राय को युवा राजद प्रखंड महासचिव बनने से युवा राजद को मजबूती प्रदान होगी।प्रखंड महासचिव बनाए जाने पर पूर्व विधायक मुंद्रिका प्रसाद राय,चैनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अनिल कुमार यादव,पोखरेड़ा मुखिया प्रतिनिधि वीर बहादुर राय,पूर्व मुखिया तारकेश्वर राय, जिला महासचिव शशि रंजन कुमार यादव,भिखारी राय, अशोक यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### दादा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी को मजबूती मिलेगी

छपरा। जदयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राज्यसभा सांसद व जदयू के वरिष्ठ नेता वशिष्ठ नारायण सिंह को उपाध्यक्ष बनाए जाने पर प्रदेश जदयू युवा के सचिव संतोष कुमार सिंह ने सुबे के मुखिया नीतीश कुमार के प्रति आभार जताते हुए उन्हें मुबारकबाद दी है। बता दें कि राज्यसभा सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह उर्फ दादा प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं, स्वच्छ छवि, ईमानदार चेहरा और नीतीश कुमार के सबसे विश्वासपात्र माने जाते हैं। प्रदेश युवा जदयू सचिव संतोष कुमार सिंह ने कहा कि वशिष्ठ नारायण सिंह उर्फ दादा जदयू में ऐसे इकलौता चेहरा हैं, जो अपने ईमानदारी के लिए जाने जाते हैं।जदयू के टॉप लीडरों के अलावा अन्य दलों के नेता भी सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह को सम्मान की नजरों से देखते हैं और उनका आदर भी करते हैं। मुख्यमंत्री कुमार द्वारा राष्ट्रीय कमेटी में दादा को उपाध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। इसका फायदा पार्टी को आने वाला चुनाव में मिलेगा।

### बाइक के धक्के से हुई एक अधेड़ की मौत

लहलादपुरः जनता बाजार थाना क्षेत्र के सारण गांव निवासी 65 वर्षीय बैद्यनाथ प्रसाद गुप्ता को एक बाइक सवार ने जोरदार धक्का मारा, जिससे उनकी मौत घटना स्थल पर ही हो गयी. घटना उस समय हुई जब पूरा क्षेत्र श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर खुशी मना रहा था. सोमवार के दिन लगभग ढाइ बजे मृतक को जनता बाजार से अपने घर वापस होते वक्त उनके दरवाजे पर यह दर्दनाक घटना घटित हुयी. प्रत्यक्षियों के अनुसार बाइक पर दो युवक बैठकर पूरब की ओर से काफी तीव्र गति से जनता बाजार की ओर जा रहा था, इसी बीच वह अपना संतुलन खो बैठा और गुप्ता को अपने बाइक के चपेट में ले लिया. जिससे गुप्ता की मौत हो गयी तथा बाइक चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गय।

# जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान के बेहतर प्रबंधन से शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव हुआ संपन्न

## अयोध्या में भगवान श्री राम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भी मतदान के प्रतिशत पर असर दिखा

प्रात : किरण संवाददाता





● प्रशासनिक अधिकारी अलर्ट मोड में दिखे, पुलिस बल भी मतदान केंद्रों पर रहे सक्रिय

छपरा। जिलाधिकारी के बेहतर प्रबंधन,चाक - चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच नगर निगम मेयर उपचुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। मतदान सुबह 7:00 से शुभारंभ हुआ, लेकिन मौसम के बदले मिजाज ने मतदान के प्रतिशत को जरूर बाधित किया , वहीं अयोध्या में भगवान श्रीराम का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भी मतदान के प्रतिशत में कमी आई है, भगवान श्री राम में विश्वास करने वाले समर्थक भी पहले ही अयोध्या जा चुके हैं।जबकि जिला प्रशासन भी मतदान को लेकर चुस्त एवं दुरुस्त दिखी, पुलिस का पेट्रोलिंग गस्त भी जारी रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोग द्वारा निर्धारित समय अनुसार अहले सुबह से मतदान शुरू हुआ। सूर्य नहीं निकलने से ठंड अत्यधिक होने के कारण मतदान केंद्रों पर सन्नाटा छाया रहा। अहले सुबह बूथों पर मतदाताओं की संख्या कम होने के कारण इसका असर मतदान प्रतिशत पर भी पड़ा। शहर के राहत रोड, साहेबगंज,कटरा, आदर्श मतदान केंद्र जिला स्कूल सहित अधिकांश मतदान केंद्रों पर मतदान का प्रतिशत काफी धीमी गति से चल रहा था। लगभग 11:00 बजे तक पांच प्रतिशत से अधिक मतदान हो पाया था। शांतिपूर्ण और फेयर मतदान को लेकर जिला प्रशासन का बेहतर प्रबंधन था। शहर के लगभग सभी 196 बूथों पर शांतिपूर्ण वातावरण में आम जनता अपने मताधिकार का प्रयोग किया , किसी भी मतदान केंद्र से कोई भी अप्रिय घटना की खबर नही है। वहीं मतदाताओं की बात की जाए तो इससे पहले मेयर के हुए आम चुनाव व वर्तमान में हो रहे मेयर उपचुनाव में काफी अंतर देखने को मिला। इससे पहले के मेयर चुनाव में जनता में काफी उत्साह देखा गया था। लेकिन उपचुनाव में मतदाताओं में ऐसा कुछ भी नहीं दिखा, और उत्साह में भी कमी देखने को मिली। मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारे भी इस बार कम ही नजर आ रहा था। और कराके की चल रही ठंड का भी असर के साथ-साथ भगवान श्री राम का अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भी अधिकांश मतदाता टेलीविजन पर चिपके रहे, प्राण प्रतिष्ठा समाप्त होने के बाद मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने बूथ पर निकले, इस कारण भी प्रतिशत में कमी आई है। जबकि इस चुनाव में मतदाता निर्भीक होकर अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच कर मताधिकार का प्रयोग किया। नगर निगम उपचुनाव में मेयर प्रत्याशी भी पीछे नहीं रहे, अपने-अपने बूथों पर मताधिकार का प्रयोग करने के बाद चल रहे मतदान केंद्रों का जायजा लिया,और मतदाताओं व अपने समर्थकों से चल रहे मतदान का हाल भी जाना। लगभग 12:00 के बाद धूप निकलने से मतदान केंद्रों पर मतदाताओं का बढ़ना शुरू हुआ, और कतारों में मतदाताओं की संख्या भी बढ़ने लगी। मेयर उपचुनाव में आर्थिक रूप से सबल और मध्यम वर्ग के मतदाताओं में खास उल्लास नहीं देखा गया। जबकि आर्थिक रूप से कमजोर दलित एवं अल्पसंख्यक वर्ग के मतदाताओं में चुनाव के प्रति उत्साह देखा गया और उत्साह पूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन का सड़कों पर गस्त जारी रहा। वहीं बूथों पर मजिस्ट्रेट व अधिकारियों का भी आने- जाने का सिलसिला देखा गया। मतदान को लेकर आम दिनों की तरह वाहनों का परिचालन भी सड़कों पर आंशिक रहा, 50% से अधिक दुकानदारों के शटर भी गिरे रहे। जबकि जिला के आला अधिकारी भी चल रहे मतदान केंद्रों का पल-पल जायजा लेते रहे, और अपने अधिकारियों को दिशा- निर्देश भी देते रहे। वहीं मतदान केंद्र पर भी पुलिस बल स्वच्छ शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर अलर्ट देखे गए। पूर्ण रूप से सूर्य निकलने के बाद लगभग 2:00 बजे के आसपास मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को भीड़ बढ़ने लगी और मतदाता कतार वध अपनी बारी की प्रतीक्षा में खड़े रहे। कुल 45 वार्ड में 196 मतदान केंद्र बनाया गया था। सारण के जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान के बेहतर प्रबंधन से सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो गया।

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एकमा में भी जगह-जगह रामलला व सीता कि प्रतिमा स्थापित की





प्रात : किरण संवाददाता

एकमा । नगर व प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर स्थापित राम जानकी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठान का आयोजन किया गया।इस अवसर पर नगर के हंसराजपुर गांव मे स्थित राम जानकी मंदिर पारसा गढ़ बाबा प्रसादी नाथ के मंदिर में स्थापित राम जानकी की पूजा अर्चना कर रामायण की पाठ वेदाचार्यों द्वारा किया जा रहा है। वही नगर के वार्ड संख्या चार स्थित एकमा भन्टोली गांव में श्री श्री बघ उत बाबा व ब्रम्ह बाबा के संयुक्त स्थान पर राम सीता लक्ष्मण एवं हनुमान की प्रतिमा स्थापित कर महा पंडित अनिल दुबे एवं उनके सहयोगियों द्वारा विधि विधान के साथ पूजा पाठ कर प्राण प्रतिष्ठा कराई गई ।जहां सैकड़ो महिला व पुरुष भक्तों द्वारा पूजा अर्चना कर माथा टेका । वहीं इसके पुर्व शोभा यात्रा निकाली गई जो पुरे बजार घुमते हुए जय श्री राम के नारे लगाते हुए पुर्ण मंदिर परिसर पहुंचे। जहां भंडारा का आयोजन किया गया था जिसमें सैकड़ो बच्चे महिला व पुरुषों ने प्रसाद ग्रहण किया । इसके अलावे सामाजिक संगठनों एवं सामाजिक कार्यकताओं द्वारा जगह-जगह पूजा पाठ कर प्रसाद वितरण किया गया। वही मौज बाबा के मठिया में स्थापित राम जानकी मंदिर पर पूजा अर्चना किया गया । साथ ही मंदिर परिसर में लगीं टीवी के माध्यम से अयोध्या में आयोजित श्री राम लला कि प्राण प्रतिष्ठान का सीधा प्रसारण एवं सम्बोधन देखा व सुना। संध्या में दीप प्रज्वलित किया जाएगा।

## श्री राम जय राम जय जय राम के साथ शुरू हुआ सुंदर कांड का पाठ



प्रात : किरण संवाददाता

नगरा : खैरा थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार खैरा में अयोध्या में राम मूर्ति के स्थापना के अवसर पर श्री राम जय राम जय जय राम एवं लाल देही लाली लस अरुधर लाल लंगूर वज्र देह दानव दलन जय जय जय कपि सूर आदि चौपाइयों के साथ सुंदर कांड के पाठ का आयोजन किया गया । आयोजन के साथ ही साथ लड्डू का प्रसाद वितरण कर पूरी खीर का भंडारा भी कराया गया। उक्त पाठ आचार्य दीपक पांडेय की टीम में शामिल वैदिक ब्राह्मण के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजकों में मुख्य रूप से जितेंद्र पांडेय, पूर्व मुखिया शत्रुघन भक्त, नागेंद्र सिंह, राकेश कुमार, अमित कुमार, छोटू सिंह, बलिराम प्रसाद, श्रीकांत,विष्णु कुमार सहित सैकड़ो ग्रामीण शामिल थे।

## सारण की वायरल गर्ल चित्राली को श्रम मंत्री ने किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता





भेल्दी। सारण की सनातनी वायरल गर्ल चित्राली उपाध्याय को सूबे के श्रम संसाधन मंत्री सुरेंद्र राम अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह व मुखिया प्रतिनिधि मदन सिंह ने बुके व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सूबे के श्रम संसाधन मंत्री सुरेंद्र राम ने चित्राली उपाध्याय के अमनौर के रायपुरा गड़खा आवास पर पहुंच उसे बुके व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।मंत्री ने कहा कि आज चित्राअभिनय से बिहार ही नहीं पूरे देश का नाम रोशन की है।छली ने अध्यात्मिक परा की बेटी पर आज हम सभी को नाज है।

चित्राली के नाम का डंका पूरे देश में बज रहा है।ग्रामीण क्षेत्र के अन्य बच्चियों को इनसे सिख लेने की जरूरत है।बताते चलें कि चित्राली माता शबरी का अभिनय कर रातों-रात सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है।चित्राली के इस कामयाबी पर उसके घर जश्न का माहौल है।मालूम हो कि चित्राली उपाध्याय पत्रकार राजेश उपाध्याय की पुत्री है जो छपरा के राजेंद्र कॉलेज से पीजी कर रही है।चित्राली महज ढाई महीने में अपने अध्यात्मिक अभिनय को लेकर दूसरी बार वायरल हुई है।इस मौके पर कांग्रेस नेता अनिल कुमार सिंह,पूर्व मुखिया शंभू नाथ द्विवेदी,मुखिया प्रतिनिधि मदन सिंह,मृत्युंजय तिवारी,अभिमन्यु द्विवेदी,नदीम अख्तर अंसारी,आदि उपस्थित थे।

## सांसद रूडी के प्रयास से दुबई से आया युवक का शव

प्रात : किरण संवाददाता



परसा। नगर पंचायत परसा बाजार के वार्ड 13 के एक युवक की गत दिनों दुबई में मौत होने पर सांसद राजीव प्रताप रूडी के प्रयास से सोमबार को युवक का शव पैतृक आवास सैदपुर टोला मंगाया गया।मृतक युवक वार्ड 13 सैदपुर टोला निवासी एमडी हदीश का 46 बर्षीय पुत्र एमडी हफीज बताया जाता है।सोमबार की शाम शव घर पहुँचते ही पिता एमडी हदीश,माता आमना खातून,पत्नी शैरा खातून,पुत्र एमडी गुलफान,एमडी शाहिद,एमडी सोहैल,बड़ा भाई एमडी राशिद समेत परिजनों की चीख पुकार से महौल गमहीन हो गया।पत्नी की चीख पुकार से उपस्थित लोगों की आँखे नम हो गई।मृतक युवक आगामी 20 फरवरी को घर लौटने की तैयारी में जुटा था।घटना के संबंध में पुत्र ने बताया कि गत बर्ष 2022 के मार्च माह में अरब दुबई नाई के काम करने गए थे।दुबई के डिस्कवरी गार्डन जोन 19 में दुकान नंबर 8 में नाई में काम करते थे।गत 16 जनवरी को शाम में अचानक हार्ट अटैक की दौड़ा पड़ा और उपचार के लिए ले जाने के दौरान मौत होने की बातें कहा।पुत्र ने बताया कि घटना की सूचना दुकान के कारीगर द्वारा मोबाइल से दिया गया।मृतक युवक के परिजनों ने बताया कि मौत के खबर पर परिजनों को शव मंगवाने के लिए प्रयास किया जा रहा था।जिसके लिए परिजनों द्वारा कोशिश किया गया।लेकिन दुबई से शव मंगवाना मुमकिन नही लग रहा था।घटना की सूचना पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि एमडी करमुलाह द्वारा परिजन को सांसद से मुलाकात करवाया।जहां परिजन द्वारा शव मंगवाने का गुहार लगाया गया।जिसपर पहल करते हुए सांसद रूडी द्वारा चंदन सिंह को कागजी करवाई कराने का निर्देश दिया।और 22 जनवरी को शव को दुबई से पैतृक आवास मंगवाने की बातें कही।सांसद रूडी ने चंदन सिंह के मोबाइल से मृतक के पत्नी से बात कर शोक सम्बेदना ब्यक्त कर हर संभव मदद करने का आश्वसन दिया।परिजनों समेत ग्रामीणों ने सांसद रूडी के सराहनीय पहल के लिए बधाई दिया तथा आभार ब्यक्त किया।मौत की खबर पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि एमडी करमुल्लाह,चंदन सिंह,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमोद कुमार शर्मा,वार्ड पार्षद अजमुल्लाह आदि पहुँच घटना की जनकारी लिया और परिजनों को सांत्वना दिया।डी एलेवेन टीवी के लिए छपरा से दीपक कुमार की रिपोर्ट।

## रोजगार बिजली उधोग सड़क शिक्षा अस्पताल के क्षेत्र में हो रहे विकास को देख विपक्ष हताश है : सुनील राय



प्रात : किरण संवाददाता

अमनौर । प्रखण्ड के ढोरलाही कैथल पूरब टोला गांव में सोमबार को राजद के जिला अध्यक्ष सुनील राय ने विश्वकर्मा पत्तल उधोग भंडार का फीता काटकर उद्घाटन किया।गांव में पत्तल उधोग के लगने से गांव वालों में हर्ष है।अब लोगो को कम लागत में पत्तल गिलास मिलेगा।राजद नेता सुनील राय ने कहा कि बिहार सरकार युवाओ से किए वादे पूरा कर रही है।नीतीश तेजश्वी की सरकार में बिहार का चहुमुखी बिकास कार्य हुआ है।रोजगार बिजली उधोग सड़क शिक्षा अस्पताल के क्षेत्र में हो रहे बिकाश को देख विपक्ष हताश है।भारी संख्या में शिक्षको की नौकरी दी जा रही है।कर्मचारियों को मानदेय की बृद्धि की गई ।छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति पारितोषिक राशि दी जा रही है।सभी बृद्ध लोगो को पेंशन दिया जा रहा है।गरीब असहाय युवाओ को रोजगार के लिए बिहार सरकार पैसा दे रही है।जिसका एक उदाहरण यह पत्तल उधोग है।समाजसेवी राकेश सिंह ने कहा कि पीतल फैक्ट्री से हर तरह के पीतल गिलास नाश्ता पॉकेट कम लागत में प्राप्त किया जा सकता है।इस मौके पर राकेश सिंह डॉ अनिल सिंह भावि मुखिया प्रत्याशी प्रभात सिंह राजेंद्र सिंह गिरधर सिंह आलोक सिंह मुन्ना कुमार प्रिंस कुमार जिला परिषद प्रत्याशी रूपेश राय टीपू राय सुधीर सिंह डीलर वार्ड परिषद विनोद शाह रणजीत सिंह प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना चौहान आलोक सिंह प्रिंस कुमार सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पत्रकार और शिक्षिका के पुत्र कौस्तुभ निहाल ने शिक्षा जगत में खींची लकीर, दूसरी बार नेट किया क्रैक

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जेपीयू के शोधार्थी कौस्तुभ निहाल ने दिसम्बर 2023 की यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है ये दूसरी बार है जब उन्होंने नेट परीक्षा काफी अच्छे पर्सेंटाईल से उत्तीर्ण की है। दिल्ली में सिविल सर्विसेज की तैयारी के दौरान कौस्तुभ ने राजनीति विज्ञान में पीजी में पदक प्राप्त किया फिर दिसम्बर 2022 में यूजीसी नेट की परीक्षा में बैठे और पहले ही प्रयास में 99.16 पर्सेंटाईल के साथ नेट उत्तीर्ण की। उन्होंने जेपीयू का पैट भी उत्तीर्ण किया और फिलवक्त जेपीयू से ही प्री पीएचडी वर्क कोर्स कर रहे हैं। वरिष्ठ पत्रकार और अधिवक्ता डॉ० अमित रंजन और सारण एकेडमी + टू हाईस्कूल की चर्चित शिक्षिका कंचन बाला के पुत्र कौस्तुभ निहाल शुरू से ही अद्वितीय मेधा के धनी रहे हैं। किशोरावस्था में ही कौस्तुभ ने छपरा जैसे छोटे से शहर से माईक्रोसॉफ्ट के वर्ल्ड चैम्पियनशिप के नेशनल चैम्पियन बने 2013 में, वर्ड पावर प्वाईंट और एक्सेल में मास्टरी हासिल की और वीजा न मिल पाने के कारण अमेरिका वर्ल्ड चैम्पियनशिप में शामिल न हो पाने की स्थिति में माईक्रोसॉफ्ट वर्ल्ड चैम्पियनशिप के ब्रांड एम्बेसडर ही बना दिए गये। इन्होंने अपनी आरंभिक शिक्षा सेंट्रल पब्लिक स्कूल, ब्रज किशोर किंडरगार्टन, छपरा सेंट्रल स्कूल, जगदम कालेज, गोरखपुर विश्वविद्यालय आदि से हासिल की है। आज इनके पास राजनीति विज्ञान में एम ए, एमबीए फाइनेंस, और माइक्रोसोस्ट ऑफिस एप्लीकेशंस में मास्ट के साथ दो दो नैट आदि डिग्रियाँ हैं।

## इसुआपुर के मंदिरों में अखंड अष्टयाम व भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

इसुआपुर। अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर इसुआपुर में मंदिरों को दुल्हन की तरह सजाया गया है। कई मंदिरों में अखंड अष्टयाम के आयोजन किए गए हैं। वहीं विभिन्न भक्तिमय कार्यक्रमों के आयोजन भी किए गए हैं। मंदिरों के परिसर में अयोध्या में हो रहे कार्यक्रम के लाइव प्रसारण भी दिखाई जा रहे हैं। जहां लोग लाइव प्रसारण को देख रहे हैं ।इसुआपुर पंचमंजिला मंदिर से राम लक्ष्मण की झांकी के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल महिला श्रद्धालुओं ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा नृत्य प्रस्तुत करती हुई अपने खुशी का इजहार किया। वासुदेव नगर बेला तथा लौंवा मंदिरों से भी शोभायात्रा निकली गई। राम जानकी मंदिर अगौथर पांडेय टोला, हनुमान मंदिर शामकौरिया,हनुमान मंदिर सतासी परिसर में अखंड अष्टयाम के आयोजन किए गए हैं।

## श्री रामजनकी मंदिर का हुआ भूमि पूजन

प्रात : किरण संवाददाता

अमनौर । स्थानीय थाना क्षेत्र के खोरी पाकर गोविंद गांव में भव्य श्री राम जानकी मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।आचार्य बीरेन्द्र तिवारी के मंत्रोउच्चरन के साथ भूमि पूजन सम्पन्न हुआ।इस दौरान गांव के सैकड़ो महिला पुरुष श्रद्धालु भक्त शामिल हुए।एच आर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो देवेंद्र सिंह व इनकी धर्मपत्नी शिक्षिका तारकेश्वरी कुमारी के कर कमलों से भूमि पूजन कर मंदिर के नींव स्थापित किया गया।मंदिर निर्माण से पूरे गांव वासी हर्षोल्लास में है।सभी मंदिर निर्माण के लिए तन मन धन अर्पित करने का आश्वासन दिया।ग्रामीणों ने बताया कि गांव वाले मंदिर निर्माण को लेकर तीस वर्ष से संघर्षरत थे।आयोजक समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष अमित कुमार सिंह सचिव सरपँच प्रतिनिधि धीरज कुमार सिंह कोषाध्यक्ष शिक्षक प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि मंदिर निर्माण में करोड़ो की लागत से निर्मित होगा।मंदिर की कला कृति साउथ कला कृति से सुसज्जित होगा।इस मौके पर समाजसेवी राकेश सिंह सरपँच शिम्पी कुमारी उप प्रमुख बिबेकानन्द राय बिक्की,बिनोद सिंह, भरत सिंह,अशोक सिंह धुरूप सिंह बलीराम सिंह, राणा सुरेश सिंह,रमेश सिंह, चंद्रशेखर सिंह अर्जुन सिंह,हरेंद्र सिंह,करण सिंह,उप सरपंच अतुल सिंह,सतीश सिंह ,अमित सिंह,चंद्रशेखर सिंह,भूषण सिंह,कामेश्वर सिंह,मनोज सिंह वार्ड सदस्या गायत्री देवी,राजा सिंह, दीपू सिंह,प्रेमश्याम सिंह,मनोज सिंह समेत सैकड़ो श्री राम भक्त मौजूद थे। ।कमिटी के सदस्यों ने बताया दक्षिण भारत के कला संरचनाओं के आधारित करोड़ो की लागत से भव्य मंदिर निर्माण की बात कही।

# छपरा में पीआईबी द्वारा वातार्लाप क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की प्रमुख मीडिया इकाई, पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) द्वारा क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला ‍झ ह्ववातार्लापह्न का आयोजन छपरा में किया गया। वातार्लाप का उदघाटन मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के द्वारा किया गया। मौके पर अतिथि तौर पर डीडी न्यूज बिहार के उपनिदेशक सलमान हैदर, सीबीसी-पीआईबी के उपनिदेशक संजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार डॉ एच के वर्मा, जाकिर अली, विद्याभूषण श्रीवास्तव सहित जिले के पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। वातार्लाप में खास तौर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के मद्देजनर ह्लहमारा संकल्प विकसित भारतह्व विषय पर चर्चा की गयी। वातार्लाप को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि मोदी की गारंटी ने लोगों के बीच योजनाओं को पहुँचा कर भरोसा कायम किया है।लोग कहने लगे हैं कि मोदी है तो मुमकिन है। मोदी की गारंटी को हर वर्ग के लोग उत्सुकता के साथ इंतजार करते हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लोगों का अटूट विश्वास है। श्री सिग्रीवाल ने कहा कि हर क्षेत्र में विकास हुआ है। घर-घर प्रधानमंत्री ने बिजली पहुँचाई है। बैंक से जन जन को जोड़ने का काम मोदी की गारंटी ने किया है। पीएम किसान निधि राशि से किसान लाभान्वित हो रहे हैं। उज्ज्वला योजना को पीएम ने मिशन मोड में शुरू किया और करोड़ों महिलाओं तक लाभ पहुँचाया। इस अवसर पर अतिथि डीडी न्यूज बिहार के उपनिदेशक सलमान हैदर ने कहा कि जानता से जुड़ी खबरों को जनता तक पहुँचाना मीडिया का प्रयास होना चाहिये है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनता से सीधा संवाद करते हैं ताकि जनता तक सरकार की बात पहुँच सकें। श्री हैदर ने कहा कि विकसित भारत यात्रा अभूतपूर्व है। सरकार ग्रासरूट तक पहुँची है। ताकि जनता को योजनाओं की जानकारी मिल सके। डॉ. एच.के. वर्मा, ) वरीय पत्रकार, ने कहा कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए हर को अपना काम ईमानदारी से करना होगा, तभी देश का विकसित राष्ट्र का सपन पूरा हो सकें । आज पूरा विश्व भारत को पूछता है। उन्होंने प्रधानमंत्री की तारीफ करते हुए कहा कि वे ईमानदारी से काम कर रहे हैं। भारत ने कई महत्वूर्ण काम किए है जो ईमानदार और बेहतर चरित्र का पोषक है। सीबीसी-पीआईबी के उपनिदेशक संजय कुमार ने कहा कि भारत सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों से संबंधित सूचनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु पीआईबी नोडल एजेंसी है। पीआईबी, आम जनता तक पहुंच बनाने हेतु मीडिया और केन्द्र सरकार के बीच प्रमुख सेतु का कार्य करती है। आम जनता तक सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और योजनाओं के प्रभावी तरीके से प्रचार-प्रसार हेतु जरूरी है कि पीआईबी और मीडिया के बीच संबंधों को और मजबूत किए जाएं। उन्होंने कहा कि पीआईबी पत्रकारों के कल्याण के लिए पत्रकार कल्याण योजना चलाती है । इसके माध्यम से पत्रकारों का विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाता है । जाकिर अली, वरीय पत्रकार ने कहा कि मीडिया को अच्छी बातें जनता तक पहुँचाने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि जब मीडिया सकारात्मक भूमिका के साथ सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुँचा दे तो जनता और देश का विकास होगा साथ ही देश मजबूत हुआ है। सारण ज़िला पत्रकार संघ के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. विद्या भूषण श्रीवास्तव ने पत्रकार कल्याण योजना के कड़े नियमावली में सुधार की बात कही। उन्होंने पत्रकारों से आह्वान किया कि ईमानदारी से सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुँचाये। जो भी योजना है उसका अध्ययन कर उसे सही ढंग से खबर बनाये। वरिष्ठ पत्रकार पंकज कुमार ने कहा कि योजनायें जानता तक पहुँचे तभी विकास शब्द साकार होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बहुत सारी योजनायें चला रही है। मीडिया को भी योजनों की जानकारी होनी चाहिए। और उसे जनता तक पहुँचाने का दायित लेना चाहिये।

## दिन भर माहौल राममय से गुंजीत रहा, हनुमान मंदिर में लोगों ने किया महाप्रसाद ग्रहण

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। भले ही अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई है, परंतु इसका हर्ष सम्पूर्ण भारत में है, जिसका असर रक्सौल और नेपाल में भी देखने को खूब मिला। पूरा दिन राममय रहा और जय श्रीराम का नारा गूंजता रहा। नगर में कई सस्थाओं और स्थानीय वासियों ने पूरे गाजे-बाजे और झांकी निकाल कर झूमते नजर आएं। इधर कुदरत ने भी मौसम अचानक बदल दिया और दिन भर धूप खिला रहा, जिसके कारण ठंड भी आड़े नहीं आई और पूरा गाते-झूमते नजर आया। रात्रि में भी कई जगहों पर कार्यक्रम आयोजित है। इतना ही नहीं इस बार यहां के लोगों ने दीप जलाकर दीपावली भी मनाते दिखें। यानी की वर्ष 2024 में यहां दो दीपावली हो जायेगी। उधर मुख्य कार्यक्रम भारतीय दूतावास परिसदन स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित किया गया था, जहां एलईडी डिस्पले पर अयोध्या धाम से सीधा प्रसारण की व्यवस्था की गयी थी। विश्व हिन्दू परिषद, भारत विकास परिषद के साथ-साथ सीमा जागरण मंच के संयुक्त आयोजन के दौरान यहां भक्तों के लिए महाप्रसाद का वितरण कार्यक्रम भी रखा गया था, जहां 10 हजार से अधिक भक्तों का जमावड़ा रहा।

## कटकेनवा राम-जानकी मठ से पालकी में बैठ श्रीरामलला ने की भ्रमण

प्रात : किरण संवाददाता

आदापुर। अकल्पनीय...! अप्रत्याशित...!! श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की अभूतपूर्व क्षण आते ही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में घंटे,घड़ियाल, ढोल-नगाड़े, ध्वज आदि लेकर लाउडस्पीकर से बजने वाले राम-कीर्तन पर थिरकते लोग अपने-अपने घरों से सोमवार को स्वतः स्फूर्त निकल गये। बता दें कि अयोध्याधाम में श्रीरामलला की भव्य-दिव्य-नव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ने लोगों से मठ-मंदिरों में स्वच्छता, सामूहिक राम-कीर्तन, भंडारा, श्रीराम ज्योति आदि जलाने का आह्वान किया था। उक्त बाबत मुख्य आयोजन आदापुर प्रखंड क्षेत्र के नकरदेई थाना अंतर्गत कटकेनवा गांव स्थित श्रीराम-जानकी मठ से श्रीरामलला पालकी में बैठकर गाजे-बाजे आदि के साथ नगर भ्रमण किया। शोभायात्रा निकाली गयी।संध्या में श्रीराम ज्योति जलाया गया।भंडारे का आयोजन हुआ। सामूहिक श्रीराम-कीर्तन हुई। श्रीराम हलवा का वितरण हुआ।शोभायात्रा का नेतृत्व मठ के महंत संत दास उर्फ असर्फी दास ने किया। नकरदेई थानाध्यक्ष रामशरण साह दल-बल के साथ शोभायात्रा में मुस्तैद थे। शोभायात्रा में किशोरी पटेल, हरेंद्र पटेल, सुजीत कुमार, अखिलेश पटेल, रामबाबू शर्मा, कामेश्वर पटेल, संजीव सागर,महेश पटेल,मदन गिरि, विनोद यादव,अनिल गिरि,मदन दास,पथल दास, रामभरोसी ठाकुर,ओम पटेल, प्रसून कुमार, महंत पटेल सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सरस्वती शिशु मंदिर उदवंतनगर राम कीर्तन का किया आयोजन

आरा : अयोध्या में प्रभु श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर उदवंतनगर भोजपुर में भैया बहनों एवं विद्यालय परिवार की ओर से हनुमान चालीसा पाठ,मानस पाठ,राम स्तुति, हनुमान अष्टक और राम कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावक,स्थानीय प्रबंध समिति, तथा समाज के लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।प्रभु श्री राम के बारे में जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास कुमार जी के द्वारा दिया गया,एवं बताया गया कि प्रभु श्री राम चंद्र जी का 500 वर्षो की प्रतीक्षा समाप्त हुई। एवं अपने प्रभु श्री राम 500 वर्षो के बाद फिर से अयोध्या में विराजमान हो रहे हैं।इस अवसर पर सभी लोगों को शाम को दीपक जलाने जलाने को कहा गया। अंत में सभी लोगों को प्रसाद वितरण किया गया।

### कोइलवर में घूमधाम से मनाया गया दीपोत्सव

आरा। जिले के कोइलवर प्रखण्ड के सभी पंचायतो में श्रद्धालुओं के श्रीराम के उद्घोष से माहौल भक्तिमय हो गया है। नगर को भगवा झंडे से पाट दिया गया है सोन नद के किनारे बाबा दिनेश्वरनाथ धाम में रामायण पाठ के साथ भजन कीर्तन हुआ। साथ ही शाम में पांच हजार एक सौ दीप जलाये गये। जिसमे श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर मंगलामुखी की गुरु तारा रानी ने अपनी टीम के साथ राम लला का सोहर गीत गाकर समा बांध दिया। वही हनुमतधाम, महावीर मंदिर मिश्रटोला, सुरौधा कालोनी, रामजनकी मंदिर चांदी, कुल्हड़िया, सकड्डी, धन्डीहा, सोनघट्टा, मानिकपुर, धन्डीहा, बहियारा, खनगांव, गोपालपुर समेत सभी मंदिरों में भव्य आरती का त्योहार मना दीपोत्सव किया गया।

### अखिल भारतीय रौनियार समाज आरा का बैठक सम्पन्न

आराःअखिल भारतीय रौनियार समाज नगर आरा* का बैठक चौधरीयाना मोहल्ला, सी के रोड़, राम कुमार गुप्ता जी के आवास, आरा में सम्पन्न हुई। जिसमें रौनियार समाज को सांगठनिक रूप से मजबूती पर बल दिया गया। बैठक में युवा सचेत और राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य सन्तन रौनियार ने समाज के मजबूती और एकता पर काम करने के लिए, लोगो को प्रेरित किया। घनश्याम गुप्ता ने कहा कि समाज के एक-एक लोगो को जोड़ना हमारा लक्ष्य हो। आज के बैठक में सभी वक्ता ने अपनी बात बारी-बारी से रखें। इसमें राष्ट्रीय कार्यकरणी सदस्य राजू कुमार नारायण, राजेश गुप्ता, राम कुमार प्रसाद, नगर संरक्षण भोला प्रसाद जी, नगर कार्यवाहक अध्यक्ष श्री किशुन प्रसाद गुप्ता जी, श्री घनश्याम गुप्ता, चंदन रौनियार जी, दिलीप रौनियार जी, अमरेंद्र रौनियार, विकास रौनियार ,राम कुमार प्रसाद सहित तमाम वक्ता ने अपनी बात रख समाज को एकता अखंडता और मजबूती के लिए संगठन में परिवर्तन और कार्य पर प्रकाश डाला। अंत मे सभा की समाप्ति की अधिकारिणी घोषणा श्रीकिशुन प्रसाद गुप्ता जी ने की। धन्यवाद ज्ञापन श्री भोला जी और घनश्याम जी ने संयुक्त रूप से की। जिला मीडिया प्रभारी राजू कुमार ने अगला मीटिंग 4 फरवरी 2024 में शामिल होने के लिए आरा के सभी रौनियार बंधुओ को आमंत्रित किएं।

### सूर्यपूरा व संझौली में आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

बिक्रमगंज (रोहतास) नारायणपुर ग्रीड में मरम्मति का कार्य करने के कारण 33 केवी सूर्यपूरा फीडर का विद्युत आपूर्ति 23 जनवरी को 10:30 बजे से 13:30 बजे तक एवं 33 केवी संझौली फीडर 14:00 बजे से 17:00 बजे तक बन्द रहेगी। जो उक्त अवधि मे ग्रीड के द्वारा मरम्मती का कार्य किया जायेगा। सहायक कार्यपालक अभियंता संचरण अवर प्रमण्डल बिक्रमगंज उपेंद्र सिंह के द्वारा बताया गया कि शीतकालीन मरम्मती के कारण ग्रीड से निकलने वाली 33 केवी फीडर का विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने की प्रबल संभावना है। जिसके तहत उपभोक्ताओ से आग्रह किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपनी जरूरी काम को निपटा लेंगे ।

# रामलला प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। शहर के रामलीला मैदान में सोमवार को नगर रामलीला समिति के तत्वावधान में रामलला प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन नगर रामलीला समिति की अध्यक्ष डॉ अर्चना सिंह, सचिव शंभूनाथ प्रसाद, कोषाध्यक्ष मदन प्रसाद, उपाध्यक्ष शंभुनाथ केसरी, दिलिप कुमार गुप्ता, बिष्णुशंकर, कृष्ण कुमार समेत अन्य सदस्यो ने संयुक्त रूप से किया। तत्पश्चात राम दरबार पर माल्यापर्ण किया गया। स्वागत करते हुए अध्यक्ष डॉ अर्चना सिंह ने कहा आज दिन हमारे जीवन का ऐतिहासिक है। रामलला के दर्शन को पुरा भारत ही नहीं बल्कि पुरा विश्व उमड़ पड़ा है। जिस नाम को लेकर हम सुबह उठने है। उस नाम को अस्तित्व में लाने के लिए हमें पांच सौ बर्षो का इंतजार करना पड़ा। भगवान राम मयार्दा पुरुषोत्तम थे। आज के बच्चे एवं युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों को अपनाने की जरूरत है। कार्यक्रम की शुरूआत संभावना स्कूल की छात्राओं द्वारा सोहर ह्वराजा दशरथ जी के घरवा आज, जन्में ललनवाह्व... प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद छात्र-छात्राओ ने रामभजन ह्वराम आयेगें आयेगें राम आयेगें....,ह्वनगरी हो अयोध्या सीह्व....., ह्वमंगल भवन अमंगलहारी......ह्व, ह्वसजा दो घर को गुलशन सा.......ह्व, ह्वअयोध्या अयोध्या आये मेरे प्यारे रामह्व......,ह्वश्री राम जानकी बैठे है मेरे सीने मेंह्व...... प्रस्तुत कर पुरा माहौल भक्तिमय कर दिया। वही शहर की चर्चित म्यूजिक मंत्रा की टोली द्वारा राम भजन ह्वसीताराम -सीताराम कहिएह्व.......आदि प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इसके अलावे संभावना स्कूल के संगीत शिक्षक अमितेश रंजन, धर्मेन्द्र कुमार सिह एवं अतिथि कलाकारों द्वारा रामभजन प्रस्तुत किया गया। आगत अतिथियों, कलाकारों एवं कार्यकताओं का सम्मान नगर रामलीला समिति की अध्यक्ष डॉ अर्चना सिंह द्वारा मोमेंटो व पट्टिका पहना कर किया। अंत में सम्भावना स्कूल की छात्राओं द्वारा श्री राम दरबार की आरती की गई।

धन्यवाद ज्ञापन सचिव, नगर रामलीला समिति शंभू नाथ प्रसाद एवं मंच संचालन वरीय सदस्य ओपी कश्यप ने किया। सम्मान प्राप्त करने वाले कलाकारों, कार्यकत्ताओं तथा अतिथियों में सम्भावना स्कूल की छात्र-छात्राओं में रिया, कुमारी वैष्णवी, तान्या सिंह, मिस्टी कुमारी, मनीषा यादव, सुप्रिया यादव, नाव्या साह, रिया सिंह, अर्पिता चौधरी, आशना सिंह, वैष्णवी कुमारी, रितिका सिंह, सौम्या सिंह, मिनाक्षी पाण्डेय, प्रियांशी सिंह, सुहानी दुबे, वेदिका सिंह, रिया कुमारी, रिद्धि साण्डल्या, सुधिक्षा सिंह, विवेक राज, दिव्यांशु, आर्यन रहें। वही सम्भावना स्कूल के संगीत शिक्षक धर्मेन्द कुमार सिंह, अमितेश रंजन, सुन्दरमनाथ मिश्रा को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सनातनी सेना के कार्यकर्त्ता राज नंदन, युवराज, प्रेम सिंघानिया, राहुल कुमार, प्रिंस, आनंद, राहुल, रोहित, आदित्या, सुरज, साहिल, आयुष 1, आयुष 2, संजीव, अभिषेक केशरी, तेजस एकेडमी के सदस्य साइमा प्रवीन, प्रियंका कुमारी, आयुषी शरण, मधुमला, प्रियांसु देवी, राजेश कुमार गुप्ता, पंकज कुमार, गोलू कुमार, अभी शर्मा, ब्रजेश कुमार, राहुल कुमार, लड्डू श्रीकांत, वकील, आयुष, आलेख, पंकज यादव, पवन, चन्द्रमणी, गोलू, संगीता, सन्नी, गया, राहुल, अभिषेक, सुधीर, अक्षय पाण्डेय, आलोक, आशीष, सीता, अमन, सोनू, गोलू, छोटू, मुलायम एवं

म्यूजिक मंत्रा के सभी सदस्य को सम्मानित किया गया। मौके पर अवधेश कुमार पाण्डेय, डी.राजन एवं बुटाई जी मौजूद रहें।

## भाजपा नेता सूर्यभान सिंह आरा रमना मैदान महावीर मंदिर में कार्यकताओं के साथ पूजा किया



प्रात: किरण संवाददाता

आरा : जहां पर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा करने को जगमग है वहीं पर पूरे हिंदुस्तान में भी राम राज्य का माहौल देखा जा रहा है वही आरा के रमना मैदान महावीर मंदिर में भाजपा नेता सूर्यभान सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं के साथ मंदिर में पूजा पाठ आरती जय श्री राम के नारे से गूंज उठा भाजपा नेता सूर्यभान सिंह ने कहा कि यह तो झांकी है हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नृत्य में आज श्री राम अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा किया गया पूरे सनातन धर्म बहुत खुश है जय श्री राम के नारे से पूरे हिंदुस्तान गूंज उठा और आरा भी पीछे नहीं रहा है परी आरा शहर में जय श्री राम के झंडे से सजाया गया है हर मंदिर में पूजा पाठ शहर हो या गांव हर मंदिर में पूजा पाठ किया जा रहा है रमना हनुमान मन्दिर आरा, संकट मोचन आरा में और जीरो माइल ,अख गाव, संदेश करनौल, जगदीश्पुर लालु के डेरा, बरजा, देवरथ मे श्री राम दर्शन अभियान के जिला संयोजक सूर्य भान सिंह, संतोष चंद्रवंशी मधु मिश्रा ज्योति कुशवाहा वरुण सिंह अरविंद पांडे ममता सिंह मृत्युंजय सिंह मुकेश गुप्ता सिंह कुंवर सिंह बृजेश पांडे सुगंधा देवी आरती देवी चुन्नी देवी अजय सिंह राम दिनेश यादव पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम रंजन चतुवेर्दी थे।

## अयोध्या में प्रतिष्ठापित श्री रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर विभिन्न प्रकार के किया गया आयोजन



प्रात: किरण संवाददाता

आरा :अयोध्या में प्रतिष्ठापित श्री राम लला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर आरा विधानसभा के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न प्रकार के आयोजन किया गया।इन आयोजन में आरा विधायक सह पूर्व कृषि मंत्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने भक्ति भाव से ओतप्रोत होकर विभिन्न पूजा समितियों द्वारा आयोजित अनुष्ठानों में भाग लिया जिसमें जोड़ा मंदिर जेल रोड आरा में कीर्तन, ब्रह्म स्थान जेल रोड में भण्डारा, बड़ी मठिया आरा में अयोध्या धाम से प्रसारित भव्य नव्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण और महाआरती, रमना हनुमान मंदिर के कीर्तन, महाराजा हाता शिव मंदिर में सुन्दर कांड पाठ, बहिरो मंदिर में कीर्तन एवं भण्डारा, महुली हनुमान गढ़ी में कीर्तन आदि कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद यह सुखद पल का अनुभव हुआ है। आज लगभग पांच सौ वर्षो के बाद हमारे अराध्य प्रभु श्री राम जी टाट से सपरिवार भव्य दिव्य दरबार में स्थापित हो रहें हैं। भारत को आजतक श्री नरेन्द्र मोदी जी जैसा प्रधानमंत्री नहीं मिला था, जिसने सनातन को पुनः मर्यादित मान-सम्मान को लौटा कर अपने पूर्वजों के श्री राम मंदिर के लिए दिए लाखों बलिदान को अपने जैसे असंख्य श्री राम भक्तों के संघर्षों के बदौलत आज खाये हुए सौगंध को श्री राम मंदिर के विश्व को सुन्दर उपहार देने का काम किया है।हम सभी सैकड़ों वर्षों के वनवास को समाप्ति पर संध्या में अपने घरों को श्री राम ज्योति को जलाकर दीपावली मनायेंगे।

उनके साथ नगर अध्यक्ष जीतु चौरसिया, ग्रामीण अध्यक्ष अशोक सिंह, सुशील कुमार मिश्र, उमाशंकर सिंह उर्फ मिठाई लाल, उदय प्रताप सिंह, राकेश उपाध्याय, प्रकाश सिंह, रितेश वर्मा, कुमार गौतम, लव पाण्डेय, धर्मैन्द्र सिंह, वार्ड पार्षद श्रीमती रेखा जैन,आशीष मिश्रा, श्रृजन अग्रवाल, लाली सिंह, दीपक अग्रवाल, हेमराज, गांधी कुशवाहा, सोनु सिंह, बिनोद सिंह, प्रमोद जायसवाल, हिमांशु सुरी, सन्नी सुरी समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

## अयोध्या श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली शोभायात्रा



प्रात: किरण संवाददाता

नोखा (रोहतास) अयोध्या जन्मभूमि में भगवान श्री राम मंदिर निर्माण में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रखंड क्षेत्र के सिसिरिता गांव में राम प्रांत प्रतिष्ठा को लेकर भव्य शोभायात्रा निकली। जिस कार्यक्रम का नेतृत्व समाजसेवी अभय कुमार सिंह ने की। इस पावन अवसर उन्होंने बताता कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सोमवार के दोपहर से मंदिर में 24 घंटे की अखंड रामायण पाठ की समाप्ति के सिसिरिता गांव से हजारों भक्तों के साथ भव्य श्री राम शोभायात्रा जुलूस निकाली गई। जिस अवसर पर लोगों को अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की लाइव को भी दिखाया गया। जिस मौके पर गांव सहित शहर में काफी खुशी का माहौल लोगों के बीच है। वही जगह-जगह व चौक चौराहों पर भगवान श्री राम के साथ महावीरी झंडे लगाये गए थें। जहां भक्तों के जयकारे से पूरा शहर व गांव गंजायमान था। जुलूस मौके पर गांव सहित शहर के हजारों लोगों ने इसमें भाग लिया।

## कैरोल जूनियर प्ले स्कूल उद्घाटन मेयर इंदु देवी के हाथों संपन्न हुआ



प्रात: किरण संवाददाता

आराः कैरोल जूनियर प्ले स्कूल (शिवगंज सपना सिनेमा रोड बीएसएनएल टॉवर गली )का उद्घाटन माननीय मेयर श्री मति इंदु देवी के हाथो संपन्न हुआ तटपश्चात स्कूल बिकास करे उन्होंने बधाई दी

साथ ही इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगो ने स्कूल मैनेजमेंट को बधाई दी इस अवश्य पर प्रबंधक चांदनी शर्मा ने कहा की कम खर्च में बेहतर गुणवत्ता पूर्ण शीक्षा देना ही हमारे स्कूल का लक्ष्य होगा वही रश्मि श्रीवास्तव ने कहा की शिक्षा के साथ साथ बच्चो का ब्रेन एक्साइज और उनको खेल कूद में भी निपुण बनाना हमारा काम होगा जिसके लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा ।

इस अवसर पर उपस्थिति लोग मे राज किशोर शर्मा,राजेश कुमार ,नदीम अख़्तर,राजेंद्र गुप्ता मंजर हुसैन ,दीपक सिन्हा,पवन कुमार सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

## प्रखण्ड के दर्जनों मंदिरों में सुबह से ही पूजा पाठ व श्रीराम के जयघोष से गुंजा क्षेत्र



प्रात: किरण संवाददाता

गड़हनी( भोजपुर )। अयोध्या में श्रीराम लाला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सुबह से प्रखण्ड क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिला।सबके जुबान पर श्री राम प्रभु का नाम सुनाई दिया।वही गड़हनी,बँगवा, बराप, काउप,बालबान्ध, बलिगांव, लभुआनी,धमनियां,शिवपुर, सहित दर्जनों मंदिरों में भजन कीर्तन व पूजा पाठ की धूम है। श्रीराम प्रभू के झण्डा से बाजार व गांव के गालियां भगवा रंगों से पटा हुआ है। सभी मंदिरों मे काफी भीड़-भाड़ भी देखा गया ।वह क्षेत्र में श्रीराम के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान है। कई ठाकुरबाड़ी में महिलाओं ने भजन कीर्तन व पूजा पाठ पूरा बिधि बिधान के साथ करती नजर आई। प्रसाद के रूप में कही मनभोग तो कही तस्मई तो कही लड्डू समेत अनेक प्रकार के प्रसाद वितरण लोगो के बीच किया जा रहा है ।वही गड़हनी शिव मंदिर प्रांगण में सोमवार की सांध्य 6 बजे से महाआरती व सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा ।शिव मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया हैं ।वही मंदिर के आगे अयोध्या धाम के प्रारूप का की रंगोली युवा शक्ति क्लब की ओर से बनाई गई ।वही इसका प्रारूप को अंकुश की टीम द्वारा तैयार किया गया हैं ।हालांकि बराप व धमनियां में भी दीपोत्सव की तैयारी की गई हैं ।वही बँगवा में शिव मंदिर के साथ-साथ मांझी टोला में मांझी समाज के द्वारा साफ-सफाई कर पूरे बस्ती को भगवा रंग से पाट दिया हैं एवं दीवाली की तरह दिप जलाने की तैयारी की गई हैं।

## शिक्षा संवाद कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों को किया गया जागरूक



प्रात: किरण संवाददाता

नोखा (रोहतास) थाना क्षेत्र के घोरडीहा एवं हथिनी गांव स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में सोमवार को शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों एवं शिक्षकों द्वारा विद्यालय के सभी छात्र- छात्राओं व अभिभावकों को बिहार सरकार द्वारा विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए संचालित लाभकारी एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारियां दी गई। कार्यक्रम अवसर पर सबसे पहले उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय घोरडीहा में आयोजित शिक्षा संवाद कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुमन कुमार श्रीवास्तव ,सीडीपीओ आभा कुमारी, बीपीएम अभिषेक कुमार सहित एमडीएम प्रभारी मंजू पटेल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। जबकि प्रभारी प्रधानाध्यापक शिवकुमार चौधरी ने सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक आशीष पांडे व दिव्यप्रकाश ने की। जबकि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुमन कुमार श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को विभिन्न योजनाओं तहत बिहार सरकार द्वारा स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना ,कौशल विकास सहित विभिन्न लाभकारी और कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने छात्रों व अभिभावकों से कहा कि सरकार की योजनाएं सभी ग्रामीणों,छात्रों और अभिभावकों तक पहुंच सके। जिसको लेकर शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक उच्च विद्यालयों में किया जा रहा है। दूसरी तरफ प्रखंड के हथिनी गांव स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक रवि कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुमन कुमार श्रीवास्तव एवं बीपीएम अभिषेक कुमार ने किया ।मौके पर अजीत सिंह, सुनील कुमार पटेल,रामअयोध्या पाठक,राणा प्रताप सिंह,राम अयोध्या गिरी, हिमांशु रंजन,अजय सिंह,श्रीकांत मणि,अंजू देवी, गुड़िया कुमारी,स्वरूपा रानी, शिखा कुमारी,सतेंद्र सिंह,अर्जुन चौधरी,टेश लाल चौधरी,नंदलाल चौधरी,हरिद्वार चौधरी,लालसा देवी,श्रीभगवान सिंह, हृदया शर्मा ,संगीता देवी,मीरा कुमारी सहित कई छात्र छात्राएं ,शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं ग्रामीण अभिभावक मौजूद थे

## अयोध्या में राम के मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ले जुलूस का आयोजन



प्रात: किरण संवाददाता

भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड के पसौर पंचायत में पूर्व पंचायत समिति सदस्य अभिषेक चौहान के नेतृत्व में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत के ग्रामीणों ने पसौर गांव में महावीर झंडा को लेकर जुलूस निकाला। जुलूस में सैकड़ो की संख्या में गाजे बाजे के साथ ग्रामीण शामिल थे ।भगवान राम के जय घोष के साथ पूरा वातावरण भक्ति में हो गया। प्रखंड के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना एवं अनुष्ठान विद्वान पंडितो द्वारा किया गया ।देर शाम घरों में लोग दीप प्रजवलित कर खुशी मनाएं । प्रखंड के पसौर गांव में आयोजित जुलूस में दंडाधिकारी के रूप में अंचलाधिकारी चरपोखरी रितिका कृष्णा थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे ।चरपोखरी प्रखंड में शांतिपूर्ण ढंग से शोभा यात्रा संपन्न हुआ।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में भव्य आरती और डमरू वादन से गदगद हुए भोजपुरवासी, केंद्रीय मंत्री ने संत महात्माओं को किया सम्मानित



प्रात: किरण संवाददाता

आरा : अयोध्या नगरी आज राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा सफल पूर्वक संपन्न हो गया। राम की नगरी का कण-कण राममय हो गया है। रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आरा के ऐतिहासिक रमना मैदान में भी श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की भव्य तैयारी की गई थी। जहां हजारों की संख्या में भोजपुरवासी कार्यक्रम को देखने के लिए पहुंचे है। वहीं आरा के सांसद सह केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह भी इस कार्यक्रम में पहुंचे है। कार्यक्रम से पहले पूरे आरा शहर में राम जी का रथ जुलूस निकाला गया। जिस्म की पूरे शहर में भगवान श्री राम को नगर भ्रमण कराया गया वहीं आरा के रमना मैदान में हजारों लोग प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में पहुंचे है। आज पूरा आरा शहर राममय हो गया है। राम भक्तों का करीब 500 साल का लंबा इंतजार आज खत्म होने जा रहा है। इस पावन मौके का साक्षा बनने के लिए हजारों लोग आरा के रमना मैदान पहुंच चुके हैं। संत महात्माओं के साथ आम भोजपुरवासी भी भगवान के आगमन से गदगद हैं। आज प्राण-प्रतिष्ठा के लिए 85 सेकेंड का मुहूर्त है। आरा शहर में भी रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर सभी भोजपुवासी उत्साहित दिख रहे थे और राम भक्तों से आरा का रमना मैदान पूरी तरह से पट गया जहां की लाखों की संख्या में राम भक्त यहां पहुंचे थे वहीं रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के दौरान केंद्रीय मंत्री आरके सिंह के द्वारा कार सेवकों को राम मंदिर का मोमेंटो और गमछा देकर सम्मानित किया गया। वहीं भव्य कार्यक्रम में काशी के तर्ज पर आरती के साथ साथ डमरू वादन का उत्सव किया गया। इसके लिए स्पेशल काशी से ही आरती करने वाले पुजारियों को बुलाया गया था। जिनके द्वारा श्री रामलला की आरती और डमरू वादन किया गया। जिसे देखने के लिए हजारों भोजपुरवासी मौजूद रहे। वहीं आरती के बाद भंडारे प्रसाद की भी व्यवस्था की गई थी। वहीं रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि आज पूरा आरा शहर राममय हो गया है। शहर के सभी मंदिरों को सजाया गया है। रमना मैदान में कार सोवकों को सम्मानित किया गया है। यहां भंडारे की व्यवस्था की गई है। वहीं रात में हमसभी दिवाली मनाएंगे ।वही रमना मैदान में दीप जलाकर रामलला का उत्सव मनाएंगे। वहीं उत्सव में संजय स्वामी महंथ श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर छपरा, अवधेश नारायण सिंह एमएलसी, श्रीधरा चार्य, धर्मेंद्रचार्य को आरके सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया है। वही इस ऐतिहासिक मौके पर भोजपुर जिले के तमाम मीडिया कर्मी को भी आयोजन समिति की तरफ से सम्मानित किया गया वहीं मुख्य अतिथि एवं यजमान के तौर पर पधारे केंद्रीय मंत्री को राम दरबार का प्रतीक चिन्ह देकर आयोजन समिति के सदस्यों ने स्वागत किया पूरे कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य संरक्षक डॉक्टर पी सिंह ने किया ।

## असमाजिक तत्वों ने पत्रकार पर किया जानलेवा हमला, प्राथमिकी दर्ज

प्रात: किरण संवाददाता



काराकाट (रोहतास) थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरुर पुल पर दैनिक अखबार के पत्रकार अपने निजी दुकान पर बैठे थे कि कुछ असमाजिक के तत्वों द्वारा उनपर जानलेवा हमला कर दिया गया । घटना रविवार संध्या करीब 5 बजे शाम की बताई जा रही हैं । जहां कुरुर गांव के तीन अपराधिक विचारधारा रखने वाले असमाजिक तत्वों के द्वारा जानलेवा हमला किया गया । जिसमें स्थानीय पत्रकार बुरी तरह घायल बताए जा रहे है । जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र काराकाट के संसार डिहरी गांव निवासी रजनी कांत पांडेय एक हिंदी अखबार में स्थानीय रिपोर्टर हैं । वही सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दिया हैं । वही मामले की जानकारी देते हुए पत्रकार रजनी कान्त पाण्डेय ने बताया कि कुरुर गांव निवासी सुनील यादव उर्फ मुलेंद्र यादव के पुत्र अभिषेक कुमार यादव , रौशन कुमार यादव तथा कुरुर गांव के ही धनजी यादव के पुत्र बीटू कुमार यादव के द्वारा उनके निजी दुकान पर आकर अचानक गाली गलौज देते हुए उनके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया गया। जिसमें श्री पांडेय बुरी तरह घायल हो गए। जबकत वो कुछ समझ पाते उससे पहले ही तीनों लोग उन्हें घायल कर फरार हो गए। प्राथमिक उपचार के लिए काराकाट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया गया और उनके सर पर लगे चोट का एक्स रे किया गया। वही इलाज कर रहें चिकित्सकों द्वारा बताया गया की सर में चोट है जिसे सिटी स्कैन के लिए सासाराम के सदर अस्पताल रेफर किया गया है। वही हमला की सारी फुटेज दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया । जिसे स्थानीय पुलिस थाना को सबूत के तौर पर दिया गया है । जिसके बाद स्थानीय पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ संपन्न



प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) नगर परिषद के वार्ड 20 अंतर्गत धारुपुर में 6 दिवसीय श्रीश्री 1008 श्री लक्ष्मी महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा के साथ सोमवार को संपन्न हो गई। जिसका समापन श्री जीयर स्वामी महाराज के शिष्य श्री प्रेमानंद महाराज के सानिध्य में भगवान हनुमान जी का प्राण प्रतिष्ठा के विधि-विधान पूजन के साथ हुई। इस अवसर पर स्थानीय शहर से लेकर दूर-दराज से आएं हजारों भक्तों की भीड़ उमड़ी थी। दूसरी तरफ महायज्ञ आयोजन के समापन को लेकर गांव निवासी दिन-रात एक कर श्रद्धालुओं के सेवा में समर्पित दिखें। जहां अंतिम दिन भाजपा प्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ महामंत्री सह काराकाट विधानसभा भावी प्रत्याशी डॉ० मनीष रंजन ने महायज्ञ पूजा सदस्यों के साथ भगवान श्री राम भक्त हनुमान जी महाराज के प्राण प्रतिष्ठा पूजन के बाद भक्तिमय जयकारे के साथ हजारों भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया। वही गांव स्थित हनुमान जी का प्राण प्रतिष्ठा मूर्ति स्थापित होते ही क्या बच्चें, बूढ़े, युवा सहित महिला और पुरुष सभी उत्साहित है। मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह,नगर सभापति मनोरंजन सिंह, प्रबल प्रताप सिंह, सरोज सिंह, सरसठ सिंह, बब सिंह, मुन्ना सिंह, विजय बहादुर सिंह, मनोज सिंह, चुननु सिंह, गुड्डू सिंह, दीपू सिंह,चीकू सिंह, बद्रीनाथ सिंह,राधेश्याम सिंह, रघुवंश सिंह ,त्रिभुवन सिंह सहित हजारों भक्त उपस्थित थें।

# रामध्वज से करपी बाजार लहराता रहा व गूंजता रहा जय श्री राम की नारे

प्रात : किरण संवाददाता

करपी,अरवल।श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर भगवान श्रीराम के प्रति आस्था की पाराकाष्ठा करपी बाजार के सड़कों पर दिखा सोमवार। हजारों की संख्या में बाजार एवं आसपास के ग्रामीण भगवान राम की आस्था व भक्ति में सराबोर होकर सड़कों पर थिरके।अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम भक्तों के द्वारा भव्य मनमोहन शोभायात्रा निकाली गई जिसका नेतृत्व समाजसेवी डॉक्टर ज्योति प्रसाद उर्फ शत्रुघन पंडित ने किया इस मौके पर डॉक्टर ज्योति ने कहा कि भगवान राम सुखों का समझौता कर न्याय और सत्य के मार्ग पर चले अपने इन्हीं गुणों के कारण वे मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाए भगवान राम के कुछ गुणों को अपना लेने से जीवन सफल हो जाता है।

वहीं श्रद्धालुओं ने जय बोलो श्री राम की जय बोलो हनुमान की, सियाबर राम चंद्र की जय,एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम जय श्रीराम के गगन भेदी जयकारे से बाजार गूंजता रहा। शोभायात्रा में बच्चे, जवान, महिला हो या पुरूष, सभी राम आएंगे हम अंगना संजाएंगे जैसे गीतों पर उत्साह के साथ जमकर थरके। रामध्वज से बाजार लहराता रहा।

शोभायात्रा देवी स्थान प्रांगण से आरंभ होकर करपी डीह जगदंबा स्थान बस स्टैंड जगदेव चौक राम जानकी मंदिर हाई स्कूल थाना परिसर प्रखंड कार्यालय से होता हुआ हंसराज बाग हनुमान मंदिर से पुणे लौटकर विभिन्न मार्गो से होते हुए संध्या करीब 4:30 बजे देवी अस्थान मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष दूधेश्वर प्रसाद साहू शिक्षक अरविंद शर्मा डॉ ज्योति प्रसाद गुड्डू शर्मा देवराज कुमार अमर कुमार रंजीत कुमार राकेश कुमार श्याम कुमार राकेश गुप्ता प्रमोद कुमार रविंद्र यादव. बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल हुए। करपी थाना अध्यक्ष उमेश राम सुजीत कुमार श्रीनिवास सिंह धर्मेंद्र कुमार अंचल अधिकारी संजय कुमार शर्मा एस आइ प्रमोद कुमार के साथ महिला एवं पुरुष बाल के द्वारा पुलिस सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।



# दिनभर राममय बना रहा शेरघाटी बच्चें भी भगवा रंग में रंगे रहे

● मंदिरों में होता रहा अखंड कीर्तन व रामायण का पाठ

प्रात : किरण संवाददाता



शेरघाटी ।प्राण प्रतिष्ठा के लिए माहौल राममय बना है. गांव से लेकर शहर तक करीब सैकड़ों धार्मिक स्थलों को आकर्षक तरीके से सजाया गया. प्रमुख स्थान रोशनी से जगमग हैं. मंदिरों में विभिन्न संगठनों के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया. घरों में रोशनी की तैयारी है. रामलाल के बिराजने खुशी में श्रद्धालुओं ने जमकर पटाखे फोडे. सोमवार के सुबह से ही मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई. जो शाम तक भगवान के दर्शन व पूजन अर्चन के लिए लगी रही. इसके साथ मंदिरों में रात्रि के लिए रोशनी का इंतजाम किया गया. रात होते ही धर्मस्थल जगमगा उठे. शहर के मुख्य मार्ग में स्थित श्री राम मंदिर, तीन शिवालय, एक शिवालय, डाक बंगला स्थित गायत्री मंदिर एवं शिव मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया. इसी प्रकार बीटी बीघा ठाकुबाड़ी में रामायण के अनुष्ठान, विष्णु धाम वरवा मंदिर प्रांगण में 24 घंटे का अखंड कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन किया गया है. वहीं एक दिन पूर्व से ही शहर में लाउडस्पीकर लगाकर भजन सुनाए गए जिससे पूरा शहर भक्ति में बना रहा. इसके साथ दोपहर को अयोध्या मैं रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा के संगीत में संगीतमय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कई स्थानों पर किया गया. शहर के प्रमुख बाजारों में प्रसाद का वितरण किया गया. वही दीपावली के तरह रात्रि में मंदिरों सहित सभी घरों में अयोध्या में श्री राम लाल के आगमन के खुशी में दीपक जलाए जाने की तैयारी है. वहीं स्थानीय कलाकारों के द्वारा राम मंदिर के प्रांगण में सुबह से ही भक्ति में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें कलाकारों ने राम आएंगे, तो अंगना सजाऊंगी सहित अन्य भजन का श्रद्धालुओं ने खूब लुफ्त उठाया और जमकर तालियां बजाई।

## संक्षिप्त खबरें

### शेरघाटी प्रमुख एवं उप प्रमुख की कुर्सी बची

शेरघाटी ।प्रखंड प्रमुख एवं उप प्रमुख के खिलाफ सदस्यों की ओर से लाया गया था. विश्वास के खिलाफ सोमवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में चर्चा की तारीख तय की गई थी. परंतु चर्चा के लिए एक भी पंचायत समिति सदस्य नहीं पहुंचे जिसके वजह से अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो गया. प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद ने बताया कि प्रखंड प्रमुख एवं उप प्रमुख के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक सदस्यों द्वारा नो कॉन्फिडेंस का प्रस्ताव लाया था. परंतु नियमित समय तक एक भी सदस्य नहीं पहुंचे जिसके वजह से प्रस्ताव खारिज हो गया. इस प्रकार प्रमुख नरेश कुमार एवं उप प्रमुख लाल बहादुर शास्त्री की कुर्सी सुरक्षित रह गई।

### प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ने किया पदभार ग्रहण

औरंगाबाद।व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में न्यायधीश सत्य भूषण आर्या ने परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश पद के पदभार ग्रहण किया।अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि पटना हाईकोर्ट ने दरंभगा के एडीजे सत्य भूषण आर्या को पदोन्नति करते हुए औरंगाबाद के परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश बनाया है। आपको मालूम कि परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश रहे पुनीत कुमार गर्ग को छपरा के जिला जज बन जाने से 8 नवंबर 2023 से परिवार न्यायालय पदरिक्त था।परिवार न्यायालय में 1500 से अधिक पारिवारिक वाद लंम्बित हैं।पदभार ग्रहण कर न्यायधीश ने परिवार न्यायालय के न्यायिक क्रियाकलापों और वादों का जायजा लिया और समय पर वाद मेंपैरवी करने की अधिवक्ताओं और अधिवक्ता लिपिक को हिदायत दी।नये प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सत्य भूषण आर्या के पदभार ग्रहण करने पर जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद और अधिवक्ता संघ औरंगाबाद के अधिवक्ताओ ने शुभकामनाएं प्रकट करते हुए बधाई दी।

### 13 फरवरी को होगा मतदान

औरंगाबाद।जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में कार्यसमिति के चुनाव तारीख का ऐलान कर दिया गया है।निर्वाचन समिति के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी महेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के 27 सदस्यीय कार्यसमिति का चुनाव 13 फरवरी को होगा और मतगणना 14 फरवरी से अंतिम चुनाव परिणाम आने तक होगा। उन्होंने आगे बताया कि अभ्यर्थियों के नामांकन 29 जनवरी 2024 से 31 जनवरी 2024 होगी। नामांकन पत्रों की जांच 01 जनवरी 2024 होगी।नाम वापसी के तिथि 02 जनवरी 2024 होगी।चुनाव के तिथि घोषित होते हुए विभिन्न पदों के भावी अभ्यर्थियों ने मतदाताओं को अपने- अपने पक्ष में मतदान में समर्थन का प्रयास तेज कर दिया है।मालूम कि पिछले कार्यसमिति के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह और महासचिव नागेंद्र सिंह पुनः चुनाव में जीतने के भाग्य आजमाएंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में निवार्चन समिति के सहायक सदस्य कामता प्रसाद सिंह, अवध किशोर पांडेय, सरोज रंजन सिन्हा, अभय कुमार उपस्थित थे।

# राम आयेंगे की धुन पर थिरकते रहे लोग



प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। अयोध्या के पवित्र धरा पर नवनिर्मित भव्य मंदिर में रामलला विराजमान किए गए !रामलाल की मूर्ति में जैसे ही प्राण प्रतिष्ठा का मंत्र पढ़ा गया उसी क्षण के बाद से भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में रह रहे सनातन धर्मावलंबीयों के लिए वह समय ऐतिहासिक व यादगार सा हो गया !लोग इस ऐतिहासिक क्षण के इंतजार कई वर्षों से करते आ रहे थे और 500 वर्ष की लंबी लड़ाई के बाद हमारे मयार्दा पुरुषोत्तम राम बिते दिन अपने निवास स्थान में विराजमान हुए! पूरा देश इस गौरवशाली क्षण का गवाह बना एवं अपने आप को धन्य माना! इस शुभ अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी की आवाहन पर पूरा देश मानो राममय हो गया !लोगों के अंदर आस्था का जन सैलाब उमर पड़ा! प्राण प्रतिष्ठा के दृश्य देखने को लोग टीवी मोबाइल से चिपके रहे ताकि वह पल छूट न जाए !तमाम राम भक्त सारे काम छोड़कर टेलीविजन पर हो रहे लाइव प्रसारण को देखते रहे! देश के तमाम मंदिरों ठाकुरबारियों देवी देवताओं के मंदिरों में धूमधाम से पूजा अर्चना हो रही है !लोग एक दूसरे को जय श्री राम का नारा देकर संबोधित करते नजर आ रहे हैं! क्षेत्र के तमाम गांव में राम के धुन पर लोग थिरकते नजर आ रहे हैं !राम आएंगे की धुन डीजे पर चहुओंर बजती दिख रही है और उस धुन पर थिरकते लोग नजर आ रहे हैं !अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बाद सभी जगह पर दीपावली सा माहौल देखा गया !करपी शहर तेलपा बेलखरा केयाल बंभई रामपुर चाय सहित तमाम ग्राम पंचायत में लगभग प्रत्येक मंदिरों में अखंड पूजा को आज विराम दिया गया! अरवल वंशी करपी मेहंदिया शहर तेलपा बाजार में शोभायात्रा, अखंड संकीर्तन के बाद रामलीला का मंचन किया गया ,जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु रामलीला का आनंद लिए !वहीं शाम में भंडारा का भी आयोजन किया गया जहां सारे श्रद्धालु पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद लेते नजर आए !रामलीला के मंदिर के निकट आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा लगभग 100 लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया !कंबल वितरण में अभय गुप्ता पिंटू शर्मा गोरेलाल ठाकुर सहित कई लोग नजर आए ! इस एतिहासिक क्षण प्रशासनिक व्यवस्था में भी काफी चुस्ती देखी गई !जगह-जगह पर पुलिस बल को तैनात करके कानून व्यवस्था को भी मजबूत करने का प्रयास किया गया। क्षेत्र के तमाम जगहों पर प्रशासन नजर बनाए हुए हैं सब जगह पर यह कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ!

# गोपालपुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



शेरघाटी। उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोपालपुर में सोमवार को शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी गोपाल कृष्ण एवं बीपीआरओ अभय कुमार ने संयुक्त रूप से किया. इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रणविजय कुमार ने अभिभावकों एवं छात्रों को सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया. साथ ही उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को प्रतिदिन नियमीत समय पर विद्यालय भेजने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि नियमित विद्यालय आने वाले छात्रों को ही सरकार के द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा. इस मौके पर शिक्षक मिथिलेश कुमार प्रमोद कुमार के अलावा अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे.।

# राजद कार्यकर्ताओं ने डॉ. राजेश कुमार का मनाया 19वीं पुण्यतिथि

प्रात : किरण संवाददाता



शेरघाटी। शहर के प्रखंड कार्यालय के निकट गया जिले के पूर्व सांसद डॉ. राजेश कुमार के 19वीं पुण्यतिथि मनाई गई। उक्त दौरान कार्यकताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर उनके तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि नेता डॉ राजेश कुमार एक अच्छे विचार के व्यक्ति थे जो हर व्यक्ति को सहायता करने में अग्रसर रहते थे। कार्यक्रम के नेतृत्व सुरेश सिंह के देख रेख में किया गया। कार्यक्रम के दौरान विश्वनाथ यादव, डॉ पीके कुंडू,भोला सिंह, शिवनंदन बाबू,डॉ विजय कुमार पांडे, गौतम कुमार, अनिल कुमार, कमलेश कुमार, डॉ. उदय कुमार, प्रमोद वर्मा,शंभू सिंह राम लखन पासवान समेत अन्य लोग शामिल थे।

# रामलला के विराजमान होने पर शहर से लेकर गांव-गांव हुआ राममय

प्रात : किरण संवाददाताß

औरंगाबाद। मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम की नगरी अयोध्या में नवनिर्मित भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होते ही शहर से लेकर गांव तक रामभक्ति की गंगा-यमुना बह रही है। औरंगाबाद में भी शहर से लेकर हर गांव राममय है। शहर और गांव की गलियों में जय श्रीराम के जयघोष गूंज रहे है। हर मंदिर में आकर्षक तरीके से सजे धजे है। मंदिरों में भक्तों का सैलाब सा उमड़ा है। सभी मंदिर हवन, कीर्तन और वैदिक मंत्रों से गुंजायमान हो रहे है। कही राम कथा हो रही है। कही सुंदरकांड का पाठ हो रहा है। कही रामचरितमानस का पाठ हो रहा है। कही जागरण हो रहा है। कही कीर्तन हो रहा है। भगवान को भोग लग रहा है। प्रसाद बंट रहा है। गाजे-बाजे, ढ़ोल-नगाड़े के साथ राम, लक्ष्मण, जानकी और हनुमान की झांकी के साथ भव्य और आकर्षक जुलूस निकले है। जगह-जगह जुलूस में हजारों भक्तों की भीड़ उमड़ी हैं। रामभक्त जोश में है पर होश में है। एहतियात के तौर पर सर्वत्र सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध है। चप्पे-चप्पे पर दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात है।संघ परिवार से जुड़े संगठनों के नेता कार्यकर्ता भी मंदिरों में पूजा अर्चना करते और भव्य शोभा यात्रा और जुलूस में शामिल दिख रहे है। जुलूस में कई जगह मुस्लिम समुदाय के लोग भी दिल खोलकर शामिल नजर आए। वही स्थानीय बीजेपी सांसद सुशील कुमार सिंह के आवास पर रामकथा पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और नगरवासी शामिल हुए। साथ ही शहर के पंचदेव मंदिर में भी भाजपा के युवा नेता और रेडक्रॉस के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष पूजा अर्चना आयोजित हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु और भक्तों ने भाग लिया। वही भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल शरण सिंह औरंगाबाद सदर प्रखंड के नौगढ़ और जम्होर स्थित रामजानकी ठाकुरबाड़ी में आयोजित विशेष पूजा अर्चना में शामिल हुए। भक्ति भाव से उन्होने षोडशोपचार तरीके से रामजानकी की पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद उन्होने कहा कि पांच सौ साल के लंबे इंतजार के बाद वह शुभ घड़ी आई है, जब रामलला अपनी जन्मभूमि में स्थित भव्य मंदिर में विराजमान हुए है। यह ऐतिहासिक क्षण है। हम सनातनियों के लिए गौरव का पल है। रामलला के विराजमान होने से हम सभी सनातनि गौरवान्वित है। आज हम सब खुद को हिंदु और सनातनी कहने में गर्व कहने का अनुभव कर रहे है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूर और दिव्य दृष्टि तथा कुशल नेतृत्व से संभव हो सका है। मोदी है तो मुमकिन है। आने वाले दिनों में मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरू बनेगा।

### जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा माह की दिलाई शपथ

अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के द्वारा अरवल समाहरणालय परिसर में मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना अंतर्गत चयनित लाभुकों को चयन पत्र वितरित किया गया। जिला पदाधिकारी अरवल द्वारा बताया गया कि अरवल जिला अंतर्गत 04 प्रखंड हेतु कुल 52 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमे से 24 योग्य लाभुकों का चयन मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना अंतर्गत किया गया है, साथ हीं 28 अन्य आवेदकों को इस हेतु प्रतीक्षा सूची में रखा गया हैं। इस योजना अंतर्गत प्रत्येक लाभुक को बस की खरीद पर 5,00,000 का अनुदान सरकार की तरफ से दिया जाना हैं चयनित लाभुकों द्वारा बस की खरीद करने के पष्चात कागजात को जिला परिवहन कार्यालय, अरवल में जमा किया जाएगा, तत्पष्चात राषि लाभुकों के खाते में अंतरित की जाएगी।

# आईआईएम बोध गया द्वारा स्वच्छता के फ्लेग एसएसपी ने हरी झंडी दिखाई

प्रात : किरण संवाददाता



गया। वरीय पुलिस अधीक्षक गया आशीष भारती को नीरंजना नदी स्वच्छता के लिए दौड़ प्रतियोगिता के फ्लेग आफ हेतु मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। इस मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक गया के द्वारा उक्त दौड़ प्रतियोगिता को फ्लैग आफ किया गया और सभी प्रतिभागियों लगभग 600 का उत्साहवर्धन किया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक गया द्वारा सभी को स्वस्थ रहने तथा निरंजना नदी को स्वक्ष्य रखने हेतु कार्य करने हेतु आहवाह्न किया गया है। गया पुलिस के द्वारा आम नागरिकों की सुरक्षा तथा सेवा हेतु किए जा रहे कार्यों के बारे में भी सभी को अवगत कराया गया है।

### पवन कुमार की कृति सदियों तक याद की जाएगी: कुमार गौरव

गया 1992 में अयोध्या में बाबरी मस्जिद के ढांचे को गिराने के लिए गया नई सड़क के पवन कुमार छिपकर घर से भागकर उसमे हिस्सा लिए थे। उनका सपना था कि वो किसी भी कीमत पर मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में अयोध्या में शामिल होंगे,मगर ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था। जनकी लम्बी बीमारी के बाद देहांत हो गया। गया के आजाद पार्क में प्रति वर्ष आयोजित होने वाले रामलीला जो आदर्श लीला समिति द्वारा आयोजित होती है कि सक्रिय सदस्य भी रह चुके हैं। आदर्श लीला समिति के प्रदेश अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने कहा कि आज भले ही आप इस दुनिया मे नहीं हैं मगर आपकी कृति सदियों तक इस जहाँ में कायम रहेगी।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में दिप प्रज्जवलन कर अयोध्या कार्यक्रम देखा गया

प्रात : किरण संवाददाता

गया।अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह की अगुवाई में जिला पदाधिकारी एवं राम भक्तो के साथ देखा गया इस अवसर पर प्रेम प्रकाश चिंटू सिंह ने कहा आज हम सबों के लिए गौरव का क्षण हैं भाजपा का एक एक कार्यकर्ता का नारा था अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बने और राम लला जी का दर्शन करें देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदीजी के ग्यारह दिन का कठिन अनुष्ठान रखकर आज उन्ही के द्वारा विधिवत पूजा पाठ एवं मंत्रोधर्म के साथ प्राण प्रतिष्ठा किया गया ये हम सबों के लिए सुखद दिन हैं आज पूरे भारत के साथ साथ गया जी के प्रत्येक घर एवं मठ मंदिरों में हजारों दीप प्रज्वलित कर दीपावली मनाएंगे। आज के कार्यक्रम में पूर्व सांसद रामजी मांझी, पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा,अनिल स्वामी,मुकेश शर्मा,अशोक सिंह,संजू साव,डि मनीष पंकज मिश्रा,रौशन पटेल,राजेश चौधरी, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, अजय कुमार ,युगेश कुमार,अनुज कुमार, करुणा कुमारी गजेंद्र दास, प्रीति सिंह,सम्फुल देवी जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव, रंजन कुमार सिंह, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, जिला मंत्री बिनोद सिंह, कमल सिन्हा, धर्मेंद्र यादव, बंदना कुमारी, नीमा देवी, ललिता देवी, सुधांशु मिश्रा भुवन मोहिनी, राहुल रंजन यादव,प्रशांत कुमार, दीपक पाण्डेय,आकाश जयदेव गिरी,करुणा सिंह,डॉक्टर चंद्र किरण,रामप्रवेश सिंह अशोक सहनी, मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा, कमल बारीक,प्रेम नाथ , गोपी नाथ,सहित अन्य भाजपा नेताओं ने राम भक्तो के साथ सीधा प्रसारण देखा साथ साथ दीप जलाकर दीपावली मनाया है

# श्री रामजी के पूजा पाठ व अयोध्या नगरी से सीधा प्रसारण

प्रात : किरण संवाददाता



गया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ मुहूर्त पर चांद चौरा अखाड़ा दुर्गा मंदिर के प्रांगण में भगवान श्री राम जी के पूजा पाठ एवं अयोध्या नगरी से सीधा प्रसारण सैकड़ों राम भक्तो के साथ बैठ कर देखा गया एवं भंडारा का व्यवस्था किया गया है कोई भी व्यक्ति इस भंडारे से वंचित न रहे इस अवसर पर मनीष मिश्रा ने कहा कि आज दोहरा खुशी है हिंदू सनातन धर्म के लोग तपस्या किया कितने राम भक्त अपने प्राण की आहुति दी 22 जनवरी 2024 को सभी आहुतियों का प्रतिफल मिला की देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा किया गया हिंदुस्तान की जनता नही विश्व के लोगों ने भगवान श्री राम का गर्भ गृह में दिव्य दर्शन किया इसी दुर्गा मंदिर में हमलोग शीला पूजन कर अयोध्या भेजा गया था जो आज उसी शीला पूजन से भव्य मंदिर का स्वरूप तैयार हुआ भारत की जनता आज राममय हैं आज गया जी की जनता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर,राजेश चौधरी, रौशन पटेल,दीपक पाण्डेय,अशोक सहनी, कालो देवी मिश्रा,मीना मिश्रा,स्वाति मिश्रा,महेश यादव, बबलू गुप्ता,मंटू कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में पूजा एवं भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया आज के पूजा पाठ कराने वाले नारायण शास्त्री जी के द्वारा किया गया है।

# सामूहिक विवाह सफल आयोजन के बाद मुखिया ने सचिन को किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता



गया।कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी द्वारा आयोजित 6 दिसंबर को 151 कन्याओं की सामूहिक विवाह के सफल आयोजन के बाद डंडई प्रखंड के मुखिया लोगों के द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर डंडई प्रखंड के 9 मुखिया उपस्थित थे।समान समारोह के दौरान उपस्थित सभी मुखिया के द्वारा कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली को माला एवं बुके देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान मुखिया ने कहा कि सोसाइटी के द्वारा आयोजन बहुत ही नेक का कार्य है।सोसाइटी के सचिव के द्वारा एक साथ 151 कन्याओं का सामूहिक विवाह कर कर गढ़वा जिला के लिए एक मिसाल कायम किया है। उन्होंने कहा कि संस्था का यह कार्य से हम जनप्रतिनिधि को काफी लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि संस्था के सचिव के द्वारा उन्हें आश्वस्त किया गया है कि गांव समाज में कोई भी असहाय निर्धन कन्या जिन्हें शादी विवाह में किसी भी तरह की परेशानी होती हो तो कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के कार्यालय में पहुंचकर संपर्क कर सकते हैं। सोसाइटी के द्वारा उसका विवाह का पूरा जिम्मा उठाएगा। साथ ही साथ विदाई स्वरूप घरेलू उपकरण सामग्री भी उन्हें प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर मुखिया जितेंद्र ठाकुर, झोतर पंचायत के मुखिया बिष्णु यादव सहित सभी पंचायत के मुखिया व ग्रामीण उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना गया कॉलेज के विशेष शिवीर का समापन

गया। राष्ट्रीय सेवा योजना, गया कॉलेज ,गया के द्वारा आयोजित विशेष शिविर का समापन हो गया है। इस समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में गौतम बुद्ध महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डा जावेद अशरफ , मगध विश्वविद्यालय ,राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ बृजेश कुमार राय, जगजीवन कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सत्येंद्र प्रजापति और गया कॉलेज गया के प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ सतीश सिंह चंद्र उपस्थित थे। प्रधानाचार्य सतीश सिंह चंद्र ने 7 दिन के विशेष शिविर समारोह को बहुत अच्छी तरीके से आयोजित करने के लिए सभी वॉलिंटियर्स एवं प्रोग्राम ऑफिसर डॉ राजेश कुमार मिश्रा एवं यूनिट 2 के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ रवि कुमार को साधुवाद दिया और भविष्य में स्वयंसेवकों को इस कैंप में मिली हुई शिक्षा से आगे बढ़ाने की सलाह दी ।

## संक्षिप्त खबरें

### शांति समिति की बैठक हुई संपन्न

नवगछिया (भागलपुर)। उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले में होने वाले श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर बिहपुर थाना परिक्षेत्र इलाके में चाक चौबंद व शांतिपूर्ण माहौल बनी रहे जिसे लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत बिहपुर अंचल के सीओ बलिराम प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक का संचालन बिहपुर अपर थानाध्यक्ष विकास कुमार एवं बीडीओ सत्यनारायण पंडित ने किया। इस मौके पर इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह, एसआई दीपिका जूही सहित राम-जानकी ठाकुरबाड़ी के महंत नवल किशोर दास, मुखिया सलाउद्दीन, सरपंच लालू समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे। बैठक के क्रम में अपर थानाध्यक्ष ने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक भड़काऊ एवं धार्मिक उन्माद फैलाना आदि संबंधित पोस्ट करके अफवाह फैलाना दंडनीय अपराध है, जिसे लेकर सोशल मीडिया के व्हाट्सएप फेसबुक, इंस्टाग्राम पर पुलिस की पैनी नजर बनी रहेगी। वही अफवाह फैलाने वाले उपद्रवियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वही स्थानीय पुलिस प्रशासन की टीम क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में मुशतेद हैं। वही मौजूद सदस्यों से आपसी तालमेल के साथ सहयोग करने की अपील की है।

### दो वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर थाना पुलिस ने विगत रात्रि में गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय बभनगामा व नन्हकार गांव इलाके में दबिश देकर दो वांछित वारंटी को गिरफ्तार किया है। वही मामले को लेकर बिहपुर थाना के अपर थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी दिलीप चौधरी एवं बमबम रविदास शामिल हैं। जिसे मेडिकल जांच के साथ ही दोनों अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### एनबीडब्ल्यू वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवगछिया (भागलपुर)। झंडापुर ओपी थाना पुलिस ने विगत रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर मड़वा गांव इलाके में दबिश दे स्थानीय भोला मंदिर के समीप से एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। वही मामले को लेकर झंडापुर ओपी थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी मो. टेना मियां पिता मो. करेली मियां पुलिस के गिरफ्त से बाहर चल रहा था। जिसे पुलिस टीम ने गुप्त सूचना पर दबिश दे गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार टेना मियां का मेडिकल जांच के बाद उसे न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

### चौकीदार के निधन से चौकीदारों के बीच शोक

संग्रामपुर( मुंगेर )। स्थानीय चौकीदार प्रदीप पासवान का निधन, पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गयी। मृत चौकीदार चन्दनिया निवासी प्रदीप पासवान उम्र 53 वर्ष के थे। वह संग्रामपुर थाने में स्थानीय चौकीदार के रूप में कार्यरत थे। परिजनों ने बताया कि शनिवार की देर रात चौकीदार का निधन हो गया। चौकीदार के निधन से चौकीदार संघ के जिलाध्यक्ष बलराम निराला ने बताया कि चौकीदार प्रदीप पासवान का निधन ठंड से हुई, उन्होने बताया कि वे रात्रि में शोच कर घर में बैठे थे, और ठंड लगने से निधन हो गया। मृतक चौकीदार के घर थानाध्यक्ष रोहित कुमार सिंह, एस आई ब्यूटी कुमारी, चौकीदार विजय पासवान, शंकर पासवान गुरुदेव, पासवान, गोरेलाल मंडल आदि ने कहा की चौकीदार प्रदीप के निधन से मर्माहत है। थानाध्यक्ष रोहित कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने शोक संवेदना जाहिर की। पति के निधन से पत्नी, बेटी, बेटा दहाड़ मार कर रोते हुए बार-बार बेहोश हो जा रहा है, पिता के निधन से पुत्र-पुत्री का रो-रो कर बुरा हाल हैं।

# प्रेमी जोड़े ने की शादी पुलिस वाले बने बाराती

● पुलिस की इस अनूठी पहल से हो रही चारों ओर काफी सराहना

प्रात : किरण संवाददाता



नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिला के महिला थाना प्रांगण का माहौल उस समय गुलजार हो गया था, जब बिना बैंड बाजा, बारात और किसी तामझाम के शादी के कपड़े में प्रेमी जोड़ा शादी करने अचानक थाना पहुंच गया। मामले को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि एक प्रेमी युगल जोड़ी का प्यार विगत दो साल बाद विवाह के बंधन में बंध कर साथ जीने मरने की कसमें खाने के साथ अपने सपनो को पूरा किया है। प्रेमी जोड़े के घरवालों की ना-नुकुर के बीच पुलिस ने उनकी शादी महिला थाने में सम्पन्न करा दी। इस दौरान थाना परिसर में सभी पुलिसकर्मी इस विवाह के साक्षी बने और दोनो प्रेमी जोड़ों ने साथ सात वचन की विधि का निर्वाह किया गया है। वही उनके समर्थकों व सहयोगियों द्वारा पूरे थाने में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी व कर्मचारियों के समक्ष एक-दूसरे को मिठाई खिलाई गई। इस दौरान दोनों पक्ष के तरफ से पुलिस वाले ही बाराती व सराति बने दिखे थे। वही दोनों प्रेमी जोड़े के पति-पत्नी बनने पर उपस्थित पुलिस कर्मियों ने फूल बरसा कर सुखद जीवन निर्वाहन का आशीर्वाद दिया। वही मामले को लेकर थाना प्रभारी पूनम झा ने वर-वधू के सुखी दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी है। इसके बाद वधू को अपने पति के साथ उसके घर रवाना कर दिया गया।

वही थाने में हुई शादी की चर्चा पूरे जिला परिक्षेत्र इलाके में चारों ओर काफी सराहना हो रही है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि नवगछिया के खरीक थाना क्षेत्र के गोट खरीक की रहने वाली मुस्कान कुमारी और खरीक थाना क्षेत्र के हीं गणेशपुर गांव के रहने वाले मनीष कुमार के साथ विगत दो वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसकी जानकारी लड़के के परिवार वाले को गई और फिर लड़के के परिवार वाले दोनों के विरुद्ध हो गये। इसी बीच लड़का और लड़की दोनों एक दूसरे से शादी करने की बात पर अड़ गये।

वही लड़के के परिवार वाले शादी से इंकार करने के बाद लड़की ने महिला थाने में आवेदन दिया था, जिस पर महिला थाना प्रभारी प्रभारी पूनम झा ने संज्ञान लेते हुए दोनो पक्षों के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया और वही संबंधित दोनों प्रेमियों का महिला थाना के परिसर में शादी हिंदू रितिरिवाज के तहत विधिवत रूप से करवा दिया है।

## शिक्षा संवाद का हुआ भव्य आयोजन

नवगछिया (भागलपुर)। रंगरा प्रखंड के सहौरा स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में शिक्षा संवाद का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षा विभाग की कल्याणकारी योजना को साझा करने को लेकर विद्यालय के नामांकित छात्रों के अभिभावकों के बीच विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंच का संचालन शिक्षक बलराम कुमार ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सहायक समाहर्ता सह प्रखंड विकास पदाधिकारी श्वेता भारती, प्रखंड विकास पदाधिकारी अन्नु भारती व रंगरा के राजस्व पदाधिकारी जुगनू रानी उपस्थित थी। शिक्षा संवाद के क्रम में मंचासीन पदाधिकारियों द्वारा सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं को लेकर विस्तृत जानकारी देते हुए उनके लाभान्वित होने की प्रक्रिया से अवगत कराया है इस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति पंजी में 75 प्रतिशत दर्ज कर संबंधित शिक्षा योजना से जुड़ी जानकारी दी। वही उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को उनके अभिभावक विद्यालय भेजें, साथ ही शिक्षा को लेकर आगे आईए अभी के सरकार के विभिन्न प्रकार के जनकल्याणकारी योजनाओ जैसे निशुल्क पाठ्य पुस्तक, छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री साईकिल योजना, कन्या उत्थान योजना जैसे लाभकारी योजनाएं सरकार के द्वारा चलायी जा रही महत्वकांक्षी योजना से लाभान्वित होंगे।

# मंदिरों से निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा

● प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा पूजा के मौके पर देश सहित राज्य के जिलेभर में उत्साह व खुशी माहौल

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। अयोध्या में आयोजित प्रभु श्री राम की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा पूजा अर्चना को लेकर पूरे देश में खुशी का माहौल देखा जा रहा है, तो वही पूरे देश भर में भक्ति भाव के माहौल बना हुआ है। वही देश के कई राज्य स्तर पर विभिन्न जिला सहित गांव के कई मंदिरों में भक्ति कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया है। इसी कड़ी में भागलपुर जिला के शहरी क्षेत्र सहित आसपास इलाके के कई मंदिरों से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई है। इस दौरान नाथनगर, मुंदीचक, बरारी, आदमपुर, सहित बूढ़ानाथ मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन के साथ साथ हनुमान चालीसा पाठ का भी आयोजन किया गया है। वही शहरी क्षेत्र से सटे नाथनगर के चम्पा नगरी स्थित नसरतखानी जुल्मी काली मंदिर प्रांगण से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई है।इस दौरान बच्चों, युवतियों व महिलाओं ने अपने शिर पर कलश लेकर धूमधाम से नाच गाने के बीच झूमते हुए हर्षोल्लास के साथ कलश शोभायात्रा को लेकर सभी मंदिर प्रांगण से निकलकर विभिन्न इलाके से होते पुनः अपने जुल्मी काली मंदिर प्रांगण पहुंची, जहां विधिवत रूप से पूजन हवन की शुरूआत के साथ हनुमान चालीसा पाठ का आरंभ किया गया। वही कलश शोभा यात्रा के दौरान डीजे पर जय श्री राम की जयघोष के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी। इस दौरान शोभायात्रा में शहर के सैकड़ो लोग मौजूद थे, शहर के हर मंदिर का माहौल भक्ति के माहौल में सराबोर हो जय श्रीराम के साथ रामायण हो गया था। वही दूसरी तरफ प्रभु श्रीराम पूजा अर्चना को लेकर भक्ति में सराबोर हो भागलपुर व आसपास के सभी क्षेत्रों के गांव इलाके में उत्सवी माहौल देखा जा रहा है।

# देश मठ व मठाधीशों से नहीं संविधान से चलेगा : पप्पू

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। यह देश संविधान से चलेगा मठ और मठाधीशों से नहीं इसलिए आज संविधान बचाने की आवश्यकता है लेकिन दुर्भाग्य है इस देश का की संविधान लागू होने के 75 साल बाद भी दलित अपने गांव के रास्ते के लिए संघर्ष कर रहा है. किसान फसलों के मुआवजे के लिए भटक रहा है. भूमिहीन वासगीत पर्चा के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है. उक्त बातें समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कपूरी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम की सफलता के लिए क्षेत्र के दौरे के उपरांत कहीं. श्री यादव ने इस दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति से मुलाकात करते हुए कहा कि आज देश दोराहे पर खड़ा है. समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोग आज भी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है. लेकिन कपूर्री के नाम पर राजनीति चमकाने वाले लोग उनके नीतियों उनके आदर्शों को दरकिनार कर बस चेहरा चमकाने में जुटे हैं. हम समाजवादी लोग ऐसे फिरका प्रस्तोता मौकापरस्ती को करारा जवाब देंगे। मौके पर जमालपुर नगर के मीडिया प्रभारी कुमार प्रभाकर, महासचिव सह वार्ड आयुक्त रूपेश कुमार, छोटू, सचिव सत्यजीत पासवान ,वीरेंद्र दास आदि उपस्थित थे

# जदयू कार्यकर्ताओं की विस स्तरीय बैठक हुई सम्पन्न

● आगामी 24 जनवरी को जननायक कर्पूरी ठाकुर जनशताब्दी समारोह पर हुई विस्तृत चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। आगामी 24 जनवरी को पटना में होने वाली जननायक कपूर्री ठाकुर जनशताब्दी समारोह में भाग लेने के व उसकी तैयारी हेतु बिहपुर क्षेत्र के जदयू कार्यकताओं की विस स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई है। बैठक की शुरूआत प्रखंड अध्यक्ष मनोज लाल की अध्यक्षता में संचालन नाराणपुर प्रखंड अध्यक्ष अनिल पटेल ने किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रमंडलीय प्रभारी प्रहलाद सरकार, जिलाध्यक्ष त्रिपुरारी कुमार भारती, बिहपुर प्रभारी शिव प्रसाद गरोदिया, गोपालपुर के सूरज राय, भागलपुर जिला प्रभारी राजेश कुशवाहा व संतोष सहनी, राजनीतिक सलाहकार मनोरंजन मजुमदार आदि मौजूद थे। इस दौरान प्रमंडलीय प्रभारी श्री सरकार ने कहा कि नवगछिया पुलिस जिले से ट्रेन व नीजि वाहनों के अलावा नवगछिया पलिस जिले से साठ बसों से संगठन के कर्मठ पार्टी के सिपाही सह नेता व कार्यकर्ता पटना रवाना होगें। वहीं जिलाध्यक्ष श्री भारती ने कहा कि पुलिस जिले के दोनो विस स्तर पर आठ हजार कार्यकर्ता पटना कूच करेगें। वही जिलाध्यक्ष श्री भारती ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से शाहिद जननायक कपूर्री ठाकुर के सपनों को साकार करने वाले एकमात्र नीतीश कुमार है। जिसके नेतृत्व में जनांदोलन की आवाज को बुलंद करने का सहयोग मिला है, वही उन्होंने अति पिछड़ा समाज के उत्थान के लिए अनेकों कार्य करने के साथ साथ लाभान्वित करने का काम किया है। उनके नेतृत्व में आगामी 24 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम में सहयोग देकर ऐतिहासिक बनाएंगे। इस दौर में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछड़ा अति पिछड़ा को सम्मान दिलाने का काम किया है। जिसे लेकर भारत सरकार से जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग की जाएगी। इस मौके पर अति पिछड़ा जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह निषाद ने अति पिछड़ा से हजारों की संख्या में पटना में होने वाले जनशताब्दी समारोह में शामिल होने हेतू आवाह्नन किया है। इस बैठक में जिला मुख्य प्रवक्ता मिलन सागर, ई रघुनाथ दास, खरीक प्रखंड अध्यक्ष पप्पू यादव, राजीनीति तांती, रंजीत मंडल, मुकेश मंडल, श्रमिक जिलाध्यक्ष सुनील चौधरी, कैलाश साह, जेपी सिंह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सहित पार्टी के पदाधिकारी मौजूद थे।

# कड़ाके की ठंड से एक मजदूर की हुई मौत

● घटना की सूचना मिलते ही सीओ व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुटी

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। इन दिनों जिले के कई क्षेत्र इलाके में तापमान में लगातार हो रही गिरावट के कारण ढंड व शीतलहर का प्रकोप जारी है। वही बढ़ते ठंड के प्रकोप से कई इलाके में लोगों की मौत होने की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। इसी कड़ी में सुलतानगंज थाना परिक्षेत्र के बैकटपुर गाँव इलाके में कडाके के ठंड के प्रकोप की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत होने का मामला सामने आया है। वही इस मामले को लेकर स्थानीय वार्ड पार्षद कृष्ण कुमार ने बताया कि हमारे गाँव के ग्रामीण रामजी मंडल उम्र 55 वर्ष पिता उचित मंडल विगत 20 जनवरी की देरशाम को मजदूरी कर घर लौट रहे थे, तभी कडाके के ठंड होने पर शाहाबाद चौक समिप अचानक मूर्छित हो गिर पड़ा था, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई है, वही घटना की जानकारी स्थानीय अंचलाधिकारी रवि कुमार एंव थानाध्यक्ष प्रिय रंजन कुमार को देने पर मौके पर पहुंच मृतक ग्रामीण रामजी मंडल के शव को पोस्टमार्टम के मायागंज लेजाया गया है। वही पुलिस पुरे घटना को लेकर छानबीन में जुट गई है। ज्ञात हो कि इन दिनों क्षेत्र के कई गांव इलाके में ग्रामीणों की मौत ठंड के कारण शिलशिला जारी है। जिसे लेकर स्थानीय प्रशासन द्वारा अबतक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है और न ही किसी तरह की अलाव व्यवस्था की गई हैं। इस कपकपाती ठंड से आम जनजीवन प्रभावित होता दिख रहा है।

## न्यायाधीश ने मंडल कारागृह का निरीक्षण किया

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने गत दिनों मंडल कारा गृह का निरीक्षण किया। मंडल कारा गृह सूत्रों ने बताया कि पटना हाई कोर्ट के निरक्षी न्यायाधीश डॉक्टर अंशुमन पांडे ने मंडल कारा गृह के सभी कैदियों वार्ड के वार्डन कैदी के अस्पतालों सहित समूचे मंडल कारा गृह का अवलोकन किया और कैदियों से मिलकर कैदी को मिलने वाले सरकार की सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। न्यायाधीश ने इसके पहले मुंगेर न्यायालय का भी निरीक्षण किया। न्यायाधीश ऐसे नागरिकों से भी मिलकर बात किया जिनका मुकदमा न्यायालय में चल रहा है। डॉक्टर अंशुमान ने बार काउंसिल के सदस्यों और वकीलों से भी मिले और न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया।

# संग्रामपुर प्रखंड के सभी मंदिरों में भजन कीर्तन व रामधुन का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर राम आए हैं, के भक्ति गीतों से संग्रामपुर मोड़ स्थित महावीर मंदिर से बाजार ठाकुरबाड़ी, झुकली, कुसमार प्रांगण गुंजायमान हो गया ' पुजारी प्रदीप तिवारी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्री राम जानकी की विधिवत पूजा अर्चना की गई ' स्थानीय लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है ' पूरा नगर पंचायत संग्रामपुर श्री राम के नारों से गूंज रहा है ' जगह जगह मंदिरों में पूजा अर्चना की जा रही है ' हनुमान चालीसा ,सुंदरकांड के पाठ से पूरा वातावरण राम मय हो गया है, बुजुर्ग, बच्चे तथा महिलाएं के द्वारा सुबह से ही मंदिर जाकर पूजा अर्चना की जा रही है वही कार्यक्रम में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार रोशन उर्फ बमबम, छोटू भगत, राजेश कुमार, छोटू हिमांशु सूरज कुमार हजारों लोग मौजूद थे

# जदयू के कार्यकर्ता कर्पूरी ठाकुर के जन्म शताब्दी समारोह में शिरकत करने पटना पहुंचेंगे: सत्यजीत प्रकाश

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जदयू के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सत्यजीत प्रकाश ने बताया कि जनता दल यूनाइटेड बिहार द्वारा आगामी 24 जनवरी को पटना में कपूर्री ठाकुर जी की शताब्दी जयंती समारोहों का आयोजन किया गया है। इसमें देश भर से जदयू के पदाधिकारी, कार्यकर्ता अपनी उपस्थिति दर्ज करके अपना अपना सहभागिता निभाएंगे। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सर्वप्रथम बिहार में जातीय जनगणना कराकर पिछड़ों, अति पिछड़ों एवं दलित की आंखें खोलने का काम किया है। श्री प्रकाश ने कहा कि नीतीश कुमार ने जाति गणना करा कर आरक्षण का दायरा बढ़ा और हम सबको हक देने का काम किए हैं। उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में हर एक क्षेत्र में चाहे शिक्षा हो सुरक्षा हो स्वस्थ हो कृषि के क्षेत्र में हो सड़क हो बिजली हो गरीब छात्र एवं छात्राओं को छात्रवृत्ति और उच्च शिक्षा पाने के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड हो बिहार बेरोजगार युवक एवं युवतियां के लिए 10 लाख ऋण देने बिना ब्याज का 50% अनुदान देने का महत्वपूर्ण काम किये है। प्रदेश सचिव श्री प्रकाश ने कहा कि लाखों लोगों को रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी जाति में विकास की एक लंबी ऐतिहासिक लकीर खींचने का काम किए हैं। सत्यजीत प्रकाश ने कहा कि एक तरफ बीजेपी सरकार द्वारा देश में महंगाई बेरोजगारी और लोकतंत्र विरोधी नीतियों के कारण देश में तानाशाह की राज्य कायम हो गया है। बीजेपी सरकार के करतूत का पदार्फाश करने के लिए लाखों आमजनता के साथ जदयू के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पटना में कपूर्री ठाकुर के सौ वीं जन्म शताब्दी के अवसर पर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मैं भी मुंगेर के सभी जदयू कार्यकताओं से अपील किया हूं की अधिक से अधिक संख्या में पटना चलकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शक्ति देने का काम करें, और जदयू के द्वारा आयोजित लोकनायक कपूर्री ठाकुर के जन्म शताब्दी उत्सव को सफल बनाएं।

## पटना और दुमका के बीच एक नई ट्रेन का परिचालन

हाजीपुर। रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर किउल-जमालपुर-भागलपुर के रास्ते पटना और दुमका के बीच एक नई ट्रेन 13334/13333 पटना-दुमका-पटना एक्सप्रेस का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है इस नई ट्रेन का शुभारंभ दिनांक 24.01.2024 को दुमका से उद्घाटन स्पेशल के रूप में किया जायेगा तथा इस ट्रेन का पटना और दुमका के मध्य नियमित परिचालन दिनांक 25.01.2024 से किया जायेगा । दिनांक 25.01.24 से गाड़ी संख्या 13334 पटना-दुमका एक्सप्रेस पटना से 06.40 बजे खुलकर 13.30 बजे दुमका पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 13333 दुमका-पटना एक्सप्रेस दुमका से 14.05 बजे खुलकर 21.45 बजे पटना पहुंचेगी । यह ट्रेन पटना एवं दुमका के मध्य राजेन्द्रनगर, बख्तियारपुर, बाढ़, किउल, अभयपुर, जमालपुर, सुलतानगंज, भागलपुर, बाराहाट, हंसडीहा, नोनीहाट एवं बारापलासी स्टेशनों पर रूकेगी । दिनांक 25.01.2024 से इस नई ट्रेन के परिचालन के फलस्वरूप निम्नलिखित ट्रेनों का कुछ स्टेशनों पर ठहराव समय में संशोधन किया गया है 1.गाड़ी सं. 13236 दानापुर-साहिबगंज इंटरसिटी का किउल स्टेशन पर संशोधित ठहराव समय 09.02/09.07 बजे होगा। 2.गाड़ी सं. 03488 किउल-जमालपुर डेमू पैसेंजर स्पेशल किउल स्टेशन से 09.15 के बजाए 09.20 बजे खुलेगी। 3.गाड़ी सं. 03378 पटना-मोकामा पैसेंजर स्पेशल का बख्तियारपुर स्टेशन पर संशोधित ठहराव समय 07.18/07.20 बजे तथा अठमलगोला स्टेशन पर 07.29/07.30 बजे होगा । 4. इसके साथ ही गाड़ी सं. 03337/03338 पटना-गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल के समय-सारणी में संशोधन किया जा रहा है ।

# राधा गोविंद ठाकुरबारी तारापुर में लोजपा के राष्ट्रीय सचिव ने किया गरीबों के बीच कंबल वितरण

प्रात : किरण संवाददाता



तारापुर। सोमवार को दोपहर बाद राधा गोविंद ठाकुरवाड़ी तारापुर में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह ने मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा मौके पर पिछले 10 दिनों से शीतलहर की चपेट से जुझ रहे गरीबों के बीच कंबल वितरण किया । गौरतलब है कि राष्ट्रीय सचिव श्री सिंह ने तारापुर के मोहनगंज, पुरानी बाजार, कुम्हार टोला , के गरीब महिला पुरुषों के बीच कंबल वितरण किया । श्री सिंह ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के पूजा के साथ-साथ गरीब लोगों के बीच कंबल वितरण भी एक महापूजा के समान है । गरीबों को ऊपर उठाने और उन्हें ठंड से बचाने का काम करने से ही समाज के साथ-साथ क्षेत्र का प्रगति होता रहता है । इन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2019 में कोरोना काल में एवं प्रत्येक वर्ष गरीबों के बीच कंबल वितरण कर उन्हें ठंड से बचाने का काम मैं ईश्वर की कृपा से करता रहा हूं । मैं जब तक जीवित रहूंगा सामाजिक कार्य से लेकर गरीबों के बीच समय-समय पर उनके उत्थान को लेकर काम करता रहूंगा । कंबल वितरण के मौके पर पहुंची गरीब महिलाओं ने श्री सिंह के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ते रहने का ह्रदय से गरीबों ने आशीर्वाद दिया । इस मौके पर पूर्व मुखिया जितेंद्र शर्मा जमुई सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश भगत, प्रकाश यादव, बिंदु शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे ।

## स्व. शहेंद्र शर्मा उर्फ पहलवान को किया याद

नवगछिया (भागलपुर)। नारायणपुर प्रखंड के गायत्री मंदिर पहाड़पुर के प्रांगण में स्व. शहेंद्र शर्मा पहलवान की पुण्यतिथि नागर स्व. जाती संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर नागर के अध्यक्षता में मनाई गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक चौथम के सुनीता शर्मा उपस्थित थे। वही सभा के दौरान अपने समाज में एकता सद्भाव आपसी तालमेल से एक सभ्य समाज निर्माण पर जोर देने का संकल्प लिया है। इस मौके पर नागर समुदाय के मनीष कुमार नागर, अमिताभ शर्मा, दिलीप कुमार पंडित, वेद आनंद शर्मा, श्याम कुमार, वेदानंद शर्मा, डब्लू लाल शर्मा समेत दर्जनों गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

# सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। नवगछिया पुलिस जिला परिक्षेत्र के अतिप्राचीन सिद्धपीठ मणिद्वीप भ्रमरपुर के श्रीदुर्गा मंदिर प्रांगण में श्री रामलला प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा पूजा कार्यक्रम के ऐतिहासिक अवसर पर प्रसिद्ध भजन सम्राट डॉ. हिमांशु मोहन मिश्र उर्फ दीपक के नेतृत्व में गांव सहित आसपास के सैकड़ों श्रद्धालुओं सहित माताओं-बहनों व सनातन धर्म प्रेमीयों ने मंदिर परिसर में सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया। वही पाठ के बाद सैकड़ो ग्रामीण श्राद्धालुओं के बीच प्रसाद भोग का वितरण किया गया। इस मौके पर स्थानीय आयोजक समिति के शंभु गोस्वामी के द्वारा आसपास के गरीब असहाय व जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया गया। इस मौके पर प्रो. अरविंद झा, बिपिंद्र, मनोज, महेश, दिलीप, संजय, पुतुल, सुमन, गौतम गोविंद, मनोहर, संजय के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# सजा दो घर को दुल्हन सा अवध में राम आए हैं से गुंजायमान हो उठा तारापुर का चप्पा चप्पा

प्रात : किरण संवाददाता



तारापुर (22 जनवरी मुंगेर)। सोमवार 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली भगवान श्रीराम लला की अलौकिक प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सुबह से ही अनुमंडल तारापुर क्षेत्र के सभी सनातन धर्म को मानने वाले लोग हनुमान मंदिर ,शिव मंदिर, एवं ठाकुरवाड़ी जैसे धार्मिक स्थानों पर पहुंचकर पूजा अर्चना कर प्रभु श्री राम के भक्ति रस में सराबोर हो उठे । गौरतलब है कि तारापुर का चर्चित राधा गोविंद ठाकुरवाड़ी जैसे दुर्गा मंदिर के प्रांगण में स्थापित किए गए हनुमान मंदिर में पुरोहित बृजेश मिश्रा के द्वारा हनुमान जी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोचार एवं हवन कर किया गया ।तो वहीं सुबह से ही क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना के साथ प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर घंटो प्रभु श्री राम के बजते भजनों पर थिरकते रहे । क्षेत्र के उल्टा नाथ महादेव ,रत्नेश्वर नाथ महादेव रणगांव, मोहनगंज ,खुदिया नहर मोर ,हरपुर, गनैली इत्यादि हनुमान मंदिर एवं शिव पार्वती मंदिरों पर पूजा अर्चना को लेकर सुबह से दोपहर 12:00 बजे तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही । इस दौरान कई हनुमान मंदिरों के साथ-साथ शिवालयों में प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना को लेकर आने वाले सभी श्रद्धालुओं के बीच मंदिर कमिटी के व्यवस्थापकों द्वारा प्रसाद के लिए भंडारा में कहीं खीर तो कहीं खिचड़ी का वितरण भी लोगों के बीच दोपहर बाद किया गया। इधर व्यवस्थापक पूर्व मुखिया जितेंद्र शर्मा उर्फ टुनटुन शर्मा ने बताया कि शाम ढलते ही हजारों श्रद्धालुओं के साथ हनुमान जी का भव्य महाआरती होने के बाद श्रद्धालुओं के बीच खीर का प्रसाद वितरण होना है ।

## एसडीआरएफ ने भूकंप से सुरक्षित रहने की दी जानकारी

मुंगेर। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन विभाग व मुंगेर जिला पदाधिकारी के निर्देश पर भूकंप सुरक्षा सप्ताह 15 जनवरी से 21 जनवरी 2024 तक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को एसडीआरएफ टीम द्वारा मुंगेर मुख्यालय के विभिन्न आवासीय विद्यालयों एवं आवासीय छात्रावासों में यथा पिछड़ा वर्ग छात्रावास, अल्पसंख्यक कल्याण छात्रावास, अनुसूचित जाति छात्रावास ,अनुसूचित जाति कन्या विद्यालय में आवासित छात्र-छात्राओं को भूकंप सुरक्षित रहने से संबंधी जानकारी दी गई।इस के साथ ही उन्हें मॉक ड्रिल भी कराया गया। इस की जानकारी जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी ने प्रेस को दी गई है।

# एशिया महादेश का प्रथम रेल कारखाना जमालपुर बंदी के कगार पर खड़ा है : प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। जमालपुर स्थित रेल उपमुख्य अभियंता कंस्ट्रक्शन का कार्यालय को जमालपुर से हटाकर भागलपुर किए जाने पर प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा के संयोजक प्रोफेसर विनय कुमार सुमन ने विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि केंद्र में जब से भाजपा की सरकार आई है, एक साजिश के तहत एशिया महादेश का प्रथम रेल कारखाना जमालपुर जिसे रेलवे का मदर कारखाना भी कहा जाता है को बंदी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने इसके पूर्व भी जमालपुर में खोले गए कई महत्वपूर्ण कार्यालयों को एक-एक कर दूसरे जगह पर ले जाने का घृणित कार्य किया है। सबसे पहले भारतीय रेलवे यांत्रिक एवं विद्युत अभियंत्रण संस्थान को दूसरे जगह शिफ्ट किया। बाद में जमालपुर स्टेशन पर स्थापित रेलवे मेल सर्विस, रेलवे सुरक्षा का वेतन कार्यालय भी दूसरे जगह पर शिफ्ट किया गया। उन्होंने बताया कि वर्कलोड का बहाना बनाकर बरसों से जमालपुर रेल कारखाना में नया बहाली बन्द है। जमालपुर वर्कशॉप से प्रशिक्षित अप्रेंटिस के हजारों बेरोजगार अपनी बहाली को लेकर वर्षों से आंदोलन कर रहे हैं पर केंद्र की सरकार उसकी नियुक्ति नहीं कर ठेका मजदूर जो अप्रशिक्षित हैं से न्यूनतम मजदूरी पर काम करना रहा है। जिससे जमालपुर मुंगेर सहित निकट के अन्य बाजारों के सड़कों की रौनकता समाप्त हो गई है।

## डेविस कप : भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के लिए तैयारी शुरू की



**नई दिल्ली।** भारतीय डेविस कप टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ ग्रास कोर्ट पर खेले जाने वाले आगामी डेविस कप मुकाबले के लिए यहां कड़ाके की ठंड में आयोजित शिविर में तैयारी शुरू कर दी है। इस तैयारी शिविर में टीम का ध्यान अभ्यास के साथ दूसरे एकल मुकाबले को खेलने वाले खिलाड़ी को तय करने पर होगा।

देश के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल (137वीं रैंकिंग) और शशिकुमार मुकुंद (463वीं रैंकिंग) ने इस्लामाबाद में तीन और चार फरवरी को होने वाले मुकाबले से अपना नाम वापस ले लिया है। उनकी अनुपस्थिति का मतलब है कि रामकुमार रामनाथन टीम में एकमात्र एकल विशेषज्ञ खिलाड़ी हैं। कप्तान रोहित राजपाल को दूसरा एकल खेलने के लिए युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी में से किसी एक को चुनना होगा।

एटीपी युगल रैंकिंग में 61 वें स्थान पर काबिज भांबरी टीम के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं। उनका युगल मुकाबला खेलना लगभग निश्चित है। भारत के सर्वश्रेष्ठ युगल खिलाड़ी अनुभवी रोहन बोपन्ना ने डेविस कप से संन्यास ले लिया है। टीम के पास निकी पुनाचा भी एक विकल्प हैं लेकिन उनकी रैंकिंग 783 है। टीम उन्हें एकल में उतारने के जोखिम से बचना चाहेगी।

भांबरी और बालाजी दोनों ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में प्रतिस्पर्धा करने के बाद सीधे मेलबर्न से यात्रा की और एक दिन की छुट्टी ली। रामकुमार, पूनाचा और साकेत माइनेनी ने ढाई घंटे तक चले हल्के अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। 'नेशनल टेनिस सेंटर (एनटीसी) में इन तीनों खिलाड़ियों को 'वॉर्म अप में मदद कराने के लिए उदित कंबोज और मान केसरवानी के रूप में दो सहयोगी मिले हुए थे।

राजपाल ने कहा, 'ये सभी खिलाड़ी टूर्नामेंट में भाग लेकर आ रहे है। हमारी योजना अच्छे से अभ्यास करने की है। घसियाले कोर्ट पर अलग तरह की लय की जरूरत होती है। इसमें काफी दौड़ना होता है और नेट का अच्छे से इस्तेमाल करना होता है। हम जैसे-जैसे आगे बढ़ेंगे वैसे लय हासिल करेंगे। उन्होंने कहा, 'हम अपने दूसरे एकल खिलाड़ी का फैसला दो-तीन दिन में कर लेंगे। मैंने खिलाड़ियों को घास वाले कोर्ट पर खेलते देखा है।

राजपाल ने कहा, 'पाकिस्तान ने ग्रास कोर्ट पर बेहतर टीमों को शिकस्त दी है, ऐसे में हमें अपनी तैयारी दुरुस्त करनी होगी और किसी भी चीज को हलके में नहीं लेना होगा। उनके खिलाड़ी घास के कोर्ट का इस्तेमाल करना जानते है। हमें इससे सामंजस्य बिठाना होगा। हम उसी के अनुसार अपनी तैयारी की योजना बना रहे हैं, बहुत सारे अभ्यास उसी पर आधारित हैं।

भारतीय कोच जीशान अली ने भी माना कि खिलाड़ियों के लिए ग्रास कोर्ट से सामंजस्य बिठाना चुनौतीपूर्ण होगा। उन्होंने कहा, 'इन खिलाड़ियों को घास पर ज्यादा खेलने का मौका नही मिलता है। सतह से सामंजस्य बिठाना सफलता की कुंजी है। इस शिविर में हम इसी पर काम करेंगे।

## यह सभी के लिए शांति और ज्ञान लाएं: केशव महाराज



**जोहान्सबर्ग।** क्रिकेट के मैदान पर राम सिया राम की भक्ति धुन पर चलना पसंद करने वाले दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर केशव महाराज ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे संपूर्ण मानवता के लिए सद्भावना और शांति आएगी। 33 वर्षीय ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह की सराहना करते हुए सोशल मीडिया पेज पर एक वीडियो पोस्ट किया। महाराज ने कहा, मैं महेश कुमार (जोहान्सबर्ग में भारत के महावाणिज्यदूत) और दक्षिण अफ्रीका में पूरे भारतीय समुदाय को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के लिए शुभकामनाएं देना चाहता हूं। यह सभी के लिए शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक ज्ञान लाए। हाल ही में एक इंटरव्यू में बाएं हाथ के स्पिनर ने भगवान राम के प्रति अपनी भक्ति के बारे में बात की। जब वह दक्षिण अफ्रीका में एक मैच के दौरान बीच में आए, तो इन-हाउस डीजे राम सिया राम, जय जय राम बजाता है। उनके अनुसार, पृष्ठभूमि में गाना उन्हें जोन में ले जाता है। उन्होंने कहा, मेरे लिए ईश्वर सबसे बड़ा आशीर्वाद है और अगर मुझे मौका मिलता है तो यह कम से कम मैं कर सकता हूं और यह आपको क्षेत्र में लाता है और अन्य खिलाड़ियों से सम्मान प्राप्त करता है। धर्म और संस्कृति का सम्मान करना महत्वपूर्ण है, पृष्ठभूमि में राम सिया राम बजते हुए सुनना एक अच्छा एहसास है। सोमवार 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर में राम लला की नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस कार्यक्रम को लाखों लोगों ने अपने घरों और पूरे भारत के मंदिरों में टेलीविजन पर देखा।

## मैक्सवेल शराब पीने के बाद अस्पताल पहुंचे, जांच कर रहा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया



**मेलबर्न -** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल से जुड़ी घटना की जांच शुरू कर दी है जिन्हें पिछले हफ्ते एडीलेड में देर रात पार्टी करने के बाद अस्पताल ले जाना पड़ा था। मैक्सवेल शराब पी रहे थे और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली की मौजूदगी वाले बैंड 'सिक्स एंड आउट का कंसर्ट देख रहे थे जब उनकी तबीयत बिगड़ गई। सीए ने कहा है कि उसे मैक्सवेल से जुड़ी घटना की जानकारी है। इस ऑलराउंडर ने पिछले साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। सीए ने बयान में कहा, 'क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को सप्ताहांत एडीलेड में ग्लेन मैक्सवेल से जुड़ी घटना की जानकारी है और आगे की सूचना मांगी जा रही है। पिछले हफ्ते फाइनल में जगह बनाने में असफल होने के बाद बिग बैश लीग टीम मेलबर्न स्टार्स की कप्तानी छोड़ने वाले मैक्सवेल को दो से छह फरवरी तक वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की 13 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। सीए ने कहा, 'यह उन्हें एकदिवसीय टीम में जगह नहीं देने से संबंधित नहीं है। यह निर्णय बीबीएल के बाद और उनकी व्यक्तिगत प्रबंधन योजना के आधार पर लिया गया था। मैक्सवेल के टी20 श्रृंखला के लिए वापसी की उम्मीद है। इस समय कोई और टिप्पणी नहीं की जाएगी। मैक्सवेल को कुछ देर रुकने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और उन्होंने ट्रेनिंग शुरू कर दी है।

# भारतीय टीम को लगा झटका पहले दो टेस्ट से हटे विराट कोहली




**नई दिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से इंग्लैंड के खिलाफ आगामी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टेस्ट श्रृंखला के पहले दो टेस्ट से हटने का अनुरोध किया जिसे बीसीसीआई ने स्वीकार कर लिया है।

विराट ने कप्तान रोहित शर्मा, टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं से बात की है और इस बात पर जोर दिया है कि देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है, लेकिन कुछ व्यक्तिगत कारणों से सीरीज से बाहर हो रहे हैं। बीसीसीआई उनके फैसले का सम्मान करता है और बोर्ड और टीम प्रबंधन ने स्टार बल्लेबाज को अपना समर्थन दिया है और टीम के बाकी सदस्यों की टेस्ट श्रृंखला में सराहनीय प्रदर्शन करने की क्षमताओं पर भरोसा है।

कोहली के सीरीज से बाहर होने पर बयान में कहा गया कि बीसीसीआई मीडिया और प्रशंसकों से अनुरोध करता है कि वे इस दौरान विराट कोहली की गोपनीयता का सम्मान करें और उनके व्यक्तिगत कारणों की प्रकृति पर अटकलें लगाने से बचें। भारतीय क्रिकेट टीम को टेस्ट श्रृंखला में आगामी चुनौतियों का सामना करने के लिए समर्थन देने पर ध्यान केंद्रित रहना चाहिए। पुरुष चयन समिति जल्द ही एक प्रतिस्थापन की घोषणा करेगी।

गौर हो कि इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 25 जनवरी से शुरू होगी जिसका आखिरी मैच 7 मार्च को खेला जाएगा।

## एलिस्टेयर कुक इंग्लैंड की तैयारी की कमी से चिंतित



**लंदन।** पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक का मानना है कि पांच टेस्ट मैचों की कठिन श्रृंखला से पहले भारत में इंग्लैंड की 'मैच तैयारी की कमी एक 'समस्या हो सकती है लेकिन रोहित शर्मा की टीम को पछाड़ने के लिए उन्हें टीम के 'बैजबॉल (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये पर भरोसा है। कुक की अगुआई में ही इंग्लैंड ने 2012 में भारत के आखिरी टेस्ट श्रृंखला जीती थी।

अबु धाबी की 'उपमहाद्वीप जैसी परिस्थितियों में एक महीने के ट्रेनिंग शिविर का विकल्प चुनने के बाद बेन स्टोक्स और उनकी टीम गुरुवार से होने वाले शुरुआती टेस्ट से ठीक चार दिन पहले रविवार को हैदराबाद पहुंची। वर्ष 2012-13 की श्रृंखला में भारत पर 2-1 की जीत के दौरान 562 रन के साथ शीर्ष स्कोरर रहे कुक ने 'द संडे टाइम्स में अपने कॉलम में लिखा, 'इंग्लैंड के लिए मैच की तैयारी की कमी एक समस्या होगी।

उन्होंने कहा, 'यह आधुनिक दौरे की प्रकृति है। जब हमने 2012 में भारत में जीत हासिल की थी तो हमने अच्छी टीमों के खिलाफ तीन अभ्यास मैच खेले थे। युवराज सिंह, अजिंक्य रहाणे और मुरली विजय भारत ए टीम में शीर्ष चार में शामिल थे जिनका हमने सामना किया था और चेतेश्वर पुजारा ने अन्य मुकाबलों में से एक खेला था। कुक ने कहा कि कम से कम एक अभ्यास मैच होना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'यह अच्छा होगा यदि दौरा करने वाली टीमों के लिए अच्छी परिस्थितियों में अच्छे अभ्यास मैच आयोजित करने के लिए देशों के बीच किसी प्रकार का अनौपचारिक समझौता हो। इस समय कई श्रृंखलाओं में घरेलू टीम का पूरी तरह से दबदबा है और मुझे नहीं लगता कि यह टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छा है।

इंग्लैंड के खिलाफ 2012 में हार के बाद भारत 14 घरेलू टेस्ट श्रृंखलाओं में अजेय रहा है। हालांकि कुक को इंग्लैंड के बैजबॉल रवैये पर भरोसा है जो आक्रामक होकर खेलने की रणनीति है। टीम ने पिछले साल पाकिस्तान के सफल दौरे (3-0 की जीत) में ऐसा किया था। कुक ने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि इंग्लैंड भारत में क्या करने की कोशिश करने जा रहा है और अब मुझे लगता है कि यह उनकी सफलता का सबसे अच्छा मौका है। वे उपमहाद्वीप में बल्लेबाजी के पारंपरिक नियमों का पालन नहीं करेंगे। मुझे हमेशा से लगा है कि शुरुआती 30 गेंद महत्वपूर्ण होती हैं जब आप सामंजस्य बैठाने का प्रयास कर रहे होते हो।

कुक ने कहा कि इंग्लैंड टीम के पास सितारों से सजे भारतीय बल्लेबाजी क्रम को अस्थिर करने वाला आक्रमण मौजूद है। उन्होंने कहा, 'मुझे यह देखने में बहुत दिलचस्पी होगी कि भारत कैसे प्रतिक्रिया देता है। मुझे लगता है कि इंग्लैंड की यह टीम भारत के गेंदबाजों को सीधे दबाव में डाल सकती है। इससे उनकी लय खराब हो सकती है। वे इसके अभ्यस्त नहीं होंगे क्योंकि अधिकांश टीमें मुकाबले में बने रहने की कोशिश करती हैं लेकिन यह आम तौर पर घरेलू मैदान पर भारत के खिलाफ काम नहीं करता है। कुक ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट को स्पिन के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बताया। उन्होंने कहा, 'उसने हाल के वर्षों में उपमहाद्वीप में श्रीलंका और भारत में बहुत सारे रन बनाए हैं। उसने बिना जोखिम उठाए ऐसा किया है। अन्य बल्लेबाज उससे बहुत कुछ सीख सकते हैं।

### केन विलियमसन की चोट पर गैरी स्टीड ने दिया अपडेट

## मुझे विश्वास है कि वह ठीक हो जाएंगे



न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने सोमवार को केन विलियमसन की चोट के बारे में खुलासा किया और उन्हें विश्वास है कि बल्लेबाज 4 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट शुरू होने से पहले ठीक हो जाएगा। पिछले हफ्ते कीवी कप्तान को हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ न्यूजीलैंड की टी20आई श्रृंखला के आखिरी तीन मैचों से बाहर कर दिया गया था। विलियमसन के बारे में बात करते हुए स्टीड ने कहा कि ट्रेनिंग पर वापस आने से पहले उन्हें दो दिन और लगेंगे। उन्होंने कहा कि यह मामूली परेशानी थी जो 33 वर्षीय खिलाड़ी को पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान झेलनी पड़ी। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि वह ठीक हो जाएगा। शायद उसे प्रशिक्षण शुरू करने से पहले एक या दो दिन का समय मिलेगा और यह एक छोटी सी परेशानी थी, जो अच्छी बात है। इसलिए हम इसे बढ़ाना नहीं चाहते थे और हमने ऐसा नहीं किया। आगे आने वाली महत्वपूर्ण श्रृंखलाओं के साथ इसे बढ़ाने का मुद्दा देखें। वह स्पष्ट रूप से एक प्रमुख खिलाड़ी है और हम यह जानते हैं और सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमने उसे उपलब्ध होने का हर मौका दिया है। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज 4 फरवरी से शुरू होगी और 13 फरवरी को खत्म होगी। पहला टेस्ट मैच बे ओवल में खेला जाएगा। सेडॉन पार्क दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई टीम की घोषणा, मैक्सवेल-रिचर्डसन बाहर




**नई दिल्ली-**ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ 13 सदस्यीय वनडे टीम की घोषणा की जिसमें ग्लेन मैक्सवेल को आराम दिया गया और झाय रिचर्डसन चोट के कारण बाहर हो गए। हालांकि युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क और अनकैप्ड स्पीडस्टर जेवियर बार्टलेट को ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम में चुना गया है।

ऑस्ट्रेलिया के सबसे प्रतिभाशाली बल्लेबाजों में से एक माने जाते 21 वर्षीय फ्रेजर-मैकगर्क ने ऑस्ट्रेलिया में इस सीजन की शुरुआत में मार्श कप में 29 गेंदों में विश्व-रिकॉर्ड शतक लगाया और मैक्सवेल की जगह ली। मौजूदा बिग बैश लीग (बीबीएल) में फ्रेजर-मैकगर्क मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेल रहे हैं, जहां उन्होंने पहला प्रथम श्रेणी शतक बनाया और 158.64 की स्ट्राइक रेट के साथ 257 रन बनाए।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार मैक्सवेल को वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20आई से पहले कार्यभार का प्रबंधन करने के लिए आराम दिया गया था। डेविड वार्नर के संन्यास के बाद मैट शॉर्ट को ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए ओपनिंग करने का मौका मिलने की संभावना है। इस बीच लांस मॉरिस ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं।

ऑल-फॉर्मेट ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड को तीन वनडे मैचों के लिए आराम दिया गया है।

## सात्विक-चिराग हटे, भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे प्रणय



**जकार्ता।** स्टार एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे क्योंकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की दूसरे नंबर की पुरुष युगल जोड़ी टूर्नामेंट से हट गई है। लगातार दो टूर्नामेंट मलेशिया मास्टर्स 1000 और इंडिया ओपन 750 में उपविजेता रहने के बाद एशियाई खेलों की चैंपियन सात्विक और चिराग की जोड़ी ने व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए काम के बोझ को कम करने के लिए टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया।

भारतीय जोड़ी के हटने से टूर्नामेंट की चमक कुछ कम होगी लेकिन दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। पुरुष एकल में 32 खिलाड़ियों में ड्रॉ में सातवीं वरीयता के साथ प्रणय एकमात्र वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी हैं। वह अपने अभियान की शुरुआत सिंगापुर के लोह कीन यीयु के खिलाफ करेंगे जिनके खिलाफ उनकी जीत-हार का रिकॉर्ड 4-1 है।

दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी यीयु ने प्रणय के खिलाफ एकमात्र मुकाबला 2021 विश्व चैंपियनशिप के दौरान जीता था। इसके बाद प्रणय ने यीयु को लगातार दो मुकाबलों में हराया। उन्होंने सिंगापुर के खिलाड़ी को पिछली बार पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने के दौरान हराया था। प्रणय पिछले हफ्ते इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में भी पहुंचे थे जहां उन्हें बाद में चैंपियन बने चीन के शी युकी के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी। इससे पहले वह मलेशिया ओपन सुपर 1000 के पहले दौर में हार गए थे।

दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन पर भी सभी की नजरें रहेंगी। उन्हें पहले दौर में चीन के वेंग होंग येंग से भिड़ना है। चीन के दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी वेंग ने लक्ष्य के खिलाफ पांच में से तीन मुकाबले जीते हैं और दो हफ्ते पहले मलेशिया ओपन में भी जीत दर्ज की थी। पिछले साल कनाडा ओपन में खिताब के बाद से लक्ष्य खराब दौर का सामना कर रहे हैं और लगातार आठ टूर्नामेंट में पहले दौर में बाहर हो चुके हैं।

पिछले हफ्ते लक्ष्य को इंडिया ओपन में भारतीय टीम के अपने साथी प्रियांशु राजावत के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी और दुनिया का यह आठवें नंबर का पूर्व खिलाड़ी लय हासिल करने के इरादे से उतरेगा। दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत पहले दौर में मलेशिया के ली जी जिया से भिड़ेंगे जबकि 30वें नंबर के खिलाड़ी प्रियांशु की भिड़ंत डेनमार्क के रासमुस गेम्के से होगी।

चिराग और सात्विक की गैरमौजूदगी में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला पुरुष युगल में एकमात्र भारतीय जोड़ी होगी। इस जोड़ी को पहले दौर में गोह जे फेई और नूर इज्जुद्दीन की मलेशिया की जोड़ी से खेलना है। महिला युगल और मिश्रित युगल में भारत की कोई जोड़ी नहीं उतरेगी।

## संक्षिप्त समाचार



### बच्चों से भरी बस में लगी भीषण आग, स्थानीय लोगों ने किया रेस्क्यू

**कोरबा, एजेंसी** छत्तीसगढ़ के कोरबा में बच्चों से भरी बस में आग लगने की खबर के बाद हड़कंप मच गया। पिकनिक से लौट रही बच्चों से भरी बस में अचानक आग लग गई। इस बस में शिक्षक और बच्चों को मिलाकर कुल 50 लोग सवार थे। जिसके बाद आग से जल रही बस से गांव के लोगों की मदद से रेस्क्यू कर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। बताया जा रहा है कि आग चलती बस में लगी थी। अचानक शिक्षक को पता चला की बस में आग लग गई है। उसने तुरंत बस रोकवाई। फिर सभी बच्चों को बाहर उतारा गया है।

यह सभी बच्चे पिकनिक मनाने कोरबा जिले के सतरेंगा गए थे। बस में बैठकर वह वापस लौट रहे थे। वापस लोटने के दौरान यह हादसा हुआ। जैसे है बस में आग लगने की खबर लगी। बस के भीतर चीख पुकार शुरू हो गई। राहगीरों की मदद से बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। अच्छी बात यह रही कि ड्राइवर और शिक्षक की सूझबूझ के कारण एक बड़ा हादसा होने से बच गया। घटना के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई।

### चिराग ने पीएम को लिखा पत्र, कहा- आपकी वजह से करोड़ों रामभक्तों का सपना पूरा हुआ

**पटना, एजेंसी।** अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर श्री राम मंदिर में प्रभु श्री राम की विग्रह मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने को लेकर धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा है कि आपकी वजह से करोड़ों रामभक्तों का सपना पूरा हुआ। बिहार के जमुई के सांसद चिराग ने पीएम को लिखे पत्र में कहा कि हम सभी 140 करोड़ देशवासियों के लिए अत्यंत हर्ष की बात है कि आपके नेतृत्व में रिकॉर्ड समय के अंदर अयोध्या धाम के भव्य राम मंदिर में प्रभु श्री रामलला की विग्रह मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। पत्र में कहा गया है कि आज का दिन हम सभी भारतवासियों के लिए स्वर्णिम दिन है जिसकी परिकल्पना लगभग 500 वर्षों से हमारे पूर्वज करते आ रहे थे, आज वो सार्थक हो पाया है। राम मंदिर का निर्माण हिंदुओं की आस्था से जुड़ा एक महत्त्वपूर्ण विषय है। यह आपके साहसिक प्रयासों का परिणाम है। देश की न्यायिक प्रक्रिया के ऐतिहासिक निर्णय से ही राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण संभव हो पाया है। उन्होंने यह भी लिखा है कि आज मेरे पिता रामविलास पासवान जी जीवित होते तो यकीनन वे भी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी होते। पापा आज जहां कहीं भी होंगे बहुत खुश होंगे। आज आपकी वजह से करोड़ों राम भक्तों का सपना पूरा हुआ है।



पत्र में चिराग ने पीएम को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपके कुशल मार्गदर्शन और सशक्त नेतृत्व में सैकड़ों वर्षों से चले आ रहे सामाजिक-सांस्कृतिक विसंगतियों को सफलतापूर्वक हल और देश के प्रत्येक नागरिक के सम्मान को सुरक्षित किया है।

### जाट आंदोलन का समर्थन करने पहुंचे भजपा विधायक, बोले- वाजिब है मांग, कमेटी गठित

**धौलपुर , एजेंसी।** डीग कुम्हेर से भाजपा विधायक शैलेश सिंह रविवार को जाट आरक्षण आंदोलन को समर्थन देने के लिए महापड़ाव स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि आरक्षण की मांग वाजिब है। हम सरकार से निवेदन करेंगे की दोनों जिलों के जाटों को आरक्षण देने की पहल सकारात्मक रूप से की जाए। केंद्र की ओबीसी में भरतपुर धौलपुर जिले के जाट आरक्षण की मांग कर रहे हैं। इसके लिए गांव जयचौली में महापड़ाव जारी है। सरकार की तरफ से वार्ता के लिए निमंत्रण लेकर अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक रघुवीर कबिया और वैर के उपखंड अधिकारी ललित मीणा आंदोलन स्थल पर जाट नेताओं के पास पहुंचे। ये अधिकारी सरकार की तरफ से जाट नेताओं के पास निमंत्रण लेकर पहुंचे कि मुख्यमंत्री जाट आरक्षण संघर्ष समिति से वार्ता करने के लिए तैयार हैं। उधर, इस निमंत्रण को स्वीकार करते हुए जाट आरक्षण संघर्ष समिति ने 16 सदस्यों की टीम का गठन किया है जो मुख्यमंत्री से वार्ता करने जाएगा। लेकिन महापड़ाव जारी रहेगा जब तक आरक्षण मिलने की मांग पूरी नहीं हो जाती है। फिलहाल भरतपुर धौलपुर जाट आरक्षण संघर्ष समिति ने 16 सदस्यों की टीम का गठन कर दिया है जो निमंत्रण के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से वार्ता करने के लिए जयपुर जाएंगे। भरतपुर धौलपुर जाट आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह फौजदार ने कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन जारी रहेगा और वार्ता सफल नहीं हुई तो आंदोलन उग्र भी किया जाएगा। भरतपुर धौलपुर के जाट केंद्र की ओबीसी में आरक्षण की मांग वर्ष 1998 से कर रहे हैं।

# यमुना और हिंडन डूब क्षेत्र का परिसीमन नहीं करने पर एनजीटी सख्त, डीएम को हाजिर होने के आदेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद के जिलाधिकारियों को यमुना और हिंडन नदियों के डूब क्षेत्र का परिसीमन नहीं करने को लेकर 29 जनवरी को उसके समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है। अधिकरण गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा स्थित लखनावली गांव में नदियों के डूब क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था। न्यायिक सदस्य सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने कहा कि गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद दोनों के जिला मजिस्ट्रेट को अपने-अपने जिलों में दोनों नदियों के प्रवाह के संबंध में सीमांकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के वकील ने नवंबर में दलील दी थी कि परिसीमन का कार्य दो महीने के भीतर सकारात्मक रूप से पूरा हो जाएगा और अधिकरण इस बात पर सहमत हो गया था।

अधिकरण ने पिछले सप्ताह पारित एक आदेश में कहा कि नौ जनवरी को गौतमबुद्ध नगर के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा एक स्थिति रिपोर्ट दायर की गई थी, जिसमें कहा गया था कि नदियों के डूब क्षेत्र को निर्धारित करने के लिए राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रुड़की से संपर्क किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, संस्थान ने बताया कि यमुना और हिंडन नदियों के अध्ययन के लिए क्रमशः छह और



नौ महीने की आवश्यकता होगी।

अधिकरण ने कहा- हमने पाया है कि गंगा नदी (पुनरुद्धार, संरक्षण और प्रबंधन) अधिकरण आदेश, 2016 के तहत डूब क्षेत्र के परिसीमन की जिम्मेदारी जिला मजिस्ट्रेट की है, जो जिला गंगा समिति का प्रभारी है। इसमें कहा गया है कि जहां गाजियाबाद के जिला मजिस्ट्रेट ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की, वहीं गौतमबुद्ध नगर के जिला मजिस्ट्रेट ने पूरी तरह से अनुचित आग्रह किया। अधिकरण ने कहा- इन परिस्थितियों में, हम गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद दोनों के जिला मजिस्ट्रेट को सुनवाई की अगली तारीख (29 जनवरी को) पर अधिकरण के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश देते हैं।

## सरकार की आलोचना नहीं कर सकेंगे यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर, असम में बनने जा रहा कानून

**गुवाहाटी एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कहा कि वे सरकार की आलोचना करने वाले विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों के खिलाफ कानून ला रहे हैं। सरमा ने कहा, हम उन्हें वेतन देते हैं, उन्हें आचार संहिता के तहत काम करना होगा। वे जब चाहें सरकार के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल नहीं कर सकते।

रविवार को गुवाहाटी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सरमा ने कहा कि यूनिवर्सिटी के प्रोफेसरों को सिविल सेवा नियमों के तहत लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, हम जल्द ही इस बारे में असम विधानसभा में एक विधेयक रखने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) प्रोफेसरों की नियुक्ति करता है लेकिन उनका वेतन राज्य सरकार द्वारा दिया जाता है। हालांकि, कुछ प्रोफेसर अपनी कक्षाओं से ज्यादा टीवी चैनलों पर नजर आते हैं।

सरमा ने आगे कहा, यूजीसी उन्हें शाम को पढ़ाई के लिए समय देती है, ताकि वे अपने छात्रों को बेहतर तरीके से पढ़ा सकें, लेकिन उनमें से कई सरकार के खिलाफ राय देने में व्यस्त हैं।

अगर हमें उनका वेतन देना है, तो हम कुछ अनुशासन की उम्मीद करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे इस मामले को एक साल में सुलझाने की योजना बना रहे हैं। जब तक मैं मुख्यमंत्री हूं, इसकी इजाजत नहीं दूंगा। हम एक विधेयक लाएंगे और इसे कानून द्वारा नियंत्रित करेंगे। सरमा ने कहा कि प्रोफेसर या यहां तक कि कुलपति सरकार और मुख्यमंत्री की आलोचना करना चाहते हैं, वे अपने पद से इस्तीफा देने के लिए स्वतंत्र हैं।

## दिल्ली में प्रॉपर्टी टैक्स पेयर 31 जनवरी तक कर लें, अन्यथा नहीं मिलेगी 10 प्रतिशत की छूट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यदि करदाताओं ने अपनी संपत्ति को जियोटैग नहीं किया है। तब उन्हें 30 जून से पहले संपत्ति कर जमा करने पर दी जाने वाली 10 फीसदी छूट नहीं मिलेगी। दिल्ली नगर निगम ने करदाताओं को 31 जनवरी तक अपनी संपत्ति को जियोटैग करने के लिए अनुरोध किया है। इसमें व्यावसायिक व आवासीय दोनों संपत्तियां शामिल हैं। हालांकि अभी तक अपनी संपत्ति को जियोटैग करने वालों की संख्या सीमित है। इस संबंध निगम के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया करदाता अपनी संपत्ति को जियोटैग नहीं करेंगे। तब उन्हें संपत्ति कर जमा करने पर मिलने वाली 10 फीसदी की राहत नहीं प्राप्त होगी।

**संपत्ति को जियोटैग कराना ही होगा:** अभी मौजूदा समय में 30 जून से पहले तक लोगों को अपना निर्धारित संपत्ति कर जमा करने पर यह छूट मिलती है। अब सिर्फ उन करदाताओं को संपत्ति कर 30 जून से पहले जमा करने पर 10 फीसदी की छूट मिलेगी। जिन्होंने अपनी संपत्ति को जियोटैग कर दिया है।

**80 हजार से अधिक लोगों ने किया संपत्ति का जियोटैग:** निगम के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अब तक 80 हजार से अधिक लोगों ने अपनी संपत्ति को जियोटैग किया है। निगम के डेटाबेस में लगभग 14 लाख करदाता हैं। इनमें से 13 लाख




संपत्ति को निगम ने विशिष्ट संपत्ति पहचान कोड (यूपीआईसी) जारी किया है। यूपीआईसी कोड के आधार पर करदाताओं को लगातार संपत्ति को जियोटैग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। निगम ने अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली सभी आवासीय और व्यावसायिक संपत्ति को जियोटैग करना अनिवार्य कर दिया है।

# वॉट्सएप पर साइबर अपराध और धोखाधड़ी के खिलाफ एडवाइजरी

### गृह मंत्रालय के थिंक टैंक ने यूजर्स को किया अलर्ट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले पुलिस थिंक टैंक ने वॉट्सएप पर साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी के खिलाफ एडवाइजरी और चेतावनी जारी की है। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो ने ऐसी सात प्रकार की धोखाधड़ी की पहचान की है, जिसमें मिस्ड कॉल, वीडियो कॉल, नौकरी की पेशकश, निवेश योजनाओं के नाम पर धोखाधड़ी, पहचान बदलकर जालसाजी, सेंधमारी और स्क्रीन साझा करना शामिल हैं।

गृह मंत्रालय ने दिया यह सुझाव

आठ पन्ने की एडवाइजरी और चेतावनी में कहा गया है कि हाइजैकिंग मामले के जालसाज पीड़ित के वॉट्सएप खाते तक अनधिकृत पहुंच बना लेते हैं और उनके संपर्कों से पैसे का अनुरोध करते हैं। बीपीआरडी ने कहा, कुछ लोगों को अज्ञात नंबर से वॉट्सएप वीडियो कॉल भी आए हैं। ये मूल रूप से सेक्सटार्शन आधारित वीडियो कॉल थे, जिनका उपयोग वॉट्सएप यूजर को धमकी देने के लिए किया जाता है।

बीपीआरडी ने कहा कि हैकर्स उपयोगकर्ता को ब्लैकमेल करते हैं और बदले में पैसे मांगते हैं। वॉट्सएप ने इसके खिलाफ कई सार्वजनिक अभियान शुरू किए हैं। बीपीआरडी ने कहा कि ज्यादातर वियतनाम, केन्या, इथियोपिया और मलेशिया के कोड से शुरू होने वाले नंबरों से किए गए मिस्ड कॉल के माध्यम से हैकर्स सक्रिय यूजर्स को ढूंढ़ने के लिए कोड स्क्रिप्टेड बाट का उपयोग करते हैं। इसके बाद उन्हें साइबर अपराध के लिए टारगेट करते हैं।

**पहचान बदलकर करते हैं जालसाजी:** पहचान बदलकर जालसाजी के तहत जालसाज अपने संगठन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी या वरिष्ठ अधिकारी होने का दिखावा करके पीड़ित से संपर्क करते हैं और मुख्य वित्तीय अधिकारी , मुख्य परिचालन अधिकारी , मुख्य तकनीकी अधिकारी तथा उच्च पदस्थ पुलिस और सरकारी अधिकारियों को निशाना बनाते हैं।

बीपीआरडी ने कहा कि जालसाज इंटरनेट मीडिया पर सर्फिंग करके उन कर्मियों की व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करते हैं और समान प्रोफाइल बनाते हैं और पीड़ित को समझाने के लिए किसी महत्वपूर्ण बैठक में अपनी व्यस्तता या पुराने नंबर में समस्या का हवाला देकर कुछ लिंक पर तत्कॉल पैसा भेजने की मांग करते हैं।

**स्क्रीन शेयर फीचर के माध्यम से ठगी:** एडवाइजरी में वॉट्सएप द्वारा हाल में जारी स्क्रीन शेयर फीचर के बारे में विशेष चिंता व्यक्त की गई। बीपीआरडी ने कहा कि अतीत में धोखाधड़ी के कई मामले देखे गए, जहां जालसाजों को पीड़ितों की स्क्रीन तक पहुंच मिल गई। इसमें कहा गया है कि जालसाज खुद को बैंकों, वित्तीय संस्थानों, सरकारी निकायों के अधिकारी बताते हुए पीड़ित को अपनी स्क्रीन साझा करने के लिए मना लेते हैं। इसके बाद एक एप या साफ्टवेयर गुप्त रूप से इंस्टाल कर पीड़ित की संवेदनशील जानकारी जैसे बैंक विवरण, पासवर्ड और बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच बना ली जाती है।

**क्या करें और क्या न करें:** एडवाइजरी में उपयोगकर्ताओं को अपने वॉट्सएप खाते पर टू फैक्टर प्रमाणीकरण या 2एफए सक्रिय करने के लिए कहा गया है। संदिग्ध या अज्ञात वॉट्सएप कॉल का उत्तर न देने और ऐसे नंबरों को ब्लाक करने का सुझाव दिया है। इसमें कहा गया कि वॉट्सएप से जुड़े अधिकारियों को इस डेटा उल्लंघन अधिनियम के प्रति पहले ही सूचित किया जा चुका है।

# राम लल्ला के आगमन पर अमेरिका बन गया अयोध्या !

### मनाई गई दीवाली, टाइम्स स्क्वायर में बंटे लड्डू

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** आज 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम की धूम देश-विदेश में देखने को मिल रही है। राम लल्ला के आगमन पर अमेरिका में भी उत्सव मनाए जा रहे हैं और दीवाली मनाई गई।

इस ऐतिहासिक अवसर का जश्न मनाने के लिए संयुक्त राज्य भर में लगभग एक दर्जन कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। न्यूयॉर्क टाइम्स स्क्वायर से बोस्टन तक, साथ ही वाशिंगटन, डीसी, लॉस एंजिल्स और सैन फ्रांसिस्को में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जो उसी समय होंगे जब भारत में समारोह होगा। टेक्सास, इलिनोइस, न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और जॉर्जिया सहित अन्य राज्यों में बिलबोर्ड लगाए गए हैं।

न्यूयॉर्क में ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ राम मंदिर के सदस्यों ने राम मंदिर के उद्घायन की खुशी में टाइम्स स्क्वायर में लड्डू बांटे। संस्था के सदस्य प्रेम भंडारी ने बताया कि यह कार्यक्रम अमेरिका में भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। उन्होंने दुनिया भर के लोगों को इस आयोजन से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी सराहना की। प्रेम भंडारी ने कहा, हमने कभी नहीं सोचा था कि हम अपने जीवनकाल में इस दिव्य दिन के साक्षी बनेंगे।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह शीघ्र ही होगा। टाइम्स स्क्वायर में भी लोग इसका जश्न मना रहे हैं और यह जगह किसी अयोध्या से कम नहीं लग रही है। भारतीय प्रवासी लोग विभिन्न स्थानों पर इस कार्यक्रम का जश्न मना रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि भगवान राम वनवासके बाद लौट रहे हैं और यह सब पीएम मोदी के नेतृत्व के कारण हो रहा है। उन्होंने दुनिया भर में पूरे माहौल को राममय कर दिया है। उन्होंने न केवल 140 करोड़ लोगों को जोड़ा है, बल्कि देश को भी जोड़ा है। विदेशों में भी भारतीय प्रवासी इस आयोजन के साथ हैं। यह दिन दिवाली से कम नहीं है।




विश्व हिंदू परिषद , यूएस चैप्टर ने पूरे अमेरिका के हिंदुओं के साथ मिलकर, 10 राज्यों और उससे अधिक में 40 से अधिक बिलबोर्ड लगाए हैं, जो श्री राम के जन्मस्थान पर भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर संदेश दे रहे है। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के उपलक्ष्य में, पूरे अमेरिका में हिंदू अमेरिकी समुदाय ने कई कार रैलियां आयोजित की हैं और अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के लिए कई और कार्यक्रमों की योजना बनाई है। विशेष रूप से, प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया 16 जनवरी से शुरू हो चुकी है।

## पाकिस्तान में लोकतंत्र की हत्या, आम चुनावों में अल्पसंख्यक उम्मीदवारों को वोट न देने का फतवा जारी

**इस्लामाबाद, एजेंसी** पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले आम चुनावों से पहले अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरती व विचलित करने वाली सामग्री का लगातार प्रसारण हो रहा है। इसी क्रम में कराची की एक इस्लामिक संस्था की तरफ से जारी एक फतवा सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें अल्पसंख्यक प्रत्याशियों को वोट न देने की चेतावनी दी गई है।

**तूफान के कारण डबलिन हवाई अड्डे पर 102 उड़ानें रद्दः** तूफान ईशा के कारण रविवार को डबलिन हवाईअड्डे पर एयरलाइंस ने 102 उड़ानें रद्द कर दीं। इसके अलावा एम्स्टर्डम के शिफोल हवाईअड्डे ने एहतियात के तौर पर सोमवार के लिए निर्धारित 130 उड़ानें रद्द कर दीं, क्योंकि तूफान ईशा के नीदरलैंड पहुंचने पर तेज हवाएं चलने की आशंका है।

डबलिन हवाईअड्डे ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि तूफान ईशा के कारण 24 उड़ानों को रद्द करना पड़ा, जबकि 27 उड़ानों को अन्य हवाईअड्डों की ओर डायवर्ट करना पड़ा। आयरलैंड की राष्ट्रीय मौसम विज्ञान सेवा मेट ईरेन ने रविवार तड़के डबलिन सहित देश के अधिकांश हिस्सों के लिए मौसम की चेतावनी जारी की थी, जबकि पश्चिम और उत्तर-पश्चिम के हिस्सों के लिए चेतावनी की प्रकृति अधिक गंभीर थी। लाल चेतावनी के तहत रखा गया था। कैलिफोर्निया सोल व वूमन ऑफ द गेटो के गानों की मशहूर गायिका मार्लेना शॉ का निधन हो गया। वह 81 वर्ष की थीं। शॉ की बेटी मार्ला ब्रैडशॉ ने शुक्रवार को सोशल मीडिया में यह जानकारी साझा की।

### इजराइली सैनिकों ने फिलिस्तीनियों के 16 कब्रिस्तान तोड़े

# नेतन्याहू बोले- जंग नहीं रोकेंगे; गाजा में अब तक 25 हजार लोगों की मौत

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइली सेना ने गाजा में कम से कम 16 कब्रिस्तानों में फिलिस्तीनियों की कब्र तोड़ी। अमेरिकी मीडिया हाउस ष्टहह के मुताबिक उन्होंने कई वीडियोज और सैटेलाइट तस्वीरें देखी हैं। इनमें इजराइली सैनिकों की तोड़ी गई कब्रें दिखाई दे रही हैं।

सैनिकों ने मारे गए लोगों को कब्र से भी निकाला। संयुक्त राष्ट्र संघ ने कहा है कि गाजा में जो कुछ हो रहा है वो किसी जनसंहार से कम नहीं है। गाजा में 7 अक्टूबर से शुरू हुई जंग में अब तक 25 हजार फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं।

दूसरी तरफ, नेतन्याहू ने जंग रोकने से इनकार कर दिया है। हमास ने बंधकों के बदले जंग रोकने की मांग की थी। नेतन्याहू ने कहा कि उन्हें अलग फिलिस्तीन देश की मांग मंजूर नहीं है।



वहीं, इजराइली सेना ने रविवार को लेबनान में आतंकी संगठन हिजबुल्लाह के कई ठिकानों पर हमले किए। इसमें अब तक दो आतंकियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि, इस आतंकी संगठन को आर्थिक तौर पर जबरदस्त नुकसान हुआ है।

**हमास ने माना 7 अक्टूबर को गलतियां भी हुईः** इजराइल और हमास के बीच 7 अक्टूबर 2023 से जंग जारी है। ये वही दिन था, जब हमास के आतंकियों ने इजराइल में घुसकर हमले किए थे और इसमें 1200 इजराइली नागरिक मारे गए थे। 234 लोगों को किडनैप किया गया था। इनमें से 130 अब भी हमास की कैद में हैं।

हमास ने पहली बार इस हमले पर बयान दिया है। 16 पेज के इस बयान के मुताबिक- इजराइल गाजा और फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ कई साल से साजिश रच रहा है और 7 अक्टूबर को पहली बार इसका जवाब दिया गया।

बयान में आगे कहा गया- ऑपरेशन अल अक्सा फ्लड के दौरान हंगामा हुआ और इसकी वजह से कुछ गलतियां भी हुईं। इजराइली सेना भी परेशान हो गई थी। हम अपना टारगेट हासिल नहीं कर पाए। इजराइल के पास अब भी वक्त है कि वो सीजफायर के लिए तैयार हो जाए। हम तब तक जंग जारी रखेंगे।

अंग्रेजी और अरबी में जारी बयान में हमास ने कहा- इजराइल के खिलाफ एक्शन जरूरी था, क्योंकि उसने फिलिस्तीन के इलाकों पर कब्जा कर रखा है। इजराइल को गाजा में कार्रवाई फौरन बंद करनी चाहिए। वहां नरसंहार किया जा रहा है। गाजा के फ्यूचर के बारे में इजराइल या दुनिया की दूसरी ताकतें फैसला नहीं कर सकतीं। फिलिस्तीन के लोग खुद अपने फ्यूचर के बारे में फैसला करेंगे।

**चार देश सीजफायर के लिए तैयारी कर रहेः** 'टाइम्स ऑफ इजराइल' की एक रिपोर्ट के मुताबिक- अमेरिका, कतर, इजिप्ट और तुर्किये एक सीक्रेट डिप्लोमैटिक मिशन में जुटे हैं। इसका मकसद ये है कि गाजा में जल्द से जल्द सीजफायर कराया जाए।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129